हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

11 सेरेना- शुआई की फेहरिस्त में ...



विचार

06 देश सेवा के 25...

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026



सीएम यूथ कॉन्क्लेव -2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाल परेड मैदान में 20 हजार से ज्यादा युवाओं से किया सीधा संवाद, लाल परेड मैदान युवाओं के उत्साह, उमंग और ऊर्जा से सराबोर रहा



युवा वर्ष के रूप में मनाएंगे 2027 एमपीपीएससी की होंगी दो परीक्षाएं

सीएम के ऐलान

- राज्य स्तर पर बनेगा 5 करोड़ रूपए का आइडिया फंड
- प्रदेश में एक साल में खुलेंगे 12 नए मेडिकल कॉलेज और 12 नए विश्वविद्यालय
- शोधार्थियों को मिलने वाली राशि 16 हजार से बढ़ाकर होगी 25 हजार
- प्रदेश के एक लाख युवाओं को कौशल उन्नयन योजना से जोड़ा जाएगा
- प्रदेश के सभी जिलों में मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जुबिन नौटियाल के साथ छात्रों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया

मुख्यमंत्री ने रोबोट से हाथ मिलाया और उसके साथ वॉक भी की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से बड़े भाई के रूप में बातचीत की। वे रैंप पर चलते हुए छात्रों के बीच पहुंचे, छात्रों से हाथ मिलाया और उनसे अनौपचारिक लहजे में संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं को मंच पर बुलाकर उनसे, उनके सपनों, आकांक्षाओं और राज्य सरकार से अपेक्षाओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात दी है। राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मंगलवार को आयोजित सीएम यूथ कॉन्क्लेव -2026 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2027 प्रदेश में युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और एक वर्ष में मप्र लोक सेवा आयोग की एक नहीं, दो परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही प्रदेश में 12 नए मेडिकल कॉलेज और रोजगारपरक कोर्स के लिए 12 नए विश्वविद्यालय आरंभ किए जाएंगे, जो कौशल उन्नयन पर केंद्रित होंगे। प्रदेश के एक लाख युवाओं को कौशल उन्नयन योजना से जोड़ा जाएगा। युवा वर्ष 2027 के लिए एक पोर्टल की ⏭ शेष पेज 4 पर



युवा वर्ष 2027 के लिए एक पोर्टल की भी शुरूआत की जाएगी, जिसमें युवा अपने विचार और सुझाव दे सकेंगे

युवाओं से मिलते सीएम



युवाओं में उत्साह

बेहतर प्लेसमेंट के लिए विशेष एजेंसी तय करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के शासकीय महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। कॉलेजों में विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए विशेष एजेंसी निर्धारित की जाएगी, जो युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए काम करेगी। स्नातकोत्तर की छात्राओं को गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना में शामिल किया जाएगा। सभी सरकारी कॉलेजों में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और एडवांस कम्प्यूटिंग लैब की स्थापना की जाएगी।

प्रत्येक संभाग में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं स्टार्टअप आइडिया को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर 5 करोड़ रु. का आइडिया फंड बनाया जाएगा। विवि स्तर भी शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रदेश में 500 नई इकाइयां बनाई जाएंगी। प्रत्येक संभाग में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे। ⏭ पढ़ें पेज 03 भी



रोबोट की मौजूदगी

यूथ आइकॉनिक सिंगर जुबिन नौटियाल ने बांधा समां

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सीएम यूथ कॉन्क्लेव में यूथ आइकॉनिक सिंगर जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे द्वारा मंत्रमुग्ध करने वाली सांस्कृतिक ⏭ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बिटचैट को प्ले स्टोर और एपल स्टोर से हटाया

नई दिल्ली। भारत सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के मद्देनजर ब्लूटूथ आधारित मैसेजिंग एप



बिटचैट को गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर से हटा दिया है। बिटचैट इंटरनेट आधारित मैसेजिंग से अलग काम करता है। ब्लूटूथ के जरिए आपस में जुड़कर संदेश भेज सकते हैं।

प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें

मुंबई में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री सीधा संवाद करेंगे कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले उद्योग समूहों के साथ संपर्क बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

मप्र में निवेश के लिए उपलब्ध अवसरों और औद्योगिक संभावनाओं को देश के प्रमुख उद्योग समूहों तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 अक्टूबर को मुंबई में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। द सेंट रेजिस, लोअर परेल में आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों पर संवादात्मक सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों के साथ वन टू वन बैठकें करेंगे और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे। मुंबई देश के प्रमुख औद्योगिक ⏭ शेष पेज 4 पर

मंडलोई प्रस्तुतिकरण देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इसके बाद मप्र में निवेश अवसरों पर केंद्रित प्रस्तुतिकरण और विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा ⏭ शेष पेज 4 पर

मोदी के 25 साल के नेतृत्व पर कैबिनेट ने दी बधाई

'गुजरात मॉडल' से विकसित भारत के संकल्प तक गिनाईं उपलब्धियां



- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटिजन फर्स्ट' को बताया नेतृत्व का आधार
- विकास, गरीब कल्याण, तकनीक, सुरक्षा और वैश्विक भूमिका का किया उल्लेख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को सरकार के मुखिया के रूप में उनके लगातार 25 वर्ष पूरे करने पर बधाई प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में मोदी के नेतृत्व को 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटिजन फर्स्ट' की भावना पर आधारित बताते हुए गुजरात से राष्ट्रीय स्तर तक उनके नेतृत्व सफर का उल्लेख किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि गुजरात में तीन बार मिले जनादेश और लगातार तीन लोकसभा चुनावों में जनता के समर्थन ने उनके नेतृत्व में विश्वास को दर्शाया। गुजरात की स्वागतम प्रणाली और ज्योतिग्राम योजना जैसी पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जनधन योजना, आवास, पीएम-किसान और लखपति दीदी जैसी योजनाओं से ⏭ शेष पेज 4 पर

वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम.डी. सुभाष गोयल ने की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, होम रैमिडीज़ पर हुई चर्चा



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में बुलाकर सम्मानित करते हुए



सुभाष गोयल इन दिनों XN-PRASH च्यवनप्राश को लेकर चर्चा में है। इसी के चलते वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल तथा उनकी बेटी डा. मिशेल गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन में बुलाया गया, इस दौरान भारतीय रसोई, स्वस्थ जीवनशैली व घरेलू रैमिडीज़ पर विस्तार से बात-चीत की।

बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

ब्लैक होल, सक्रिय आकाशगंगाओं और अन्य खगोलीय घटनाओं के बारे में बताएगा 'न्यूट्रिनो'



फ्रांसिस हाल्जेन

आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला में निर्णायक योगदान और ब्रह्मांडीय स्रोतों से आने वाले हाई-एनर्जी न्यूट्रिनो की खोज के लिए सम्मान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के प्रोफेसर फ्रांसिस हैल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने उन्हें आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला में निर्णायक योगदान और खगोलीय स्रोतों से आने वाले उच्च-ऊर्जा न्यूट्रिनो की खोज के लिए सम्मानित किया है।

हैल्जेन आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला के प्रमुख वैज्ञानिक हैं। दक्षिणी ध्रुव पर करीब एक घन किलोमीटर बर्फ के भीतर हजारों प्रकाश सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसरों की मदद से वैज्ञानिक उन न्यूट्रिनो का पता लगाते हैं, जो ब्रह्मांड की अत्यंत ऊर्जावान घटनाओं से निकलते हैं। न्यूट्रिनो बेहद कम द्रव्यमान वाले कण हैं और पदार्थ के साथ बहुत कम प्रतिक्रिया करते हैं, इसलिए उन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल होता है। हैल्जेन ने 1988 में दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो वेधशाला बनाने का विचार रखा था। जब कोई ⏭ शेष पेज 4 पर

ब्रह्मांड के 'प्राकृतिक कण त्वरक' की खुली खिड़की

वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में ऐसे प्राकृतिक कण त्वरक मौजूद हैं, जहां धरती की प्रयोगशालाओं से कहीं अधिक ऊर्जा वाले कण पैदा होते हैं। न्यूट्रिनो इन अत्यधिक ऊर्जावान घटनाओं से निकलकर लगभग बिना रास्ता बदले पृथ्वी तक पहुंच सकते हैं। इसी वजह से वे वैज्ञानिकों को ब्लैक होल, सक्रिय आकाशगंगाओं और अन्य शक्तिशाली खगोलीय घटनाओं के बारे में ऐसी जानकारी देते हैं, जो केवल प्रकाश के अध्ययन से हासिल करना मुश्किल है। भौतिकी के क्षेत्र में यह उपलब्धि न्यूट्रिनो खगोल विज्ञान में एक नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। हैल्जेन के नेतृत्व में विकसित आइसक्यूब ने ब्रह्मांड को समझने के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर

इंदिरा एकादशी पर मंदिरों में 56 भोग पितरों की मुक्ति के लिए रखा व्रत



इंदिरा एकादशी बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार व अभिषेक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा एकादशी मंगलवार को राजधानी के श्रीकृष्ण व बाबा खाटू श्याम मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान को 56 भोग लगाया गया। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि हिन्दू धर्म में एकादशी व्रत महत्वपूर्ण माना गया है। यह तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इंदिरा एकादशी आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में पितृ पक्ष के दौरान आती है।

भोपाल के घाटों पर सुबह से उमड़ रही भीड़, वीडियो कॉल से करा रहे श्राद्धकर्म

पितृ पक्ष में ऑनलाइन तर्पण का बढ़ा चलन, घर से दूर फिर भी पितरों का तर्पण... ऑनलाइन जुड़ रहे यजमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पितृ पक्ष शुरू होते ही शहर के घाटों पर पितरों के निमित्त तर्पण और श्राद्धकर्म का सिलसिला तेज हो गया है। सुबह होते ही शीतलदास की बगिया, खटलापुरा और गिन्नौरी घाट सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो जाता है। वहीं, बदलते समय के साथ तर्पण का तरीका भी बदल रहा है। शहर से बाहर रहने वाले कई लोग अब भोपाल आए बिना ही ऑनलाइन माध्यम से पंडितों से तर्पण और श्राद्धकर्म करवा रहे हैं।

कोरोना काल में मजबूरी के तौर पर शुरू हुआ ऑनलाइन तर्पण अब धीरे-धीरे लोगों के लिए सुविधाजनक विकल्प बनता जा रहा है। बाहर रहने वाले यजमान वीडियो कॉल के जरिए पंडितों से जुड़ते हैं और अपनी ओर से तर्पण की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। इस बार भी घाटों पर ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन तर्पण कराने वाले यजमान पहुंच रहे हैं।

घाटों पर सुबह से शुरू हो जाता है तर्पण

पितृ पक्ष के दिनों में शहर के प्रमुख घाटों पर सुबह से ही श्राद्धकर्म कराने वालों की भीड़ दिखाई दे रही है। शीतलदास की बगिया, खटलापुरा और गिन्नौरी घाट पर लोग अपने पूर्वजों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और अन्य श्राद्धकर्म कर रहे हैं। कई परिवार अपने निर्धारित तिथि के अनुसार घाटों पर पहुंचकर विधि-विधान से कर्मकांड करा रहे हैं।

रोज करीब 100 लोग करा रहे ऑफलाइन तर्पण

गिन्नौरी घाट पर श्राद्ध-तर्पण कराने वाले पं. अशोक शर्मा के अनुसार, रोजाना करीब 100 लोग घाट पर पहुंचकर ऑफलाइन तर्पण करा रहे हैं। वहीं, शहर से बाहर रहने वाले कुछ यजमान ऑनलाइन माध्यम से भी इस प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उनके अनुसार कोरोना काल में जब आवाजाही सीमित थी और कई लोग अपने शहर नहीं पहुंच पा रहे थे, तब ऑनलाइन तर्पण की शुरूआत की गई थी। इसके बाद से इसका चलन बना हुआ है। उन्होंने बताया कि फिलहाल रोजाना करीब 2 से 3 यजमान ऑनलाइन जुड़कर तर्पण करा रहे हैं।

शहर में पेड़ काटने पर सुनवाई

एनजीटी: 80 हजार पौधों के रोपण व करोड़ों के फंड का हिसाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के क्षेत्रों में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) सहित अन्य प्रोजेक्ट के तहत बड़े पैमाने पर हुई पेड़ों की कटाई के बदले किए जाने वाले क्षतिपूर्ति पौधरोपण मामले में नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। एनजीटी ने 80 हजार पौधों के रोपण, करोड़ों के फंड का हिसाब मांगा है। पर्यावरणविद् नितिन सक्सेना विरुद्ध एनएचएआई व अन्य से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति श्योकुमार सिंह, विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने आदेश पारित किया।



सूखे पौधे का हिसाब रखने को कहा

बेंच ने भोपाल नगर निगम और डीएफओ को निर्देश दिए कि पिछले 5 वर्षोंमें रोपे गए उन सभी पौधों का हिसाब लगाया जाए, जो पानी या रखरखाव के अभाव में सूख गए हैं। उपलब्ध बजट की बचत राशि से तुरंत कैजुअल्टी रिप्लेसमेंट (मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे) किया जाए, ताकि 100 प्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित हो सके।

सेवा संकल्प अभियान रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहण



भोपाल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत कॉलेज के एनसीसी एवं एनएसएस विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. माया बकोरिया एवं एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेते हुए रक्तदान किया। साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.एस नरवरिया तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त का संग्रहण शिविर के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना मिश्रा की उपस्थिति रही। साथ ही प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार घोष, पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं डॉ. ममता कुशगोटिया ने सहयोग दिया। रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस विभाग के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ।

राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय संगोष्ठी नाड़ी विश्लेषण-2026 का शुभारंभ

नाड़ी विश्लेषण कम खर्चीली, बिना शारीरिक नुकसान की जांच विधि: राज्यपाल मंगुभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नाड़ी विश्लेषण विज्ञान, भारत की समृद्ध चिकित्सकीय ज्ञान परंपरा है। यह विज्ञान के साथ भारतीय ज्ञान की गौरवशाली विरासत भी है। आधुनिक तकनीक और आयुष विज्ञान के साथ नाड़ी विश्लेषण को जोड़ना और विस्तारित करना स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत बनाने का मार्ग है। यह उद्गार पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी नाड़ी विश्लेषण-2026 का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। मंगुभाई पटेल ने संगोष्ठी के आयोजन की सराहना कर कहा कि सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य की पूर्ति में आयुर्वेद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह स्वस्थ जीवनशैली और स्व-देखभाल को बढ़ावा देता है। नाड़ी विश्लेषण, कम खर्चीली, बिना किसी शारीरिक नुकसान की जांच विधि है, जिसमें जटिल उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती है। इसलिए नाड़ी विश्लेषण ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सस्ती, सुलभ और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा जन स्वास्थ्य को नया आयाम दे सकती है।



पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय में नाड़ी विश्लेषण-2026 संगोष्ठी में अलंकृत करते राज्यपाल पटेल व विधायक सबनानी।

36 बीमारियों के पैटर्न पहचानने का दावा

संगोष्ठी में एक नाड़ी विशेषज्ञ ने करीब 36 बीमारियों और स्वास्थ्य स्थितियों के अलग-अलग नाड़ी पैटर्न पहचानने का दावा किया। उन्होंने बताया कि किसी पैटर्न को मान्य मानने से पहले कम से कम 20 मरीजों पर उसके अनुभव का इंतजार किया जाता है। इस विषय पर उनका शोध पत्र प्रकाशित हो चुका है और पुस्तक भी लिखी गई है।

केवल डेटा के आधार पर पूरी तरह नहीं समझा जा सकता शरीर

संगोष्ठी में उत्तराखंड के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी वैद्य नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि तकनीक नाड़ी परीक्षण को दर्ज करने, पैटर्न समझने और उसका विश्लेषण करने में मदद कर सकती है, लेकिन शरीर और भावनाओं से जुड़े पहलुओं को केवल डेटा के आधार पर पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। इसलिए एआई को सहायक के रूप में देखा जाना चाहिए, वैद्य के विकल्प के रूप में नहीं। उन्होंने कहा कि नाड़ी परीक्षण में लगातार अभ्यास जरूरी है और विशेषज्ञता अनुभव से विकसित होती है। उनके अनुसार सुबह का समय नाड़ी परीक्षण के लिए उपयुक्त माना जाता है।

नाड़ी देखकर शरीर में होने वाले असंतुलन के संकेतों को समझने की परंपरा

संगोष्ठी नाड़ी विश्लेषण-2026 में देशभर से आए विशेषज्ञों ने कहा कि नाड़ी देखकर शरीर में होने वाले असंतुलन के संकेतों को समझने की परंपरा है, लेकिन इसे व्यापक स्तर पर स्वीकार्य बनाने के लिए इसके निष्कर्षों को वैज्ञानिक तरीके से दर्ज और प्रमाणित करना जरूरी है। विशेषज्ञों ने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता नाड़ी परीक्षण में सहायता कर सकती है, लेकिन वैद्य के अनुभव और स्पर्श की जगह नहीं ले सकती।

तीन उंगुलियों से वात पित्त, कफ का आकलन

संगोष्ठी में बताया गया कि पारंपरिक पद्धति में तर्जनी, मध्यमा और अनामिका उंगली से क्रमशः वात, पित्त और कफ की स्थिति महसूस करने की बात कही गई है। नाड़ी की गति और स्वरूप के आधार पर शरीर की स्थिति समझने का प्रयास किया जाता है। विशेषज्ञों ने कुछ नाड़ी पैटर्न को मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकार, अम्लता, त्वचा संबंधी परेशानी, दर्द और कब्ज जैसी स्थितियों के संकेतों से जोड़ने की जानकारी दी।

यह रहे उपस्थित

संगोष्ठी में विधायक भगवानदास सबनानी, आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन, आयुष आयुक्त आर. उमा महेश्वरी और संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला सहित देशभर के विशेषज्ञ और विद्यार्थी शामिल हुए।

अयोध्या बायपास की स्थिति पर मांगी रिपोर्ट

पीएनजी नहीं पहुंची, एलपीजी बंद करने पर हाईकोर्ट सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने जिन क्षेत्रों में पीएनजी उपलब्ध नहीं है, वहां एलपीजी सप्लाई बंद किए जाने के आरोप पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई में पूछा कि यदि एलपीजी भी बंद कर दी जाए और पीएनजी उपलब्ध न हो तो लोगों के चूल्हे कैसे जलेंगे। सरकार की ओर से बताया गया कि एलपीजी बंद करने की कार्रवाई उन्हीं क्षेत्रों में की जा रही है, जहां पीएनजी उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। कोर्ट ने ऐसा क्षेत्र बताने को कहा, जहां पीएनजी उपलब्ध कराए बिना एलपीजी सप्लाई रोकी गई हो।

याचिकाकर्ता अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस की ओर से भोपाल के अयोध्या बायपास क्षेत्र का उदाहरण देते हुए दावा किया कि कई कालोनियों में अभी पीएनजी कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, इसके बावजूद एलपीजी सप्लाई बंद की जा रही है। कोर्ट ने सरकार से इसकी वास्तविक स्थिति बताने को कहा है। सरकार बुधवार, सात अक्टूबर को रिपोर्ट पेश करेगी।



अयोध्या बायपास में फूटी थिंक गैस की पाइपलाइन

भोपाल। अयोध्या बायपास में एनएचएआई के कॉन्ट्रैक्टर्स द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण के काम के दौरान थिंक गैस की पाइपलाइन नेटवर्क को बार बार नुकसान पहुंच रहा है, जिससे बीते दो दिन से इलाके के करीब दो हजार घरों में गैस सप्लाई प्रभावित हुई है। थिंक गैस ने हर घटना पर कार्रवाई करते हुए, तय सेफ्टी प्रोटोकॉल के अनुसार पाइपलाइन की मरम्मत और सप्लाई बहाल करने का काम किया गया। बार-बार हो रही इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि भूमिगत गैस पाइपलाइन्स के आसपास काम करते समय ज्यादा सावधानी बरतने और तय सेफ्टी प्रैक्टिस का पालन करने की जरूरत है। बार-बार दी गई इन सलाह के बावजूद, खुदाई के काम में एक्सकेवेटर जैसी भारी मशीनों के इस्तेमाल से पाइपलाइन को कई बार नुकसान पहुंचा है।

गरबा महोत्सव में मुंबई से बॉलीवुड और टीवी अभिनेत्रियां अपनी प्रस्तुति से मचाएंगी धूम

भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव 12 से

1000 से अधिक प्रतिभागी ले रहे प्रशिक्षण, 10-11 अक्टूबर को फाइनल रिहर्सल, गुजरात की पारंपरिक थीम पर होंगी प्रस्तुतियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के जम्बूरी मैदान पर 12 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में मुंबई से बालीवुड अभिनेत्रियां और टीवी कलाकार धूम मचाने आ रही हैं। 14 अक्टूबर को टीवी अभिनेत्री भाभी जी घर पर हैं फेम सिवांगी अत्रे, 16 अक्टूबर को बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा शर्मा, 17 अक्टूबर को टी वी अभिनेत्री कविता कौशिक और 18 अक्टूबर को बॉलीवुड अभिनेत्री काम्या पंजाबी अपनी प्रस्तुति देने आ रही हैं।

गरबा महोत्सव का तीसरा भव्य आयोजन

महोत्सव का तीसरा भव्य आयोजन होने जा रहा है। समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि 1000 से ज्यादा ट्रेरनी प्रतिभागियों के साथ गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शहर में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्रों पर 1000 से अधिक प्रतिभागी अहमदाबाद, गुजरात से आई विशेष प्रशिक्षित टीम से गरबा के नए स्टेप्स और सुर-ताल सीख रहे हैं। 10- 11 अक्टूबर को सवा लाख वॉट साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड के साथ फायनल रिहर्सल होगी। 12 से 18 अक्टूबर तक मुख्य गरबा महोत्सव आयोजित होगा। इस दौरान गुजरात की पारंपरिक थीम पर डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस बार प्रतिभागी अलग-अलग पारंपरिक परिधानों में गरबा करते नजर आएंगे।

85 फीट ऊंचे धाम में होंगे बाबा केदारनाथ के दिव्य दर्शन

भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी झांकी बाबा केदारनाथ की भव्य झांकी का निर्माण किया जा रहा है। 85 फीट ऊंचे धाम में 11 से 20 अक्टूबर तक शहरवासियों को बाबा केदारनाथ के दिव्य दर्शन होंगे। आयोजकों के अनुसार करीब 55 लाख रुपए की लागत से यह झांकी तैयार की जा रही है।

फार्म 6 के साथ नहीं लिया जाएगा घोषणा पत्र

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल से वर्चुअल बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूरे प्रदेश में 7, 8 और 9 अक्टूबर को पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रदेश के प्रत्येक मतदान केंद्र में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान किसी भी मतदाता से फार्म 6 के अलावा घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। झा ने कहा कि जिन युवाओं की उम्र 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की है गई, उनके भी फॉर्म लिए जाएंगे। इसके साथ ही 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एडवांस में फॉर्म जमा कराए। कोई भी मतदाता voters.eci.gov.in पर अथवा ECINET mobile app पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

कल से आयुष्मान योजना से इलाज बंद कर करेंगे आंदोलन

एंबुलेंस रैली निकालकर प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने लगाए आंदोलन के पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एनएबीएच की अनिवार्यता समाप्त करने, आयुष्मान योजना का लंबित भुगतान करने की मांग को लेकर प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने आक्रोश एंबुलेंस रैली निकाल कर विरोध जताया।

अस्पताल संचालकों ने एंबुलेंस रैली निकाल कर 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले आंदोलन के पोस्टर शहर में लगाए। बतादें कि 8 अक्टूबर से राजधानी समेत प्रदेश भर के प्राइवेट अस्पतालों में आष्युमान योजना से इलाज बंद कर दिया जाएगा। निजी अस्पताल संगठनों के आंदोलन के समर्थन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन (यूपीएचडीए) सहित विभिन्न अस्पताल संगठनों ने घोषणा की है। यूपीएचडीए के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल और सचिव डॉ. जीशान अहमद ने बताया कि निजी अस्पतालों के पुराने एवं वर्तमान पोर्टल पर लंबित भुगतान, सीपीडी स्तर पर अटके क्लेम, क्लेम रिजेक्शन और अनावश्यक कटौतियों सहित कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य आयुक्त के समक्ष ज्ञापन, बैठकों, प्रतिनिधिमंडलों और सांकेतिक विरोध के माध्यम से लगातार समस्याएं रखी गई, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हो सका। अगर मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 8 अक्टूबर को एक हजार एंबुलेंस लेकर दिल्ली के प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचेंगे।



आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान और एनएबीएच की अनिवार्यता के विरोध में एंबुलेंस रैली निकालकर प्रदर्शन करते निजी अस्पताल संचालक।

तीसरी रेल लाइन जुड़ने से बढ़ेगी यार्ड की क्षमता, भोपाल मंडल की कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

बीना और आगासौद स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन को जोड़ रहे

बीना यार्ड रीमॉडलिंग के चलते 16 अक्टूबर तक रेल यात्रियों की बढ़ेगी आफत, तीसरी लाइन के काम की वजह से 20 ट्रेनें हुईं रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेल मंडल बीना और आगासौद स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्य का असर अक्टूबर में भी रेल यात्रियों पर रहेगा। प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल होकर चलने वाली 20 यात्री ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में निरस्त किया गया है।



इनमें मेमू, इंटरसिटी, एक्सप्रेस, हमसफर, राज्यरानी और महामना एक्सप्रेस शामिल हैं। ट्रेनों के निरस्तीकरण का असर 16 अक्टूबर तक रहेगा। भोपाल रेल मंडल की ट्रेनों के निरस्त रूट डायवर्ट होने के चलते अभी 9 दिन और यात्रियों को थोड़ी सी परेशानी का समाना करना पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बीना एवं आगासौद स्टेशन पर चल रहे, इस अधोसंरचना कार्य का उद्देश्य यार्ड की क्षमता बढ़ाना और ट्रेनों के संचालन को अधिक सुगम बनाना है। काम पूरा होने के बाद ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान और ठहराव का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। साथ ही भविष्य में बढ़ने वाले रेल यातायात को संभालने में भी रेलवे को सुविधा मिलेगी।

इन ट्रेनों पर रहेगा असर

- 64618 ललितपुर-बीना मेमू : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 64617 बीना-ललितपुर मेमू : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 61619 बीना-कटनी मुड़वारा मेमू : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 61620 कटनी मुड़वारा-बीना मेमू : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस : 6 से 14 अक्टूबर तक निरस्त।
- 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 61611 बीना-रूठियाई मेमू : 6 से 16 अक्टूबर तक निरस्त।
- 61612 रूठियाई-बीना मेमू : 6 से 16 अक्टूबर तक निरस्त।
- 61625 बीना-रूठियाई मेमू : 6 से 16 तक निरस्त।
- 61626 रूठियाई-बीना मेमू : 6 से 16 तक निरस्त।
- 12197 भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी : 6 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 11086 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस : 9 अक्टूबर को निरस्त।
- 11085 एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस : 11 अक्टूबर को निरस्त।
- 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर : 14 अक्टूबर को निरस्त।
- 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर : 15 अक्टूबर को निरस्त।
- 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस : 9 से 15 अक्टूबर तक निरस्त।
- 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस : 10 से 16 अक्टूबर तक निरस्त।
- 22163 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस : 15 अक्टूबर को निरस्त।
- 22164 खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस : 15 अक्टूबर को निरस्त।

यार्ड की क्षमता बढ़ेगी...

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के अनुसार यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद बीना और आगासौद स्टेशनों की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान और ठहराव का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। रेल परिचालन की दक्षता, विश्वसनीयता और समयपालन में सुधार के साथ भविष्य में बढ़ने वाले यातायात को भी अधिक सुगमता से संचालित किया जा सकेगा।

इटारसी होकर एलटीटी दानापुर के बीच रोज चलेगी स्पेशल ट्रेन, 44 फेरे

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से दानापुर के बीच चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन इटारसी, जबलपुर और सतना होकर प्रतिदिन चलेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 44-44 फेरे लगाएगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 01143 एलटीटी-दानापुर स्पेशल 9 अक्टूबर से 21 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन एलटीटी से सुबह 10:30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रात 8:50 बजे इटारसी पहुंचेगी। अगले दिन सुबह 3:35 बजे जबलपुर और 6:45 बजे सतना पहुंचेगी तथा रात 9:50 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01144 दानापुर-एलटीटी स्पेशल 11 अक्टूबर से 23 नवंबर तक प्रतिदिन दानापुर से रात 12:10 बजे रवाना होगी।

भोपाल मंडल होकर मुंबई समस्तीपुर के बीच चलेगी एसी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई से समस्तीपुर के बीच साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी)-समस्तीपुर जंक्शन-एलटीटी साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर संचालित होगी। इससे मुंबई और बिहार के बीच सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी। छह-छह फेरे, इटारसी समेत इन स्टेशनों पर ठहराव गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी-समस्तीपुर स्पेशल 13 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12:15 बजे एलटीटी से रवाना होगी। यह ट्रेन रात 11:56 बजे इटारसी पहुंचेगी। इसके बाद अगले दिन पिपरिया 12:50 बजे, नरसिंहपुर 1:53 बजे, मदनमहल 3:25 बजे, कटनी 4:40 बजे, मैहर 6:38 बजे और सतना 7:20 बजे पहुंचेगी। ट्रेन बुधवार रात 11:45 बजे समस्तीपुर जंक्शन पहुंचेगी।

भोपाल
बुधवार, 7 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 13, अंक : 187
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



बस की विंडो से निकलने की कोशिश करते हुए



बैरिकेड पर चढ़कर राहुल गांधी ने तिरंगा लहराया, साथ में प्रियंका भी

आयोग की सफाई: बैठक के लिए नहीं मांगा था समय

चुनाव आयोग ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि मंगलवार शाम 4 बजे तक किसी भी राजनीतिक दल ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोग से बैठक के लिए समय नहीं मांगा था। इसलिए बैठक नहीं हो पाई।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 300 से ज्यादा सांसदों का चुनाव आयोग तक मार्च

नेता प्रतिपक्ष राहुल, प्रियंका समेत कई कांग्रेस नेता आकाशवाणी भवन में 8 घंटे धरने पर बैठे, रात में अरेस्ट, दो घंटे बाद रिहा

राहुल बोले- सीईसी को जवाब देना होगा
भाजपा : कांग्रेस अराजकता फैला रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी दिल्ली के आकाशवाणी भवन परिसर में धरने पर बैठ गए। राहुल, ज्ञानेश कुमार से मिलने के लिए अड़े रहे। उन्होंने कहा-वे बिना मिले कहीं नहीं जाएंगे। दिल्ली पुलिस ने 8 घंटे बाद रात 8 बजे राहुल-प्रियंका समेत करीब 250 लोगों को हिरासत में लिया था। इन्हें पुलिस किंग्सवे कैंप लेकर गई है। दो घंटे बाद रात 10 बजे रिहा कर दिया।

इंडिया गठबंधन के 300 से ज्यादा सांसद संसद से निर्वाचन आयोग के कार्यालय की ओर मार्च करने निकले। विपक्षी सांसदों ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियां चुनाव आयुक्तों के सामने रखने और उनसे सीधे जवाब मांगने की मांग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस प्रमुख ▶▶शेष पेज 4 पर

- दिल्ली पुलिस ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडल को सीईसी से मिलवाने का प्रस्ताव दिया। राहुल ने कहा कि मिलेंगे तो पूरे 300 सांसद, कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं जाएगा

एसआईआर में कथित गड़बड़ियों और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन



दिल्ली पुलिस इस तरह राहुल को ले गई

दिल्ली पुलिस ने कई जगह बैरिकेडिंग की, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता हिरासत में

भाजपा ने राहुल गांधी की 'रीलॉन्चिंग' की कोशिश का लगाया आरोप

संबित पात्रा ने कहा- भाजपा की मदद ज्ञानेश नहीं गणेश जी कर रहे

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा की मदद ज्ञानेश कुमार नहीं, बल्कि बुद्धि, विद्या और ज्ञान के देवता गणेश जी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर देश में अराजक माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य किसी भी तरह राहुल गांधी को राजनीतिक रूप से 'रीलॉन्च' करना है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ समय से सेना, सुप्रीम कोर्ट, एचएएल ▶▶शेष पेज 4 पर



संबित पात्रा

तिरंगे के सामने हाथ फैलाकर खड़ी हुईं प्रियंका

राहुल बोले- इसको मत छूना

आकाशवाणी भवन परिसर में धरने के दौरान एक अफसर तिरंगा लेकर खड़े कार्यकर्ता के पास पहुंचता है। तभी राहुल तेजी से आते हैं और कहते हैं- इसे मत छूना। प्रियंका भी तिरंगे के सामने हाथ फैलाकर खड़ी हो जाती हैं। अफसर का कहना था कि तिरंगे में लगा डंडा किसी को चोट पहुंचा सकता है। इस पर राहुल-प्रियंका ने उसे डांटते हुए कहा- डंडा नहीं ये, तिरंगा है।

खबर संक्षेप

सेंट्रल जेल से उम्रकैद का कैदी फरार, तलाश जारी

सतना। केंद्रीय जेल से मंगलवार दोपहर को उम्रकैद की सजा काट रहा एक कैदी अचानक फरार हो गया। फरार कैदी की पहचान अच्छेलाल प्रजापति (52) के रूप



में हुई है, जो अमरपाटन के पडक्का नादनटोला का रहने वाला है। वह हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। जेल अधीक्षक लीना कोस्टा के अनुसार, अच्छेलाल को जेल की गौशाला कमान में भेजा गया था। सुबह 11 से शौचालय जाने की बात कही। वह मंदिर के पास बने शौचालय गया। जब 20 मिनट तक वापस नहीं लौटा।

महिला के सामने आया बाघ, दहशत में शहर

सीहोर। शहर और आसपास के रिहायशी इलाकों में बाघ की लगातार मौजूदगी से दहशत है। मंगलवार सुबह अवधपुरी में आंगन में झाड़ू लगा रही सीता बाई



के सामने महज दो कदम की दूरी पर बाघ आ गया। महिला के घर से निकलते ही बाघ रेलवे पटरी के किनारे आगे बढ़ गया। लोगों ने बाघ को बस्तियों के आसपास घूमते देखा। सूचना फैलते ही मुरली, अवधपुरी, जमोनिया, शीतल विहार और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्चिंग में जुट गई।

हरमनप्रीत कौर ने छोड़ी महिला टीम की कप्तानी

नई दिल्ली। हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर फॉर्मेट से कप्तानी छोड़ दी। उन्होंने यह फैसला गुवाहाटी में भारतीय



क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला क्रिकेट टीम की रिव्यू मीटिंग के एक दिन बाद लिया। हरमनप्रीत की अगुआई में हाल ही में भारतीय टीम एशिया कप और एशियन गेम्स में चैंपियन बनी थी। टी20 वर्ल्ड कप में उसे हार का सामना करना पड़ा था। 2025 में घरेलू सरजमीं पर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीती थी ▶▶पढ़ें पेज 11 भी

मोदी सरकार के मेड इन इंडिया सिविलियन प्लेन को लेकर बड़ा ऐलान

सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने जताई उम्मीद

भारत में दो साल के भीतर उड़ेंगे स्वदेशी यात्री विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने भारत के पहले स्वदेशी यात्री हवाई जहाज को लेकर बहुत बड़ी बात कही है। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि आने वाले दो वर्षों में देश में बने स्वदेशी यात्री विमान उड़ान बनने लगेंगे। अभी भारतीय एयरलाइंस कंपनियों के करीब 1600 विमानों के ऑर्डर हैं। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमानों को निर्माण ज्वॉइंट वेंचर में होगा। उन्होंने दिल्ली में इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के सिंपोजियम में यह बातें कही हैं।

- केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस समय बोइंग और एयरबस जैसी एयरक्राफ्ट बनाने वाले कंपनियां अपने कंपोनेंट और सर्विस भारत भेजती हैं, जिसकी कीमत करीब 4 बिलियन डॉलर



राममोहन नायडू



अभी भारतीय एयरलाइंस कंपनियों के करीब 1600 विमानों के ऑर्डर, ज्वाइंट वेंचर में संभव होगा

इस समय देश में 164 एयरपोर्ट हैं और घरेलू एयरलाइंस कंपनियों के पास करीब 850 विमानों का बेड़ा

एविएशन सेक्टर में तेज विकास का दावा

राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमान ज्वाइंट वेंचर में संभव होगा और उनका दावा कि देश में यह पूरा ईकोसिस्टम तेजी से बढ़ता जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इससे ज्यादा कुछ भी खुलासा नहीं किया है। नायडू के मुताबिक एयरलाइंस कंपनियों के 1,600 से ज्यादा विमानों के ऑर्डर हैं, जिसकी कीमत 100 बिलियन डॉलर अनुमानित है। उन्होंने एविएशन सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग के लिए बेहतरीन मटेरियल के इस्तेमाल और सक्षम लोगों को शामिल करने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए हम बेहतरीन नीति बना सकते हैं।

भारत में 100 से ज्यादा नए एयरपोर्ट बनेंगे

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक आने वाले 10 वर्षों में 100 से ज्यादा नए एयरपोर्ट बनने की संभावना है। इस समय देश में 164 एयरपोर्ट हैं और घरेलू एयरलाइंस कंपनियों के पास करीब 850 विमानों का बेड़ा है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस समय बोइंग और एयरबस जैसी एयरक्राफ्ट बनाने वाले कंपनियां अपने कंपोनेंट और सर्विस भारत भेजती हैं, जिसकी कीमत करीब 4 बिलियन डॉलर है। इस दशक में यह रकम बढ़कर 10 बिलियन डॉलर तक ▶▶शेष पेज 4 पर

कूनो-गांधीसागर के बाद यह तीसरा आवास

सीएम आज 2 चीतों को दुर्गावती टाइगर रिजर्व में करेंगे विमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर ऐतिहासिक अवसर

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर सागर और बुंदेलखंड के लिए वन्यजीव संरक्षण का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 7 अक्टूबर को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कूनो से लाए गए दो चीतों को विमुक्त करेंगे। इसके साथ ही यह मप्र में चीतों का तीसरा आवास बन जाएगा। चीतों की मौजूदगी से सागर और बुंदेलखंड में वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ▶▶शेष पेज 4 पर

खजुराहो: 11वीं सदी की विष्णु प्रतिमा को मिलेगा पूरा स्वरूप

जुड़ाया जाएगा गायब मस्तक

विशेषज्ञ दल करेगा तकनीकी जांच
चंदेलकालीन कला की अनमोल धरोहर है सात फीट ऊंची प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल खजुराहो के प्रसिद्ध जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की 11वीं सदी की खंडित प्रतिमा को फिर से पूर्ण स्वरूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। करीब सात फीट ऊंची बलुआ पत्थर की इस प्राचीन प्रतिमा का मस्तक लंबे समय से गायब है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ▶▶शेष पेज 4 पर

स्वामित्व योजना में शून्य प्रगति पर एक्शन

देवास में तीन परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शासकीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना पर कलेक्टर एवं नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी ऋतुराज सिंह ने तीन परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। इनमें सोनकच्छ तहसील के हल्का



शासकीय कार्य में लापरवाही और आदेशों की अवहेलना की

घिचलाय में पदस्थ नितिन विश्वकर्मा, देवास ग्रामीण तहसील के हल्का क्रमांक 103 के अजय नागर और टोंकखुर्द तहसील के पटवारी विशाल टईया शामिल हैं। तीनों को एक माह का अग्रिम वेतन देकर सेवा से पृथक किया गया है। तीनों पटवारी फरवरी 2024 में तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त हुए थे। परिवीक्षा के दौरान शासन की प्राथमिकता वाली स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन में इनकी प्रगति शून्य रही। बीते छह माह में राजस्व वसूली भी असंतोषजनक मिली। जांच में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना, संबंधित हल्के में निवास नहीं करने और समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं की गई। कारण बताओ नोटिस के जवाब भी संतोषजनक नहीं पाए गए। एसडीएम के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने मप्र सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की।

दी थी भूख हड़ताल की चेतावनी

भाजपा विधायक कालू सिंह को कारण बताओ 'नोटिस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धामनोद नगर में विकास कार्य ठप होने और नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल की चेतावनी देना धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर को भारी पड़ गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन ▶▶शेष पेज 4 पर



सावित्री ठाकुर



कालू सिंह ठाकुर

- प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने तीन दिन में मांगा जवाब
- पार्टी अनुशासन के विपरीत बताया विधायक का कदम

काम नहीं होने पर जताई थी नाराजगी

विधायक ने धामनोद नगर परिषद की सीएमओ द्वारा जनहित के मुद्दों पर सुनवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए 9 अक्टूबर से केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के धार स्थित निवास के बाहर भूख हड़ताल करने का ऐलान किया था। मामले में धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा ने 5 अक्टूबर को धामनोद नगर परिषद की सीएमओ माया मंडलोई, सीवरेज ठेकेदार और पार्षदों की बैठक बुलाई। इसमें कांग्रेस के छह और भाजपा के ▶▶शेष पेज 4 पर

31 अक्टूबर को संभालेंगे कमान

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित होंगे वायुसेना के नए प्रमुख



राष्ट्रपति ने नियुक्ति को दी मंजूरी, मौजूदा प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह 31 अक्टूबर 2026 की दोपहर एयर चीफ मार्शल के पद पर कार्यभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2028 तक रहेगा। वह मौजूदा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्थान ▶▶शेष पेज 4 पर

प्रदेश में सामान्य तौर पर मानसून सीजन में कुल 949.5 मिमी बारिश होती है

प्रदेश के 11 जिलों में सूखे के हालात, फील्ड सर्वे और ग्राउंड वेरिफिकेशन कराएगी सरकार



- प्रदेश में ओवर ऑल औसत से 4 प्रतिशत कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मानसून सीजन में ओवरऑल बारिश भले ही कुछ ही कम दर्ज हुई हो, लेकिन 11 जिले इस साल कमजोर मानसून की वजह से सूखे की चपेट में आते दिख रहे हैं। इनमें इंदौर और उज्जैन भी शामिल हैं। आलीराजपुर, धार और झाबुआ उन टॉप-5 जिलों में हैं, जहां सबसे कम बारिश हुई है। इनमें आलीराजपुर सबसे नीचे है, जहां 52 प्रतिशत कम बारिश हुई है। ऐसे में यहां पेयजल के साथ फसलें बहुत अधिक प्रभावित हुई हैं। 11 में से 9 जिले ऐसे हैं, जो सूखाग्रस्त के पैमाने पर आ रहे हैं। इनमें ▶▶शेष पेज 4 पर

उज्जैन-इंदौर मार्ग पर चलती बस का टायर फटा

टल गया बड़ा हादसा... बस में लगी आग 12 यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन से करीब 15 किलोमीटर दूर रामवास क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। उज्जैन से इंदौर जा रही बस का अचानक टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बस में तेजी से आग फैल गई। हादसे के समय बस में करीब 12 यात्री सवार थे। बस से धुआं उठते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने समय रहते बस से बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलने के करीब 45 मिनट ▶▶शेष पेज 4 पर

विकसित मप्र के निर्माण के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रबंधन, तीन चरणों में होगा पूंजीगत निवेश

आरबीआई ने सबसे कम ब्याज दर पर स्वीकृत किया 3 हजार करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार राज्य में विकास कार्यों को गति देने, अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से 3000 करोड़ रुपये का वित्तीय संसाधन (ऋण) जुटाने जा रही है। इस राशि को 1000-1000 करोड़ रुपये के तीन सुव्यवस्थित चरणों में लिया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को नीलामी


जगदीश देवड़ा, डिप्टी सीएम, मप्र

प्रक्रिया बाजार से सबसे कम दर पर ब्याज पर प्रदेश सरकार को ऋण स्वीकृत किया है। यह ऋण भारत सरकार की तय सीमा 3 प्रतिशत के अंतर्गत ही लिया गया है।

उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय प्रबंधन के इस कदम को राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए दूरदर्शी और अत्यंत सकारात्मक फैसला बताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से प्राप्त होने वाला यह ऋण प्रदेश के आधारभूत ढांचे जैसे सड़क निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, भू-अर्जन क्षेत्र, सिंचाई परियोजनाएं, बांध निर्माण, मेडिकल सेक्टर, विद्युत क्षेत्र, भवन निर्माण एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

विकास कार्यों में व्यय की जाती है ऋण राशि

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि ऋण राशि का उपयोग राजस्व व्यय जैसे वेतन भत्ते, लाड़ली बहना योजना, पेंशन, प्रशासनिक व्यय, सीएम किसान कल्याण निधि एवं अनुदान राज्य सहायता में नहीं किया जाता है। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सरकार ऋण लेकर पूंजीगत कार्यों में व्यय करती है। इससे जीएसडीपी बढ़ती है और जीएसडीपी बढ़ने से प्रदेश के आम नागरिकों की आय भी बढ़ती है। इससे विकास परियोजनाओं की ग्रोथ और प्रदेश में समृद्धि आती है। किसी भी प्रदेश में ऋण लेकर विकास कार्यों में लगाना प्रदेश को विकासोन्मुखीकरण की ओर ले जाना है। वित्तीय अनुशासन और आरबीआई की निर्धारित सीमाओं के तहत ली जा रही यह राशि पूरी तरह से राज्य के विकास कार्यों में निवेश की जाएगी।

वित्तीय प्रबंधन एवं विकास रणनीति के मुख्य बिंदु

वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित ऋण सीमा के अंतर्गत बाजार परिस्थितियों के अनुसार 1000-1000 करोड़ रुपये की तीन किस्तों में यह राशि जुटाई जाएगी, जिसमें कम ब्याज दर पर बेहतर प्रबंधन हो सके। आर्थिक गतिविधियों के बुनियादी ढांचे में पूंजीगत निवेश होने से राज्य में नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

मजबूत वित्तीय स्थिति का प्रमाण


सांकेतिक चित्र।

उप-मुख्यमंत्री देवड़ा ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन सीमा 3 प्रतिशत के भीतर ही यह वित्तीय प्रबंधन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश का जीएसडीपी अनुपात मजबूत स्थिति में है और राज्य सरकार समय पर ऋण भुगतान का बेहतरीन रिकॉर्ड बनाए हुए है। वित्तीय रणनीति से प्रदेश में चल रहे विकास प्रोजेक्ट्स में और तेजी आएगी, जिससे 'विकसित मध्यप्रदेश' के संकल्प को सीधे मजबूती मिलेगी।

16 तक चलेगा आंदोलन

आरजीपीवी को बांटने के प्रस्ताव पर कर्मचारी नाराज, प्रदर्शन शुरू

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को तीन जोनल विश्वविद्यालयों में विभाजित करने के प्रदेश शासन के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को विवि के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू किया है। यह आंदोलन आगामी 16 अक्टूबर तक चलने की बात कही गई है। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर शासन के प्रस्ताव के खिलाफ नारे लगाए। उनका कहना है कि 28 साल में तैयार हुए प्रदेश के एकमात्र तकनीकी विश्वविद्यालय को बांटने के स्थान पर मजबूत किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय का मूल स्वरूप बरकरार रखने और उसके संचित कोष को सुरक्षित रखने की मांग की है।

सरपंच ने पंचायती सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

भोपाल। जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत अगरिया छापर में मंगलवार को पंचायत व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव हेम सिंह राजपूत के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरपंच सुनील मालवीय ने आरोप लगाया कि सचिव पंचायत भवन पर ताला लगाए रखते हैं। इसके विरोध में सरपंच ने पंचायत कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पिछले कई वर्षों से सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है।

मप्र में 41 हजार से अधिक विद्यालयों के 50 लाख विद्यार्थी हुए शामिल, मॉडल स्कूल में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सीएम ने राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास को विरासत से जोड़कर आगे बढ़ाया है। कई सालों तक ब्रिटिश काल में बने भवन में हमारी संसद चलती रही। लेकिन अब हमारी संसद का नया भवन ऐसा बना है, जिसमें भारतीयता के दर्शन होते हैं। मोदी ने लोकतंत्र को गौरवान्वित करते हुए सार्वजनिक जीवन जिया है। यह गर्व का विषय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति भी हमारी चुनाव प्रक्रिया की तारीफ करते हुए उसे अपनाने की मंशा जताते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक नेताओं के बीच विशिष्ट दिखती है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलब्धि पर सेवा संकल्प अभियान में पूरा देश एक साथ खड़ा है।

स्कूल, जिला और प्रदेश स्तर पर हुई थी प्रतियोगिताएं


मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित।

भविष्य का भारत बेहतर होगा

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश के 41 हजार से अधिक विद्यालयों में जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और राज्य स्तर पर 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, भोपाल महापौर मालती राय, आदि मौजूद रहे।

55 जिलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रकला कृतियों का हुआ प्रदर्शन

सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के 55 जिलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रकला कृतियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने मन के भाव को भाषण और चित्रों के माध्यम से बहुत प्रभावी तरीके से अंकित और अभिव्यक्त किया है।

पांच जिला शिक्षा अधिकारियों को मिला सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों को भी सम्मानित किया। इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारियों में सतना की सलोनी शर्मा, नरसिंहपुर के अनिल कुशवाहा, बालाघाट की धनश्री जैन, अनूपपुर के तुलाराम आरमो, उज्जैन के महेंद्र खत्री तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के संयुक्त संचालक एचएन नेमा को उनके सराहनीय योगदान और निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

मंदसौर में बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संबोधित किया

तरक्की के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है मंदसौर जिला : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि खेती किसानी तथा औषधीय फसलों में समृद्ध मंदसौर जिला अब तरक्की के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है। 8-लेन एक्सप्रेस वे, गांधी सागर चीता प्रोजेक्ट, पशुपतिनाथ लोक जैसी कई सौगातें जिले को मिली हैं। आगामी दिनों में मंदसौर नीमच जिले को एयरपोर्ट सुविधा, परिवहन सेवा की बसों के माध्यम से भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से मंदसौर जिले से जुड़कर बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मंदसौर जिले के लहसुन की ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में नवीन तकनीक के माध्यम से मंदसौर जिला श्रेष्ठ खेती किसानी कर रहा है। जिले में औषधीय फसलें भी उल्लेखनीय हैं। एक जिला एक उत्पाद के तहत मंदसौर जिले के लहसुन की ब्रांडिंग राज्य शासन द्वारा की जा रही है।

विस परिसर में सकल जैन समाज का सामूहिक क्षमा वाणी महोत्सव

अहंकार का नाश कर क्षमा जीवन में सरलता, सहजता लाती हैः सीएम डॉ. यादव

करुणा, दया अनुकंपा की भावना के बिना क्षमा धर्म की आराधना नहीं हो सकती: आचार्य समय सागर महाराज


आचार्यश्री समय सागर के मंगल सानिध्य में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सकल जैन समाज के सामूहिक क्षमा वाणी महोत्सव में विधान सभा परिसर में सामाजिक बंधु एक दूसरे से जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगते दिखे। कुंडल पुर के बड़े बाबा आचार्य विद्या सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आचार्य श्री को शास्त्र भेट किए, सभी के मंगल मय जीवन की मंगल कामना के साथ मंगलाचरण हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा हमारा सौभाग्य है, लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में आचार्यश्री के पधारे इससे दिवाली होली एक साथ बन गए है।

क्षमा जीवन में सरलता लाती है...

सीएम डां मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में पहले आचार्यश्री विद्या सागर महाराज के चरण भी पड़े, ये सुखद संयोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में जीव दया ओर अहिंसा को आधार माना शासन के मुखिया होने के नाते निर्णय कठोर भी लेने पड़ते हे, क्षमा मांगता हुं, क्षमा पर्व व्यक्ति के अंतर मन को मजबूत बनाता है। अहंकार का नाश कर क्षमा जीवन में सरलता सहजता लाती है।

खरीफ फसल, जलस्त्रोतों और आगामी रबी फसल पर पड़ेगा कम बारिश का असर

कम बारिश वाले क्षेत्रों में राहत पैकेज घोषित करे सरकारः जीतू

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर कम वर्षा वाले सभी क्षेत्रों का तहसीलवार वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने तथा प्रभावित क्षेत्रों के किसानों के लिए तत्काल राहत पैकेज घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष बारिश बेहद असमान रही है। इंदौर-उज्जैन सहित प्रदेश के कई जिलों में सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है।


जीतू पटवारी

इसका सीधा असर खेती की नमी, खरीफ फसल, जलस्त्रोतों और आगामी रबी फसल पर पड़ने की आशंका है। पटवारी ने कहा कि सरकार वर्षा के साथ फसल, मिट्टी की नमी, जलस्त्रोत एवं भूजल की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रभावित क्षेत्रों सूखा प्रभावित घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करे।

पटवारी ने कहा कि यह केवल बारिश के आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश के लाखों किसानों की आजीविका और आने वाले कृषि मौसम का सवाल है। सरकार कागजी औसत के पीछे छिपने के बजाय जमीन पर किसान की वास्तविक स्थिति को आधार बनाए और समयबद्ध राहत सुनिश्चित करे।

पंजीयन के बाद डिजिटल क्रॉप सर्वे और भू-अभिलेखों से होगी जांच
अपात्र और त्रुटिपूर्ण पंजीयन समय रहते होंगे निरस्त

सोयाबीन भावांतर में फर्जीवाड़े पर सरकार की नजर, 20 तक सत्यापन के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खरीफ 26 की सोयाबीन के लिए भावांतर भुगतान योजना में फर्जीवाड़े और अपात्र किसानों के पंजीयन पर सरकार ने शिकंजा कस दिया है। पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब हर पंजीकृत किसान का गहन सत्यापन किया जाएगा। सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वास्तविक और पात्र सोयाबीन उत्पादक किसानों को ही योजना का लाभ मिले और अपात्र पंजीयन को समय रहते चिन्हित कर निरस्त किया जाए। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के सचिव निशांत वरवड़े ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किए हैं। आदेश में सत्यापन कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

17 अक्टूबर तक पंजीयन, 20 अक्टूबर तक सत्यापन



भावांतर योजना के लिए किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जा रहा है। पंजीयन पूरा होने के बाद शासन ने सभी पंजीकृत किसानों के सत्यापन की समय-सीमा भी तय कर दी है। 20 अक्टूबर तक सभी पंजीकृत किसानों का सत्यापन हर हाल में पूरा कर लेने के निर्देश दिए गए हैं।

अपात्र और गलत पंजीयन पर कार्रवाई होगी

सत्यापन के दौरान यदि कोई किसान अपात्र या त्रुटिपूर्ण पंजीयन वाला पाया जाता है तो उसे समय रहते चिन्हित कर पंजीयन निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यानी भावांतर का लाभ मिलने से पहले ही ऐसे मामलों को फिल्टर करने की व्यवस्था की जा रही है, जिनमें किसान की पात्रता या पंजीयन की जानकारी सही नहीं है। सरकार ने सिकमी किसानों के पंजीयन को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने को कहा है। अधिकारियों को ऐसे मामलों का सत्यापन पूरी सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र किसानों को योजना से वंचित किए बिना अपात्र दावों को रोका जा सके।

इंजीनियरिंग कॉलेज पर एफआईआर नहीं होने से छात्रों और परिजनों में आक्रोश

परिजनों से साथ डीआईजी और पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचा पीड़ित छात्र


पीड़ित छात्र पुलिस अधिकारियों को शिकायती आवेदन प्रस्तुत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंजीनियरिंग छात्र उदयवीर के साथ हुई मारपीट और रैगिंग के मामले में निजी इंजीनियरिंग कॉलेज पर एफआईआर नहीं होने से नाराज छात्र के परिजनों ने कांग्रेस नेताओं से साथ डीआईजी देहात राजेश सिंह चंदेल और एडिशनल एसपी प्रभाकर सोनकर को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। डीआईजी चंदेल ने छात्र उदयवीर के साथ हुई रैगिंग को गंभीरता से लेते हुए परिजनों के सामने बिलखिरिया टीआई को फोन कर इंजीनियरिंग कॉलेज पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने टीआई को निर्देश दिए कि कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ से बयान दर्ज करने थाने में बुलाया जाए।

पांच दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर

दो अक्टूबर को बिलखिरिया स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में बीई के छात्र उदयवीर के साथ कॉलेज में पढ़ने वाले सीनियर छात्रों ने रेगिंग लेने के साथ जमकर मारपीट की। उदयवीर सिर पर गंभीर चोटे आने के साथ आठ से दस टांके भी आए है। इसके बाद भी पुलिस ने अब तक ना तो सीनियर छात्रों पर कोई मामला दर्ज किया और ना ही कॉलेज प्रबंधन पर। राहुल सिंह राठौर ने बताया कि छात्र का इलाज करने वाले लक्ष्मी हॉस्पिटल पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। क्योंकि अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कराने के बाद भी छात्र को भर्ती करने से मना किया।

मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर की मांग

धार जिले को सूखा प्रभावित घोषित करे सरकार : उमंग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने धार जिले में कम वर्षा के कारण रबी फसल की बोनी और सिंचाई पर उत्पन्न गंभीर संकट को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने धार जिले को सूखा प्रभावित घोषित करने, खरीफ फसलों का तत्काल सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को राहत पैकेज देने की मांग की है। सिंघार ने कहा कि इस वर्ष जिले में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 42 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। ऐसी स्थिति में रबी फसल की बोनी प्रभावित होने की आशंका है, जिससे किसानों पर आर्थिक संकट और गहरा सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि धार जिले को सूखा प्रभावित घोषित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए तथा खरीफ फसल का सर्वे कराकर किसानों को हुए नुकसान का आकलन किया जाए और उन्हें राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आवश्यक सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की है। सिंघार ने कहा कि केवल धार ही नहीं, बल्कि प्रदेश के जिन अन्य जिलों में कम बारिश के कारण किसान प्रभावित हुए हैं, वहां भी सरकार तत्काल फसल सर्वे कराए और आवश्यकतानुसार सूखा प्रभावित घोषित कर किसानों को राहत प्रदान करे।


उमंग सिंघार

अरेरा हिल्स स्थित राज्य चुनाव आयोग कार्यालय के सामने पुतला फूंककर जताया विरोध


अरेरा हिल्स क्षेत्र में पुतला दहन करते कांग्रेसी नेता।

पार्टी नेताओं ने संबंधित कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया

राहुल गांधी को हिरासत में लेने पर कांग्रेस का चुनाव आयोग के बाहर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई के विरोध में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित राज्य चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया है। बता दें कि मंगलवार को संसद मार्ग से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर इंडिया ब्लॉक के मार्च के बाद राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को पुलिस ने रोका और बाद में हिरासत में ले लिया।





दिग्विजय, जीतू, सिंघार, प्रवीण बैठे धरने पर

राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के बाद अरेरा हिल्स पर स्थित चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर रात में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, भोपाल जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना समेत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी धरना देकर विरोध जताया। इधर, कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 07 अक्टूबर 2026

7 वेस्टर्न बाइपास से सात परिवारों का छूटेगा रोजगार, खेती-किसानी ...



12 जहां समाजसेवा होती है, वहां भाषण नहीं...



मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट को लेकर फिर विवाद

कब्रिस्तान की जमीन पर मेट्रो की तैयारी, रात में पहुंची टीम तो विधायक ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने भोपाल में मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट को लेकर सोमवार रात फिर विवाद खड़ा हो गया। भोपाल टॉकीज के पास स्थित शाही कब्रिस्तान में मेट्रो की टीम बैरिकेडिंग और काम की तैयारी के लिए पहुंची।

मौके पर जेसीबी और अन्य सामान पहुंचने की सूचना मिलते ही उत्तर विधानसभा से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील समर्थकों और समाज के लोगों के साथ कब्रिस्तान पहुंच गए। उन्होंने मेट्रो अधिकारियों से काम तत्काल रोकने और मशीनें और सामान हटाने को कहा। मौके पर विधायक और मेट्रो अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। विधायक ने अधिकारियों से सवाल किया कि शाही कब्रिस्तान की जमीन पर किस अनुमति के आधार पर मशीनें और निर्माण सामग्री लाई गई है। उन्होंने कहा कि पहले शाही औकाफ से अनुमति ली जाए। बिना अनुमति कब्रिस्तान की जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण या खुदाई नहीं होने दी जाएगी।

> शाही कब्रिस्तान में जेसीबी पहुंचने पर भड़के आतिफ अकील बोले- वक्फ अधिकरण का फैसला आने तक नहीं होने देंगे काम

शाही कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने की तैयारी का आरोप



अफसरों को फटकार लगाते विधायक अकील।

विधायक का आरोप है कि मेट्रो टीम कब्रिस्तान की दीवार के पास काम शुरू करने की तैयारी में थी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में काम रोकने को कहा। उनका कहना है कि कब्रिस्तान में उनके पूर्वजों समेत कई लोगों की कब्रें हैं। ऐसे में इसके नीचे से मेट्रो की सुरंग निकालने को लेकर उनकी आपत्ति है।

अंडरग्राउंड रूट को लेकर पहले भी हो चुका विवाद

भोपाल मेट्रो के ऑरेंज लाइन फेज-2 में सुभाषनगर से करोंद तक के रूट का एक हिस्सा अंडरग्राउंड प्रस्तावित है। करीब 3.39 किलोमीटर के अंडरग्राउंड हिस्से में भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड स्टेशन शामिल हैं। इसी रूट को शाही कब्रिस्तान क्षेत्र से निकालने को लेकर आपत्ति जताई जा रही है।
विधायक आतिफ अकील पहले भी इस प्रस्तावित रूट पर आपत्ति जता चुके हैं। उनका कहना है कि कब्रिस्तान की जमीन पर मेट्रो का काम बिना संबंधित अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए।

विधायक ने पूछा- काम शुरू करने के लिए शाही औकाफ की अनुमति ली है?



शाही कब्रिस्तान में खड़ी जेसीबी।

विधायक अकील ने अधिकारियों से सवाल किया कि कब्रिस्तान परिसर में काम शुरू करने के लिए शाही औकाफ से अनुमति ली गई है या नहीं। उन्होंने बिना अनुमति किसी भी तरह का काम नहीं करने की बात कही और मेट्रो टीम से मौके से बाहर जाने को कहा। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि पहले शाही औकाफ की अनुमति ली जाए, उसके बाद ही कब्रिस्तान परिसर में कोई काम किया जाए। वहीं विधायक अकील ने कहा कि मेट्रो अधिकारियों से हमारी बात हो गई है, सभी तरह की मशीने वहां से हटा ली गई है। साथ उन्होंने आश्वासन दिया है कि जब तक वक्फ का फैसला नही आ जाता है, तब कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

वक्फ अधिकरण में पहले से चल रही सुनवाई

शाही कब्रिस्तान के नीचे से प्रस्तावित मेट्रो सुरंग को लेकर मध्य प्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में मामला पहले से चल रहा है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अपना पक्ष रखा जा रहा है। विधायक अकील का कहना है कि जब तक अधिकरण का फैसला नहीं आता और जमीन से संबंधित वैधानिक अनुमति स्पष्ट नहीं होती, तब तक यहां किसी तरह का काम नहीं किया जाना चाहिए।

निर्देश के अनुसार होगी कार्रवाई

शासन से जैसे-जैसे हमें निर्देश मिलेंगे। उसके अनुसार मेट्रो प्रोजेक्ट में आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल काम रोक दिया गया है।

कृष्णा चैतन्य, एमडी मेट्रो

युवाओं के बीच पहुंचकर डॉ. मोहन यादव बोले- नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें

एआई, खेल, संस्कृति, नशामुक्ति पर युवाओं ने पूछे सवाल...सीएम ने बताया सरकार का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 में मंगलवार को बड़ी संख्या में युवा जुटे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से भाषण देने के बजाय युवाओं के बीच पहुंचकर उनसे सीधे संवाद किया। वे रैम्प पर चलते हुए छात्रों के बीच पहुंचे, हाथ मिलाया और बड़े भाई की तरह अनौपचारिक अंदाज में बातचीत की। इस दौरान युवाओं ने एआई, स्टार्टअप, खेल, भारतीय संस्कृति, एयरपोर्ट और नशे जैसे मुद्दों पर सवाल किए। मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाएं और आने वाले समय की प्राथमिकताएं बताईं। कार्यक्रम में एआई रोबोट 'बडी' ने भी मुख्यमंत्री के साथ मंच पर कदमताल की।

> सीएम यूथ कॉन्क्लेव में सीएम ने बताया विकास का रोडमैप, छात्रों से साधा संवाद

> 150 किमी पर एयरपोर्ट और स्टार्टअप के लिए 5 लाख तक अनुदान देने की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा- भोपाल में एआई और नॉलेज सिटी विकसित की जा रही



सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 में विद्यार्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

एलएनसीटी कॉलेज की छात्रा नीशा वारस्कर ने पूछा कि सरकार एआई और स्टार्टअप के क्षेत्र में क्या बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में एआई और नॉलेज सिटी विकसित की जा रही है। उज्जैन में साइंस सिटी पर काम चल रहा है। सेमीकंडक्टर और नवाचार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप के लिए 5 लाख रुपए तक अनुदान देने की व्यवस्था है। सरकार चाहती है कि युवा नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले बनें।

हर विधानसभा में बनाया जाएगा स्पोर्ट्स स्टेडियम

स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र लक्ष्य श्रीवास्तव ने प्रदेश को स्पोर्ट्स हब बनाने को लेकर सवाल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार हो चुका है। उच्च शिक्षा में स्पोर्ट्स को कोर्स के रूप में शामिल किया गया है। 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं। चिरायु मेडिकल कॉलेज की छात्रा नीरा चटर्जी ने नशे से बचाने को लेकर सवाल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 तक प्रदेश को नशामुक्त करना है।

आपत्तियों की सुनवाई के लिए एसडीएम ने लगाई 4 नवंबर की पेशी

बैरागढ़ और शहर में 133 प्रॉपर्टी शत्रु संपत्ति बेहटा की 750 एकड़ जमीन भी जद में आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दो साल पहले जारी रियाज मंजिल के शत्रु संपत्ति सर्टिफिकेट के बाहर आने के साथ जिले के बैरागढ़ और शहर एसडीएम सर्कल में भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान से जुड़ी निजी प्रॉपर्टी को लेकर जांच तेज कर दी गई है। दोनों सर्कल में पटवारियों से इन प्रॉपर्टीज की जांच कराई गई है। जिसके तहत करीब 133 प्रॉपर्टी शत्रु संपत्ति की जद में आ रही हैं। कोहेफिजा की रियाज मंजिल के बाद बेहटा की 750 एकड़ जमीन को लेकर भी जांच शुरु कर दी गई है।

अफसरों का तर्क है कि मर्जर एग्रीमेंट के दौरान नवाब के वारिसों के नाम दर्ज ऐसी प्रॉपर्टी जिनके वारिसों ने पाकिस्तान की नागरिकता ली थी, उन्हें शत्रु संपत्ति माना जा रहा है। दरअसल शत्रु संपत्ति कार्यालय मुंबई ने युद्ध के समय पाकिस्तान जाने वाले लोगों की 133 प्रापर्टी की लिस्ट 24 फरवरी 2015 में भेजी थी।

नानी की कोठी को सरकार ले चुकी कब्जे में

शत्रु संपत्ति की जद में राजधानी की दो हजार एकड़ जमीन सहित करीब 2168 प्रॉपर्टीज हैं। यह प्रॉपर्टी शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद, चिकलोद, कोहेफिजा, ईदगाह, लालघाटी, हलालपुरा, बैरागढ़, लाऊखेड़ी, गिन्नौरी, तलैया, नवबहार, ऐशबाग, प्रोफेसर कॉलोनी, बैरसिया रोड, इस्लाम नगर, खजूरी, पीपलनेर, बैरागढ़ कलां और भौरी में है। इसमें से नानी की कोठी और एक अन्य प्रॉपर्टी को पहले ही सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है।

तीन साल पहले माना शत्रु संपत्ति

तीन साल पहले 24 फरवरी 2015 में शत्रु संपत्ति कार्यालय ने भोपाल नवाब की 133 प्रापर्टी को शत्रु संपत्ति माना था। जिसके तहत इन प्रॉपर्टी पर सरकार का कब्जा लेने के आदेश दिए थे, लेकिन कानूनी दाव-पेंच की वजह से इन प्रॉपर्टी पर अब तक कब्जा नहीं लिया जा सका है। अब इन प्रॉपर्टी में से कई प्रॉपर्टी और जमीनें बेची जा चुकी हैं, जबकि कई पर नवाब के वारिसों का अब तक कब्जा बना हुआ है।

कार्रवाई को लेकर रियाज मंजिल में मिला दूसरा स्टे

पिछले दिनों रियाज मंजिल के एक हिस्से पर काबिज मोहम्मद आजम ने जबलपुर हाईकोर्ट से स्टे लिया था। जिसके बाद मोहम्मद शमीम ने इस मामले में कार्रवाई को लेकर स्टे ले लिया है। इधर मंगलवार को एसडीएम बैरागढ़ रवीश श्रीवास्तव के यहां रियाज मंजिल की जमीन पर काबिज लोगों ने अलग-अलग आपत्तियां पेश कीं, जिसको लेकर एसडीएम ने 4 नवंबर को आपत्तियों पर सुनवाई की तारीख तय की है।

सर्टिफिकेट पर भी उठाए सवाल

प्रभावित पक्षकारों ने 29 अप्रैल 2024 के शत्रु संपत्ति कार्यालय के प्रमाण-पत्र की प्रामाणिकता पर भी सवाल उठाते हुए मूल फाइल, नोटशीट, प्रमाणित प्रमाण-पत्र, स्वामित्व संबंधी दस्तावेज, जांच और सत्यापन रिपोर्ट पेश करने की मांग की है। इधर कुछ पक्षकारों का कहना है कि यह प्रॉपर्टी आफताब जहां नहीं बल्कि साजिदा सुल्तान के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी।

छात्रा से भारतीय संस्कृति से जुड़ाव पर हुई चर्चा



छात्रा अर्पणा से चर्चा करते मुख्यमंत्री।

सरोजनी नायडू महाविद्यालय की छात्रा अपर्णा ने सोशल मीडिया के दौर में भारतीय और सनातन संस्कृति से जुड़े रहने को लेकर सवाल किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति को प्रकृति, नदी और पहाड़ों से प्रेम तथा 'जियो और जीने दो' की भावना से जोड़ते हुए सरकार के प्रयास गिनाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे और भीड़ प्रबंधन में एआई तकनीक का उपयोग किया जाएगा। धार्मिक पर्यटन से रोजगार के मौके पैदा हो रहे हैं।

प्रदेश में 15 एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

उत्कृष्ट महाविद्यालय के छात्र अनिकेत तिवारी ने विकसित भारत में मप्र के योगदान पर सवाल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हवाई सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है। सतना, रीवा और दतिया में नए एयरपोर्ट शुरू हुए हैं। हर 150 किमी पर एक एयरपोर्ट बना रही है। आने वाले सालों में कुल 15 एयरपोर्ट बनाने की योजना है, जिसमें 10 इसी साल तैयार करने का प्रयास रहेगा।

रोजगार के साथ स्किल बढ़ाने के मौके



अभी युवाओं को रोजगार के साथ स्किल को आगे बढ़ाने के मौके मिल रहे हैं। मैं खुद कलाकार हूं और ड्रामा करता हूं, तो मेरे लिए अच्छी बात है कि कला के क्षेत्र पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इससे हम जैसे कलाकारों को आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं। मप्र में फिल्म मेकिंग को लेकर अच्छा माहौल बन रहा है, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए इस फील्ड में नए अवसर खुल सकते हैं।

सतीश कुमार, छात्र, आरएनटीयू

प्रोजेक्ट में सरकार करेगी मदद



जो स्टूडेंट कुछ नया करना या रिसर्च करना चाहता है, उसके प्रोजेक्ट में आने वाले खर्च में सरकार मदद करेगी। इससे हमें पढ़ाई के साथ-साथ नए प्रयोग करने और अपनी इंजीनियरिंग स्किल को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा। इसका फायदा आगे खेती समेत दूसरे क्षेत्रों में नई तकनीक विकसित करने में भी हो सकता है।

अनुकल्प, छात्र, मैनिट

अब रोजगार के नए अवसर आ रहे



अब हमारे कॉलेज में रोजगार और स्किल्स पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। पहले कॉलेज पूरा करने के बाद नौकरी ढूंढने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब रोजगार के नए अवसर सामने आ रहे हैं। इससे हमें लगता है कि पढ़ाई के बाद करियर बनाने के लिए पहले से ज्यादा रास्ते खुले हैं। ये सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के बारे में अच्छा कर रही है।

रघुराज, छात्र, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी

घर बैठे होगी फिजियोथेरेपी



अब मरीजों को फिजियोथेरेपी के लिए बार-बार केंद्र जाने की जरूरत नहीं होगी। रिमोट फिजियोथेरेपी में घर पर ही विशेषज्ञ की देखरेख में कर सकेंगे। मरीज वीडियो कॉल के जरिए विशेषज्ञ के साथ रोज अभ्यास करेगा। स्मार्ट उपकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से मरीज की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

गौरव वानखेड़े, रिमोट फिजियोथेरेपी



पीडीएस दुकानदारों की कमीशन बढ़ाने की मांग, शासन ने दिया था अल्टीमेटम

छह दिन बाद 150 पीडीएस दुकानदारों ने बांटा राशन, 350 राशन दुकानों के नहीं खुले ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले पंद्रह दिनों से पीडीएस राशन बांटने का कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर अड़े पीडीएस दुकानदार सरकार के आगे झुक गए हैं।

दो दिन पहले जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने राशन बांटने का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद मंगलवार को शहर के करीब डेढ़ सौ दुकानदारों ने राशन बांटना शुरु कर दिया है,



जबकि साढ़े तीन सौ से अधिक दुकानदारों ने दुकानों को बंद रखा। राशन विक्रेता संघ के विक्की शर्मा, अकबर खान और इरफान खान ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के पीडीएस दुकानदारों का कमीशन 90 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर दो सौ रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग रखी थी। जिसके तहत प्रदेश भर के पीडीएस दुकानदारों ने राशन का स्टॉक लेने से इंकार कर दिया था। महीने के पांच दिन गुजरने के बाद भी दुकानों के ताले नहीं खोले गए थे। जिला आपूर्ति नियंत्रक का दावा है कि बुधवार से जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों की सभी पीडीएस दुकानों से अकटूबर माह का राशन बांटा जाएगा।

इयूटी के दौरान निजी कार्यक्रम में शामिल हुए थे

कजलीखेड़ा थाना के एसआई द्विवेदी और एएसआई रघुवंशी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाने में पदस्थ एक एसआई श्रीकांत द्विवेदी और एएसआई जगदीश रघुवंशी को ड्यूटी के दौरान निजी कार्यक्रम में शामिल होना भारी पड़ गया।

पुलिस उपायुक्त जोन-4 ने एसआई श्रीकांत द्विवेदी और एएसआई जगदीश रघुवंशी को ड्यूटी के दौरान निजी कार्यक्रम में शामिल होने पर निलंबित किया। बता दें कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर हुई जांच में दोनों के ड्यूटी समय में निजी कार्यक्रम में शामिल होने की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार कृत्य प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता, अशोभनीय एवं संदिग्ध आचरण की श्रेणी में पाया गया। पुलिस रेगुलेशन के पैरा-64 में उल्लेखित सेवा की सामान्य शर्तों का उल्लंघन माना गया। निलंबन अवधि में एसआई द्विवेदी और एएसआई रघुवंशी को नियमानुसार वेतन-भत्तों की पात्रता रहेगी।

पटवारी संघ ने फिर दोहराया, नहीं करेंगे स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले 20 दिन से गांवों में आबादी की जमीन पर रहवासियों की रजिस्ट्री कराने से इंकार पर पटवारी अड़े हुए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश भर में स्वामित्व योजना की करीब 48 लाख रजिस्ट्रियां अटकी हुई हैं।

मंगलवार को भदभदा स्थित सहयात्रि परिसर में पटवारी संघ के जिलाध्यक्षों की बैठक रखी गई, जिसमें रजिस्ट्री नहीं कराने की बात दोहराई गई।

संघ ने स्पष्ट किया कि पटवारी अन्य सभी काम पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री कराने से पटवारियों को कोर्ट में घसीटा जा सकता है। जिसको लेकर प्रदेश भर के 23 हजार इस योजना में निष्पादक की भूमिका को लेकर विरोध कर रहे हैं।

तर्क दिया- रजिस्ट्री के विवाद हुए तो कोर्ट में घसीटे जाएंगे पटवारी



पटवारियों का नाम हटाने पर ही मिलेगी राहत

मप्र पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल और प्रांतीय पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अश्विन सैनी ने बताया कि इस मामले में लीगल एडवाइस भी ली गई है। पटवारियों को निष्पादक की भूमिका से हटाए जाने के बाद ही उन्हें राहत मिलेगी। रजिस्ट्री में पटवारियों की भूमिका को लेकर अब संघ के फैसले से सरकार के सामने नई स्थिति बन गई है। सरकार ने इस काम में राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी शामिल किया है।

जैकेट का शेष....

युवा वर्ष के रूप में ...

भी शुरूआत की जाएगी, जिसमें युवा अपने विचार और सुझाव दे सकेंगे। राज्य सरकार उपयुक्त सुझावों को लागू करने की दिशा में कार्य करेगी। उच्च शिक्षा में शोध को प्रोत्साहन देने के लिए शोधार्थियों को मिलने वाली राशि को 16 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपए प्रतिमाह किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2027 में पुनः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होगा, जिससे सम्पूर्ण प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एशियन गेम्स-2026 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक जीते हैं। बदलते दौर में भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवा शक्ति के बल पर भारत आगे बढ़ेगा और इसी के साथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश सबसे युवा प्रदेश है। मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के पंजीकरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्योगों और विकसित भारत -2047 पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, साथ ही डॉ. मोहन यादव के संग-बदलाव के रंग की रॉक शैली में वीडियो प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर नेशनल एआई लिटरेसी मिशन के कौशल रथ द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक भी देखा और स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।

यूथ आइकॉनिक सिंगर ...

प्रस्तुतियां दी गयी। मेरी चौखट पर चलकर आज प्रभु श्रीराम आए हैं, शंकर संकट हरना, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारे जैसे भजनों पर युवा झूम उठे। लाल परेड मैदान युवाओं के उत्साह, उमंग और ऊर्जा से सराबोर हो गया। **यही समय है-सही समय है** : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी शासकीय विभागों में 85 हजार युवाओं को नौकरी दी। उन्होंने युवा साथियों में जोश भरते हुए कहा कि यही समय है - सही समय है। राज्य सरकार युवाओं के लिए तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में लगातार कई नए कदम उठा रही है। राज्य में नॉलेज सिटी और साइंस सिटी आकार ले रही हैं। हमारा प्रयास है कि राज्य के युवा नौकरी पाने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने, इसीलिए आईटी पार्क इंदौर, रीवा, उज्जैन सहित हम देश का सबसे बड़ा टेली कम्यूनिकेशन केंद्र ग्वालियर में बनाने जा रहे हैं।

मुंबई में उद्योग जगत ...

वित्तीय और कारोबारी समूहों का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सीधा संवाद निवेश की संभावनाओं को लेकर चल रहे संपर्क अभियान का महत्वपूर्ण चरण होगा। संवाद के दौरान प्रदेश की औद्योगिक नीति, निवेश के लिए उपलब्ध अवसरों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रहे औद्योगिक आधार से उद्योग समूहों को अवगत कराया जाएगा।

मंडलोई प्रस्तुतीकरण ...

होगी। औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई मप्र में निवेश के अवसरों पर प्रस्तुतीकरण देंगे। उद्योगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, निवेश अनुकूल नीतिगत वातावरण और विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रहे औद्योगिक अवसरों को विस्तार से सामने रखा जाएगा। संवाद में विशेष रूप से यह रेखांकित किया जाएगा कि मप्र देश के मध्य में स्थित होने के कारण बड़े बाजारों से जुड़ाव, लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक अधोसंरचना और विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर्स के माध्यम से निवेशकों के लिए व्यापक संभावनाएं उपलब्ध करा रहा है।

'गुजरात मॉडल' से विकसित ...

बड़े पैमाने पर लोगों को लाभ मिला। कैबिनेट ने जीएसटी, डिजिटल भुगतान, यूपीआई, जनधन-आधार-मोबाइल व्यवस्था और स्वदेशी वैक्सीन को महत्वपूर्ण बदलावों से जोड़ा। प्रस्ताव में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उत्पादन में वृद्धि तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति का भी उल्लेख किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, अनुच्छेद 370 हटाने, वन रैंक वन पेंशन और सीडीएस पद के गठन को निर्णायक कदम बताया गया। अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल कराने का भी उल्लेख हुआ।

ब्लैक होल, सक्रिय ...

न्यूट्रिनो बर्फ में मौजूद परमाणु के नाभिक से टकराता है, तो प्रकाश की चमक पैदा हो सकती है। बर्फ में लगाए गए संवेदनशील प्रकाश सेंसर इस संकेत को दर्ज करते हैं। दक्षिणी ध्रुव की विशाल, साफ और स्थिर बर्फ इस तरह के प्रयोग के लिए उपयुक्त माध्यम साबित हुई।

ब्रह्मांड के 'प्राकृतिक कण ...

प्रकाश के अलावा कणों को भी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक संदेशवाहक के रूप में स्थापित किया है।

पेज एक का शेष....

राहुल बोले- सीईसी ...

डॉ. मोहन भागवत पर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल चुनाव आयुक्तों से मिलकर अपने सवालों के जवाब चाहता है। प्रस्तावित मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने विजय चौक और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ाते हुए कई स्तरों पर बैरिकेडिंग की थी। मार्च के दौरान विपक्ष और पुलिस के बीच कई जगह गतिरोध की स्थिति बनी। आकाशवाणी भवन परिसर में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता जुटे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटने के निर्देश दिए और कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। पुलिस का कहना था कि इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है और इस कारण लोगों का एकत्र होना प्रतिबंधित है।

राहुल बोले- हमें सिर्फ एक जगह बता दीजिए, कहां बैठना है? राहुल और प्रियंका गांधी ने आकाशवाणी भवन में बरगद के पेड़ के नीचे चटाई बिछाकर बैठ गए। राहुल ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले एक स्थान से हटाया गया और अब यहां से भी हटाया जा रहा है। राहुल ने पुलिस से पूछा कि अगर उन्हें यहां बैठने की अनुमति नहीं है तो वह देश में आखिर कहां बैठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझे यहां से हटाना चाहते हैं तो हटा दीजिए, लेकिन बस इतना बता दीजिए कि देश में मैं कहां बैठ सकता हूं? राहुल ने पूछा कि क्या वे इंडिया गेट, जंतर-मंतर या सड़क पर बैठ सकते हैं। विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते हैं और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उनसे सवाल पूछना चाहते हैं।

संबित पात्रा ने कहा ...

हिंदुओं और ईवीएम के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता ने कांग्रेस से 10 सवाल पूछे। इनमें करीब दो करोड़ मृत मतदाताओं के नाम हटाने, 'वोट चोरी' के आरोप, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु की सरकारों की वैधता, एसआईआर की पिछली प्रक्रियाओं और कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका से जुड़े सवाल शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि यदि कांग्रेस चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है तो उसके अनुसार पिछली एसआईआर के बाद बनी कांग्रेस सरकारों की वैधता पर क्या सवाल उठेंगे। पात्रा ने यह भी सवाल किया कि 1993 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया में प्रधानमंत्री की भूमिका पर कांग्रेस का क्या रुख था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव हारने पर कांग्रेस चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है और जीतने पर उसी व्यवस्था को स्वीकार करती है।

भारत में 100 से ...

पहुंचने की संभावना है। नायडू का कहना है कि भारत वैश्विक शांति का केंद्र भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते डोमेस्टिक एविएशन मार्केट में से एक है और डिफेंस प्रोजेक्ट के हब के रूप में भी उभर रहा है।

सीएम आज 2...

रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर सृजित होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटकों के यहां पहुंचेंगे, जिससे होटल, रिसॉर्ट, होम-स्टे, परिवहन, गाइड, वाहन चालक, छोटे व्यवसाय और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को मप्र में चीतों के तीसरे आवास के रूप में विकसित किया गया है। चीतों की सुरक्षा और अनुकूलन के लिए लगभग 439 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आधुनिक बाड़ों (बोमा) और अन्य सुविधाओं से युक्त सुरक्षित आवास तैयार किया गया है। चीतों की सुरक्षा, नियमित निगरानी और स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जुड़ाया जाएगा गायब ...

(एएसआई) अब इसे मूल स्वरूप में बहाल करने की दिशा में काम कर रहा है। एएसआई की संयुक्त महानिदेशक एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नंदिनी भट्टाचार्य के अनुसार प्रतिमा की संवेदनशीलता को देखते हुए बहाली में जल्दबाजी नहीं की जाएगी। पहले विशेषज्ञों की टीम प्रतिमा की स्थिति, पत्थर की संरचना और मस्तक को सुरक्षित तरीके से जोड़ने की तकनीकी संभावनाओं का अध्ययन करेगी। इसके लिए महानिदेशक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का विशेष कार्यदल गठित किया गया है। चंदेलकालीन कला का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जाने वाली इस प्रतिमा का धड़, चारों भुजाएं और पैर सुरक्षित हैं। वैज्ञानिक जांच के बाद ही संरक्षण की आगे की प्रक्रिया तय होगी। एएसआई की पहल से इस ऐतिहासिक धरोहर को उसका मूल स्वरूप लौटाने की उम्मीद बढ़ी है।

भाजपा विधायक कालू...

में स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में उनके आचरण को पार्टी अनुशासन के विपरीत और अत्यंत आपत्तिजनक बताया गया है। जवाब नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

काम नहीं ...

दो पार्षद शामिल हुए। सीएमओ ने बताया कि ठेकेदार 22 काम पूरे नहीं कर रहा है। इस बीच कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार के ट्वीट के बाद मामला राजनीतिक चर्चा में आ गया है।

एयर मार्शल आशुतोष ...

लेंगे, जो 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। एयर मार्शल दीक्षित फिलहाल वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 1 जुलाई 2026 को यह जिम्मेदारी संभाली थी। करीब चार दशक के अपने सैन्य करियर में उन्होंने परिचालन, प्रशिक्षण, परीक्षण और रणनीतिक स्तर पर कई अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने वायुसेना की परिचालन क्षमता और आधुनिकीकरण से जुड़े कार्यों में योगदान दिया है। **स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजनाओं से जुड़े रहे:** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को देश की स्वदेशी विमानन परियोजनाओं में योगदान के लिए भी जाना जाता है। उप प्रमुख और अन्य वरिष्ठ पदों पर रहते हुए वह तेजस एमके-1ए, तेजस एमके-2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े रहे हैं। बंगलूरू स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में भी उन्होंने तेजस एमके-1ए सहित विभिन्न स्वदेशी विमानन परियोजनाओं की समीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके कार्यकाल में वायुसेना के आधुनिकीकरण और स्वदेशी रक्षा तकनीक को बढ़ावा देने से जुड़े कार्यक्रमों को भी महत्वपूर्ण भूमिका मिली है।

प्रदेश के 11 जिलों...

इंदौर, उज्जैन, बैतूल, हरदा, नमज्दापुरम, रतलाम, झाबुआ, धार और आलीराजपुर हैं। शाजापुर और पांढुर्णा में केवल 3 फीसदी का अंतर है। मौसम केंद्र के अनुसार इस साल 30 सितंबर तक मानसून सीजन में प्रदेश में औसत से 4 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इस बीच पूर्वी मध्य प्रदेश में सामान्य से औसतन 4 फीसदी अधिक हो गई, जबकि पश्चिमी हिस्से में 12 प्रतिशत कम रही है। मौसम विशेषज्ञ एक शुक्ला के अनुसार सामान्य से 26 प्रतिशत तक बारिश कम होने पर सरकार जिले को सूखाग्रस्त घोषित करती है। इस बार मालवा-निमाड़ ही नहीं, नर्मदापुरम संभाग में भी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। **मुख्यमंत्री को सूखी फसलें दिखा चुके किसान:** कुछ जिलों काफी कम बारिश के बीच पांढुर्णा में किसान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अपनी सूखी फसलें दिखा चुके हैं। 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव पांढुर्णा पहुंचे थे। तब उनका काफिला किसानों ने रोक लिया था। हाथों में सूखी और मुरझाई फसलें लेकर पहुंचे किसानों ने जिले को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करने और कृषि कर्ज माफ करने की मांग की थी। स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री गाड़ी से नीचे उतरे और किसानों की समस्याएं सुनी थीं। अन्य जिलों में भी ऐसे ही हालात बन रहे हैं। सोयाबीन, मूंग, मक्का सहित अन्य खरीफ फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं, आगामी रबी सीजन में पानी को लेकर दिक्कतें बढ़ सकती है।

टल गया बड़ा हादसा ...

बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी और मौके पर केवल उसका लोहे का ढांचा बचा।

बस के स्वामित्व पर उठे सवाल

जली हुई बस पर भगवा रंग का रेडियम लगा था और शीशे पर 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' लिखा था। हालांकि प्रशासन के अनुसार बस इस सरकारी सेवा का हिस्सा नहीं थी, बल्कि निजी ऑपरेटर की पुरानी डीजल बस थी। पुलिस और परिवहन विभाग अब जांच कर रहे हैं कि निजी बस पर सरकारी योजना की ब्रांडिंग कैसे हुई। गौरतलब है कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की गई थी। इसके तहत प्रदेश के सात प्रमुख शहरों के लिए 351 बसें शुरू की गई हैं। उज्जैन को धार्मिक पर्यटन के लिए 10 ई-बसें भी दी गई हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना
सं एस.जी. 664-06-टेली-2026-27

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। (1) **कार्य का नाम:** MESR और HZBN स्टेशनों पर IPIS सिस्टम के साथ CIB, TIB और ऑटो अनाउंसमेंट की प्रावधान करने हेतु। (2)**कार्य का आकलित मूल्य:** रू. 2,24,85,664.58 (3) **कार्य का अग्रधन राशि:** रू. 4,49,700.00 (4)**निविदा बद होने की तिथि एवं समय:** 23.10.2026 (12:00 बजे) (5) **ऐसी ई निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।** उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **दृष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वे बसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि0 पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1060/डीएनएन/एस एण्ड टी/टी/26–27/32

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे उल्लिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– (1) **ई–निविदा सं०:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–डीओएस–09 दो पैकेट प्रणाली में, **कार्य का नाम:** EC रेलवे के DDU डिवीजन के तहत DFCC की तीसरी और चौथी लाइन के लिए प्रस्तावित अलाइनमेंट के अंतर्गत स्टेशन बिल्डिंग (नई कास्था और नया रफीगंज) और अन्य सहायक सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 14,82,80,157.14, **बोली प्रतिभूति (₹):** 29,65,600.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) माह **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 26.10.2026 को 15.00 बजे। कोई भी ई–टेंडर जो डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा जाएगा, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर जमा करने के ऐसे सभी मैनुअल तरीके, भले ही वे फर्म के लेटर पैड पर हों या समय पर प्राप्त हुए हों, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऊपर दिया गया ई–टेंडर दस्तावेज, पूरी जानकारी के साथ, वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोट:** टेंडर नोटिस में कोई भी विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा। टेंडर देने वालों से अनुरोध है कि वे इस ई–टेंडर से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए, टेंडर बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर जाएं।

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पू० म० रेलवे, डेहरी ऑन सोन

पीआर/1063/कंस्ट्रक्शन डीओएस/ईएनजीजी/टी/26–27/36

सार्वजनिक सूचना

मैं, बतूल फातमा पत्नी जहीर अहमद खान, निवासी 55–बी, नवीन नगर, ऐशबाग भोपाल–462010 एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा दूसरा नाम सायरा खान (Sayra Khan) भी है। बतूल फातमा एवं सायरा खान (Sayra Khan) दोनों मेरे ही नाम हैं और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः भविष्य में सायरा खान (Sayra Khan) नाम से संबंधित किसी भी दस्तावेज अथवा अभिलेख को मेरे नाम बतूल फातमा के संदर्भ में ही माना जाए।

दिनांक : 05.10.2026
स्थान : भोपाल

बतूल फातमा
पत्नी जहीर अहमद खान

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक 249 ए–सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अफजल खान आत्मज श्री इब्राहिम खान के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 4156–64 दिनांक 11/06/1987 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/01/1992 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अफजल खान आत्मज श्री इब्राहिम खान (पिता जी) की दिनांक 29/09/2019 एवं श्रीमती हुस्न आरा पत्नी श्री अफजल खान (माता जी) की दिनांक 27/12/1994 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्रगण 1) श्री मोहम्मद सोहेल खान 2) श्री मोहम्मद दानिश खान 3) श्री मोहम्मद यासिर खान पुत्रगण स्व. श्री अफजल खान के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्री मोहम्मद सोहेल खान 2) श्री मोहम्मद दानिश खान 3) श्री मोहम्मद यासिर खान पुत्रगण स्व. श्री अफजल खान के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र–2 भोपाल

8/स्टोर/सा./AMC/2021-Part(1) 1/1344768/2026

कार्यालय आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन
मध्य प्रदेश, ईदगाह हिल्स, भोपाल (म.प्र.). 462001
दूरभाष : 0755-2665385, ई-मेल: cfdamp@rediffmail.com, fdampbhopal@gmail.com

क्रमांक- 8/स्टोर/सा./ AMC/2021/Part-1/ 6129 भोपाल, दिनांक 01/10/2026

निविदा सूचना

कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश अन्तर्गत कम्प्यूटर्स / प्रिंटर्स की मरम्मत एवं टोनर रिफिलिंग इत्यादि के वार्षिक रख-रखाव की दरें एवं उसमें लगने वाली सामग्री की दरों के वार्षिक अनुबंध करने संबंधी निविदा क्रमांक Gem/2026/B/8103212 Gem Portal पर आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन Gem Portal के माध्यम से निविदा जमा करा सकते हैं।

संयुक्त नियंत्रक
खाद्य एवं औषधि प्रशासन
मध्य प्रदेश

जी - 19539/26 स्वच्छता ही सेवा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
चतुर्थ तल तुलसी नगर, अटल भवन, लिंक रोड-2, भोपाल-462003

क्र. 5536/एच.एफ.ए./ 2026 भोपाल, दिनांक 06/10/2026

::सार्वजनिक सूचना::

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अरहेडी परियोजना में 56 नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस आवासों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के आवासों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए थे। 56 आवेदको द्वारा प्रथम आओ प्रथम पाओ प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया गया है। कुल 56 (पात्र/अपात्र) पंजीयनकर्ताओ की अंतरिम सूची परियोजना स्थल (अरहेडी) एवं जोन कार्यालय जोन क्र 16 मे चस्पा की गई है। सूचना जारी दिनांक से 15 दिवस की अवधि तक दावा/आपत्ति आंमत्रित की जा रही हैं जिस हेतु अरहेडी परियोजना स्थल एवं जोन कार्यालय जोन क्र 16 अयोध्या बायपास रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अयोध्या नगर, भोपाल मे कार्यालयीन समय मे दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

जोनल अधिकारी
(एच.एफ.ए.)
नगर पालिक निगम, भोपाल

सू. क्र.833/026/027



हरिभूमि भोपाल बाजार
व्यापार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सावित्री धुर्वे पत्नि राम नारायण धुर्वे, 103 सरोज मोरिया विद्यालय के पास, बैरागढ़ कला, हुजूर, भोपाल म.प्र. की निवासी हूं:– यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम सावित्री धुर्वे(SAVITRI DHURVE) हैं, जो कि सही है, एवं मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सावित्री देवी (SAVITRI DEVI) दर्ज हो गया हैं जो की गलत है। अब मुझे मेरे सही नाम सावित्री धुर्वे (SAVITRI DHURVE) से जाना व पहचाना जावें एवं मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम यही है, जो कि सत्य व सही है। पुराना नाम सावित्री देवी (SAVITRI DEVI) नया नाम सावित्री धुर्वे (SAVITRI DHURVE)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक



R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

शब्द पहेली - 6370



बाएँसेदाए±
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रृंगार -3

**शब्द पहेली

खबर संक्षेप

एआईसी पिनेकल नैट्रैक्स में एमओयू

पुणे। एआईसी पिनेकल एंटरप्रेन्योरशिप फोरम और नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स ने ऑटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में स्टार्टअप, इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किया है। पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस-एका की चाकन फैसिलिटी में एआईसी पिनेकल के सीईओ डॉ. अविनाश ठाकुर और नैट्रैक्स के डायरेक्टर डॉ. मनीष जायसवाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पिनेकल के संस्थापक डॉ. सुधीर मेहता ने कहा कि समझौते के तहत पिनेकल के इनक्यूबेशन, मेंटरिंग और इंडस्ट्री नेटवर्क को नैट्रैक्स के टेस्टिंग एवं वैलिडेशन इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ा जाएगा।

सैमसंग यूपी में 5 हजार युवाओं को देगा प्रशिक्षण

लखनऊ। सैमसंग नवाचार परिसर-2026 का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में किया। कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के 5 हजार युवाओं को एआई और जनरेटिव एआई में उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। देश के 10 राज्यों में 20 हजार युवाओं को एआई का प्रशिक्षण देना है। कार्यक्रम में सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एसपी चुन, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशू रानी, वरिष्ठ शिक्षाविद और करीब 900 छात्र शामिल हुए।

स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर मेगा डील्स

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया पर स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर मेगा डील्स शुरू हो गई हैं। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 से पहले कंपनी फ्लैगशिप से लेकर बजट 5जी स्मार्टफोन तक पर आकर्षक ऑफर दे रही है। ग्राहक एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड के साथ क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10 प्रतिशत तत्काल छूट पा सकते हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5 प्रतिशत कैशबैक भी मिल रहा है। ऑफर के तहत सैमसंग गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा 5जी 84,999 रुपए में उपलब्ध है। इसमें 5,000 रुपए का कूपन शामिल है। सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 5जी 1,29,999 रुपए में मिल रहा है।

बोर्ड मंडी आयुक्त का सख्त फरमान

मंडियों में सोयाबीन भावांतर में जरा भी गड़बड़ी नहीं चलेगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खरीफ 2026 की सोयाबीन फसल के लिए भावांतर भुगतान योजना को लेकर मध्यप्रदेश में मंडी बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। किसानों को योजना का लाभ दिलाने के साथ-साथ फर्जीवाड़े, घटिया गुणवत्ता, गलत तौल, व्यापारी कार्टेल और बाहर से लाई गई सोयाबीन की बिक्री पर रोक लगाने के लिए मंडियों में कड़े निगरानी तंत्र लागू किए जाएंगे।

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडी समितियों में भारसाधक अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बोर्ड ने साफ कर दिया है कि योजना में लापरवाही या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भावांतर योजना 2026 का लाभ लेने के लिए किसान का पंजीयन अनिवार्य होगा। बिना पंजीयन के किसान योजना के तहत भुगतान का दावा नहीं कर सकेगा। सबसे महत्वपूर्ण नियम यह है कि किसान को अपनी सोयाबीन मंडी प्रांगण या निर्धारित उपमंडी प्रांगण में ही बेचनी होगी। एमपी फार्मगेट एप या सौदा पत्रक के माध्यम से बेची गई सोयाबीन पर भावांतर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सोयाबीन बिक्री का भुगतान किसान के पंजीकृत बैंक खाते में ऑनलाइन या बैंक ट्रांसफर के माध्यम से ही किया जाएगा। मैनुअल या ऑफलाइन भुगतान किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।


कुमार पुरुषोत्तम

एंट्री से तौल और भुगतान तक डिजिटल निगरानी, 24 घंटे कंट्रोल रूम



मंडी में किसान की हर गतिविधि कैमरे में

भावांतर योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंडियों में निगरानी का दायरा काफी बढ़ाया गया है। किसान के मंडी में प्रवेश करते ही उसका पंजीयन क्रमांक और वाहन नंबर ई-मंडी पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। प्रवेश पर्ची, अनुबंध पत्रक, तौल पर्ची और भुगतान पत्रक पर भी पंजीयन क्रमांक दर्ज रहेगा। मंडी के प्रवेश गेट, नीलामी स्थल, प्रांगण और निकासी गेट पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य होगी। इसके साथ प्रत्येक किसान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और उसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि मंडियों में पंजीकृत और गैर-पंजीकृत किसानों के लिए अलग-अलग लाइन नहीं लगाई जाएगी। नीलामी प्रक्रिया में भी किसी किसान के साथ पंजीयन के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकेगा।

हर मंडी में दिखेगा रोज का मॉडल रेट

किसानों को बाजार भाव की जानकारी देने के लिए प्रदेश स्तर पर मंडी बोर्ड मुख्यालय से जारी दैनिक मॉडल रेट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मॉडल रेट को मंडी के प्रवेश और निकासी द्वार, प्रशासनिक भवन, नीलामी स्थल, किसान विश्राम गृह, कैंटीन और टिकर बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा व्हाट्सऐप ग्रुप और ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिए भी रोजाना इसकी घोषणा होगी। भावांतर योजना में भारत सरकार की पीडीपीएस गाइडलाइन के अनुरूप केवल एफएक्यू गुणवत्ता वाली सोयाबीन को ही लाभ के लिए पात्र माना जाएगा। इसके लिए मंडियों में मॉइश्चर मीटर समेत गुणवत्ता जांच के उपकरण चालू हालत में रखने के निर्देश दिए गए हैं। मंडियों में मिलने वाले भावों को प्रसंस्करण संयंत्रों के भाव से तुलना की जाएगी। इससे नीलामी में कृत्रिम रूप से कम भाव बनाने की कोशिशों पर नजर रखी जा सकेगी।

24 घंटे कंट्रोल रूम, शिकायत पर तत्काल निगरानी

योजना के सुचारू संचालन के लिए आंचलिक कार्यालय और मंडी स्तर पर 24x7 कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क बनाए जाएंगे। किसानों की शिकायतों और योजना से जुड़ी समस्याओं की निगरानी इन केंद्रों के जरिए की जाएगी।

बोर्ड का स्पष्ट संदेश

सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना को लेकर मंडी बोर्ड के आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने सभी संबंधित अधिकारियों और मंडी समितियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही, लापरवाही या नियमों का उल्लंघन क्षम्य नहीं होगा। इस बार भावांतर योजना में सरकार का फोकस सिर्फ किसान को भुगतान दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि मंडी में किसान के प्रवेश से लेकर गुणवत्ता जांच, नीलामी, तौल और बैंक खाते में भुगतान तक पूरी प्रक्रिया को निगरानी के दायरे में लाने पर है।

मप्र में ऑटो बाजार की रफ्तार तेज, सितंबर में 17.8 फीसदी बढ़ी वाहन बिक्री

1.24 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री इलेक्ट्रिक वाहनों ने पकड़ी तेज रफ्तार

2-व्हीलर और 3-व्हीलर में बढ़ा इलेक्ट्रिक वाहनों का हिस्सा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश के ऑटोमोबाइल बाजार ने सितंबर 2026 में मजबूत रफ्तार दर्ज की है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के मुताबिक प्रदेश में सितंबर में कुल 1,23,967 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई, जो सितंबर 2025 की 1,05,230 इकाइयों के मुकाबले 17.81 प्रतिशत अधिक है। अगस्त 2026 की तुलना में भी बिक्री में 6.4 प्रतिशत की मासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि मध्यप्रदेश की बिक्री वृद्धि राष्ट्रीय औसत से पीछे रही। सितंबर में देशभर में कुल 25,36,920 वाहन बिके, जिनमें सालाना आधार पर 31.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके बावजूद प्रदेश के बाजार में दोपहिया, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रदेश में कुल बिक्री में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सबसे बड़ी रही। सितंबर में 91,175 दोपहिया वाहन बिके, जो पिछले साल के 75,771 वाहनों से 20.33 प्रतिशत ज्यादा हैं। तिपहिया वाहनों की बिक्री 5,624 इकाई रही और इसमें 23.58 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज हुई।

कमर्शियल वाहनों की बिक्री 4,016 इकाई रही, जो 26.61 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। पैसेंजर व्हीकल यानी कारों की बिक्री 15,246 इकाई रही और इसमें 7.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। वहीं ट्रैक्टरों की बिक्री 7,662 इकाई रही, जो पिछले साल की तुलना में 4.09 प्रतिशत अधिक है। सितंबर के आंकड़ों में सबसे बड़ा संकेत इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता का है। प्रदेश में 19,279 इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जिनका कुल वाहन बिक्री में 15.6 प्रतिशत हिस्सा रहा। ईवी बिक्री में सालाना आधार पर 51.5 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज हुई। दूसरी ओर पेट्रोल/एथेनॉल से चलने वाले वाहनों की बिक्री 81,871 इकाई रही और इनका हिस्सा 66 प्रतिशत रहा।

खेती पर निर्भर अर्थव्यवस्था का असर


आशीष पांडेय

फाडा मध्यप्रदेश के चेयरपर्सन आशीष पांडे के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष में सितंबर की बिक्री में 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि उत्साहजनक है। उनका कहना है कि प्रदेश में मानसून समान नहीं रहा और बारिश सामान्य से करीब 4 प्रतिशत कम रही। ऐसे में बेहतर बारिश होती तो बिक्री का आंकड़ा और मजबूत हो सकता था। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि की बड़ी भूमिका होने के कारण ग्रामीण आय और फसल की स्थिति वाहन बाजार को सीधे प्रभावित करती है। पांडे के मुताबिक ज्यादातर क्षेत्रों में सोयाबीन और धान की अच्छी फसल रहने से आगामी त्योहारी सीजन में वाहन बिक्री को सहारा मिलने की उम्मीद है।

65 हजार जनजातीय नागरिकों का तैयार हुआ डिजिटल डेटाबेस

आदिग्राम परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तीकरण को नई दिशा

17 हजार से अधिक परिवारों को मिला तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ



संवाद एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंतनगर

जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए विकास को गति देने के उद्देश्य से संचालित 'टेक्नो-इनेबल्ड आदिग्राम' परियोजना के तहत 17 हजार से अधिक परिवारों को डिजिटल तकनीक और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। परियोजना के तहत करीब 65 हजार जनजातीय नागरिकों का डिजिटल एवं जियो-टैग्ड डेटाबेस तैयार किया गया है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. रतन सिंह सभागार में 'आदिग्राम : लाभार्थी संवाद एवं सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने की, जबकि मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शिवेंद्र कुमार कश्यप रहे। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों की 300 लाभार्थी महिलाओं, 42 ग्राम प्रधानों और पतंजलि की 20 से अधिक योग शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

64 गांवों में लागू हुई परियोजना

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और जनजाति कल्याण निदेशालय, उत्तराखंड के सहयोग से दिव्य योग मंदिर न्यास द्वारा संचालित इस परियोजना के लिए उत्तराखंड के 64 जनजाति बहुल गांवों का चयन किया गया था। इनमें ऊधम सिंह नगर के 42 गांव शामिल हैं। परियोजना का उद्देश्य डिजिटल तकनीक, डेटा और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय समुदायों के लिए समावेशी विकास का मॉडल तैयार करना है। परियोजना के तहत सभी चयनित परिवारों और प्रमुख ग्राम परिसंपत्तियों की 100 प्रतिशत जियो-टैगिंग पूरी की गई है। वहीं 5,000 से अधिक किसानों को डिजिटल कृषि प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया और 15 हजार से अधिक लोगों को आजीविका एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

शिल्पकारों को ई-कॉमर्स से जोड़ा

परियोजना के तहत 200 से अधिक जनजातीय शिल्पकारों को 'इरुला' ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं 50 प्रतिशत से अधिक परिवारों को उनकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं से जोड़ने का दावा किया गया है। परियोजना के आंकड़ों के अनुसार, डिजिटल साक्षरता में 30 से 40 प्रतिशत तक सुधार तथा लाभार्थियों की आय में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा सभी 64 गांवों के लिए साक्ष्य-आधारित विकास योजनाएं भी तैयार की गई हैं

'धरती का डॉक्टर' बना आकर्षण का केंद्र

समारोह में आचार्य बालकृष्ण ने संस्थान की कृषि संबंधी पहलों की समीक्षा की और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान पतंजलि अनुसंधान संस्थान, हरिद्वार की ओर से विकसित 'धरती का डॉक्टर' मृदा परीक्षण यंत्र और संस्थान की पुस्तकों का प्रदर्शन भी किया गया। मृदा परीक्षण यंत्र किसानों, शोधकर्ताओं और कृषि विशेषज्ञों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। समारोह में पतंजलि के वैज्ञानिकों के साथ साध्वी बहनें भी मौजूद रहीं।

बिजनेस न्यूज

सेंट्रल बैंक ने सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत बच्चों के लिए कराईं प्रतियोगिताएं

भोपाल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बैंक कर्मचारियों के बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंचलिक प्रमुख धीरज गोयल, उप-अंचल प्रमुख राज किशोर केरकेट्टा और क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही ईमानदारी, नैतिकता, राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों, जागरूक नागरिकों और पर्यावरण संरक्षकों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अधिकारियों का मन मोह लिया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने 'ईमानदार भारत, समृद्ध भारत', 'मेरे देश का अंतरिक्ष स्टेशन' और 'भ्रष्टाचार मुक्त समाज' जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। आंचलिक प्रमुख धीरज गोयल ने कहा कि नैतिक मूल्यों और ईमानदारी की सीख बचपन और परिवार से ही शुरू होती है। उप-अंचल प्रमुख ने कहा कि सतर्कता का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति में सही कार्य करने की जागरूकता और जिम्मेदारी विकसित करना है। क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार सिंह ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन मौजूद रहे।



आईएसबी हर साल देगा 250 स्कॉलरशिप, रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट पर भी जोर

हैदराबाद। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के मौके पर मैनेजमेंट शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कई दीर्घकालीन पहल शुरू करने की घोषणा की है। आईएसबी@25 स्कॉलर्स प्रोग्राम के तहत संस्थान हर साल 250 स्कॉलरशिप देगा। ये स्कॉलरशिप पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स के लिए होंगी। छात्रों को योग्यता और आर्थिक जरूरत के आधार पर फीस में 100, 50, 30 और 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसका उद्देश्य अलग-अलग आर्थिक, भौगोलिक और पेशेवर पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली छात्रों को विश्वस्तरीय मैनेजमेंट शिक्षा का अवसर देना है। 2001 में स्थापित आईएसबी के हैदराबाद और मोहाली में कैंपस हैं तथा 65 से अधिक देशों में इसके 20 हजार से ज्यादा पूर्व छात्र हैं।

फ्लिपकार्ट का बिग बिलियन डेज 9 अक्टूबर से

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट का 13वां बिग बिलियन डेज 9 अक्टूबर से शुरू होगा। ग्राहकों के लिए शुरुआती पहुंच 8 अक्टूबर से उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, इस बार रिकॉर्ड संख्या में विक्रेता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और कारीगर त्योहारी बिक्री में हिस्सा ले रहे हैं। अभियान के तहत करीब 15 करोड़ उत्पाद उपलब्ध होंगे। फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा कि बिग बिलियन डेज केवल कंपनी का आयोजन नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल वाणिज्य और छोटे कारोबारों के विस्तार की कहानी है। कंपनी के अनुसार उसके मंच पर 50 करोड़ पंजीकृत ग्राहक और 14 लाख विक्रेता जुड़े हैं।

जीएसटी कानून में कर, ब्याज और दंड वसूली का स्पष्ट प्रावधान

कर चोरी पर हर व्यापारी की गिरफ्तारी उचित नहीं, न्यायालय की निगरानी में हो कार्रवाई



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी कानून के तहत कर चोरी के मामलों में प्रत्येक व्यापारी की गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहराया जा सकता। सलाहकार और करदाताओं ने कहा कि कर चोरी पाए जाने पर कानून में कर, ब्याज और दंड की वसूली के स्पष्ट प्रावधान मौजूद हैं। ऐसे में गिरफ्तारी जैसे कठोर कदम का इस्तेमाल परिस्थितियों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी सरकार के राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बिना किसी शुल्क के सरकार के लिए कर संग्रह की प्रक्रिया में सहयोग करते हैं। ऐसे में अधिकारियों को अत्यधिक अधिकार दिए जाने से उनके संभावित दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। आर्य के अनुसार, गिरफ्तारी के अधिकार को अधिकारियों के बजाय न्यायालय की निगरानी में लाया जाए तो यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अधिक अनुरूप होगा। अधिवक्ता आर्य ने कहा कि न्यायालय के समक्ष व्यापारी को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिल सकेगा। साथ ही गिरफ्तारी की आवश्यकता, परिस्थितियों और मामले की गंभीरता की स्वतंत्र समीक्षा भी संभव होगी। इससे कार्रवाई में पारदर्शिता बढ़ सकती है और अनावश्यक गिरफ्तारी की स्थिति से बचा जा सकता है।

कर चोरी पर कार्रवाई करें, लेकिन प्रक्रिया हो पारदर्शी

भोपाल डीलर एसोसिएशन (एफएमसीजी) अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहा कि जीएसटी में सुधार का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह बढ़ाना नहीं, बल्कि ईमानदार करदाताओं के लिए व्यवस्था को सरल और भरोसेमंद बनाना भी होना चाहिए। गंभीर धोखाधड़ी और जानबूझकर कर चोरी के मामलों में कड़ी कार्रवाई जरूरी है, लेकिन वर्गीकरण, मूल्यांकन या इनपुट टैक्स क्रेडिट जैसे मामलों में मतभेद को सीधे आपराधिक कार्रवाई से जोड़ना कारोबार के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है। प्रस्तावित सुधारों में ऐसे सामान्य विवादों को आपराधिक कार्रवाई के दायरे से बाहर रखने पर भी विचार होने की खबर है। उन्होंने कहा कि कर चोरी करने वालों पर सख्ती हो, लेकिन ईमानदारी से व्यापार करने वालों को भय के माहौल में कारोबार न करना पड़े। यदि गिरफ्तारी के लिए न्यायिक अनुमति का प्रावधान लागू होता है तो यह कर प्रशासन और व्यापारिक समुदाय के बीच संतुलन कायम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।



ईमानदार व्यापारियों में बढ़ेगा भरोसा



अधिवक्ता मृदुल आर्य व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि अधिकांश व्यापारी नियमित रूप से कारोबार करते हैं और देय कर समय पर जमा करते हैं। कुछ कारोबारियों की गलतियों के कारण पूरे व्यापारिक समुदाय को संदेह की नजर से देखना उचित नहीं है। कारोबारियों के अनुसार, कर चोरी की जांच और राजस्व वसूली की कार्रवाई जारी रहनी चाहिए, लेकिन सामान्य कर विवाद और जानबूझकर की गई गंभीर कर चोरी के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। उनका मानना है कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिसमें ईमानदार कारोबारियों का भरोसा बना रहे और गंभीर कर चोरी करने वालों पर कानून के तहत प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित हो।

संदेह की नजर से देखना उचित नहीं



भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि अधिकांश व्यापारी नियमित रूप से अपना कारोबार करते हैं और सरकार को देय कर समय पर जमा करते हैं। कुछ गलत कारोबारियों की वजह से पूरे व्यापारिक समुदाय को संदेह की नजर से देखना उचित नहीं है। उनके अनुसार जांच और कर वसूली की कार्रवाई जारी रहनी चाहिए, लेकिन सामान्य कर विवाद और जानबूझकर की गई गंभीर कर चोरी के बीच स्पष्ट अंतर होना जरूरी है। उनका मानना है कि यदि गिरफ्तारी जैसे कठोर प्रावधानों में न्यायिक निगरानी आती है तो इससे कारोबारियों का सरकारी व्यवस्था पर विश्वास बढ़ेगा। साथ ही अधिकारियों और करदाताओं के बीच अनावश्यक टकराव कम हो सकता है।

डायमेन्सिटी 9600 प्रो चिपसेट पेश

नई दिल्ली। वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने दिल्ली में आयोजित 'मीडियाटेक टेक डे' में अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन चिपसेट डायमेन्सिटी 9600 प्रो पेश किया। कंपनी के अनुसार, उन्नत 2 नैनोमीटर प्रक्रिया पर आधारित यह चिपसेट बेहतर प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और उपकरण पर आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए अनुभव उपलब्ध कराएगा। डायमेन्सिटी 9600 प्रो में दोहरे एनपीयू आर्किटेक्चर और एजेंटिक एआई इंजन दिया गया है।

OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI ASHOKNAGER DISTT. ASHOKNAGER

No/Nirman/26-27/886 Ashoknager Dated: 05.10.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for: Tender Number: 2026_MPSAM_540938 (PAC amount Rs. 152.86 Lakh) Construction of Trolly shed, Main gate Renovation work, Nala Covering work and railing at Existing Divider at mandi yard Ashoknager, Tender Number: 2026_MPSAM_540938 (PAC amount Rs. 169.63 Lakh) Construction of C.C. Road at mandi yard Ashoknager, Tender Number: 2026_MPSAM_540939 (PAC amount Rs. 130.11 Lakh) External Electrification, Intrigrated Control Panel room with Approach circuit at Mandi Yard Ashoknager. The following works Tender to be received online up to 17:00 on 30.10.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http:// mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in

Note: Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ बड़ौदा, एम.पी.हाऊसिंग बोर्ड शाखा, भोपाल

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **08-07-2026** को निम्न वर्णित उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **05.10.2026** को ले लिया है।

उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा एम.पी.हाऊसिंग बोर्ड शाखा** के अधीन होगा।

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

ऋणी का नाम	कब्जा की गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
ऋणी- **श्री सोनू कुमार पुत्र श्री मोहन सिंह कुशवाहा**	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी डुप्लेक्स मकान नं. ए-101 खसरा नंबर 25/1/1, 25/1/2, 25/1/3, 30/1/23/1 का भाग, निरुपम रॉयल पाल्म्स सेक्टर-ए, ग्राम- जाटखेड़ी, वार्ड नंबर 53, तहसील हुजूर, ज़िला भोपाल कुल क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट, संपत्ति मालिक श्री सोनू कुमार पुत्र श्री मोहन सिंह कुशवाहा चर्तुसीमाएँ: उत्तर - मकान नंबर ए-98, दक्षिण - कॉलोनी रोड, पूर्व - मकान नंबर ए-100, पश्चिम - मकान नंबर ए-102	दिनांक **08.07.2026** को ₹ **63,14,937/-** +ब्याज एवं अन्य खर्चे
ऋणी- **मेसर्स पी.एस. ग्लोबल सर्विसेज** प्रोप्राइटर: श्रीमती नेहा वर्मा पत्नि श्री विकास वर्मा	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी प्लाट नं. डी-125, खसरा नं. 493/1, 493/3, 494/1, 494/2, 494/3 एवं 494/4 का भाग, 'अमलतास ओएसिस' गाँव- कालापानी, पटवारी हल्का नंबर 31, तहसील- कोलार (हुजूर) ज़िला भोपाल, कुल क्षेत्रफल - 800.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्रीमती नेहा वर्मा पत्नि श्री विकास वर्मा चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. डी-126, दक्षिण- प्लाट नं. डी-124, पूर्व- प्लाट नं. 65, पश्चिम- कालोनी रोड	दिनांक **08.07.2026** को ₹ **18,19,635.71/-** +ब्याज एवं अन्य खर्चे

दिनांक : **05.10.2026**, स्थान: भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

चिंतन

प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद सामने आए एक वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी को एक महिला के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करते हुए दिखाया गया। पुलिस की जांच में यह वीडियो वास्तविक सीसीटीवी फुटेज नहीं, बल्कि एआई तकनीक से तैयार किया गया फर्जी वीडियो निकला। इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया गया है। यह दिखाता है कि कुछ लोग फर्जी पत्रकार बनकर अपना एजेंडा चला रहे हैं और मीडिया को बदनाम कर रहे हैं। ऐसे में प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर को समझना जरूरी हो गया है। ऐसे प्रोपेगेंडाधारी आंदोलनों में पुलिस कर्मचारियों को उकसाते हैं। उनके सवालों और बयानबाजी से लगता है कि वे किसी एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं। एआई के जरिये वीडियो तैयार करते हैं और फिर इसे किसी विशेष दल द्वारा प्रसारित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है कि एजेंडा आधारित पत्रकारिता न की जाए और जब भी मौके पर जाएं तो पत्रकार अपने आईडीकार्ड साथ लेकर जाएं। बता दें कि नदीम ने मदरसे से पढ़ाई की है और वह खुद को एक स्वतंत्र पत्रकार बताता है। उसने 10वीं तक पास नहीं की है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर इस वीडियो को प्रसारित कर दिल्ली पुलिस के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वीडियो के फर्जी पाए जाने के बाद इसे साझा करने वालों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण बात राजनीतिक दलों से भी आगे जाकर मीडिया की विश्वसनीयता की है। पत्रकारिता का पहला धर्म किसी दावे को इसलिए सच मान लेना नहीं है, क्योंकि वह वीडियो के रूप में सामने आया है। वीडियो प्रमाण का मजबूत माध्यम जरूर है, लेकिन एआई और डीपफेक तकनीक के दौर में केवल वीडियो का होना उसकी सत्यता की गारंटी नहीं रह गया है। हालांकि महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें की हैं और इन शिकायतों की जांच चल रही है। यही वह बिंदु है जहां प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी हो जाता है। प्रोपेगेंडा का उद्देश्य किसी धारणा को मजबूत करना हो सकता है, जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तथ्य की पड़ताल करना है। प्रोपेगेंडा पहले निष्कर्ष तय करता है और उसके अनुकूल सामग्री तलाशता है। पत्रकारिता इसके उलट सवाल से शुरू होती है और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचती है। एआई युग में पत्रकारिता को गति से ज्यादा सत्यापन को महत्व देना होगा। स्रोत, मूल फुटेज, समय, स्थान, मेटाडाटा और स्वतंत्र प्रत्यक्ष प्रमाण इन सभी की पड़ताल जरूरी होगी। लोकतंत्र में पुलिस से सवाल भी होने चाहिए और मीडिया से सवाल भी। किसी महिला पत्रकार के आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और किसी पुलिस अधिकारी को फर्जी वीडियो के आधार पर दोषी भी नहीं ठहराया जाना चाहिए। दोनों प्रक्रियाओं के बीच यही संतुलन लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखेगा। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष के नैरेटिव को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि सच और प्रचार के बीच स्पष्ट रेखा खींचने की है। आने वाले समय में विश्वसनीय मीडिया वही होगा, जो सबसे पहले खबर देने की होड़ से ऊपर उठकर सबसे पहले सही खबर देने को प्राथमिकता देगा।



कर्मयोगी मोदी

विष्णु दत्त शर्मा

देश सेवा के 25 वर्ष

मोदी जी के कर्मपथ के केंद्र में सदा गरीब और वंचित रहे हैं। मई 2014 की जनधन योजना से शुरू हुई यात्रा डीबीटी, पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, मुद्रा और अटल पेंशन जैसी पहलों तक पहुँची। इन प्रयासों ने करोड़ों लोगों को औपचारिक आर्थिक व्यवस्था और अवसरों से जोड़ा। संदेश स्पष्ट था- गरीब केवल सहायता का पात्र नहीं, अवसर का हकदार है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का यही मर्म है और यही अंत्योदय के संकल्प का साकार रूप। आज किसी भी गांव से गुजरिए, पीएम आवास की दीवारें गरीब के मन की मुस्कान बयां करती हैं और आयुष्मान कार्ड संजीवनी बनकर आत्मविश्वास बढ़ा रहा।

7 अक्टूबर 2001 को जब नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह शुरुआत भारतीय राजनीति का स्वर्णिम भविष्य बनेगी। एक कर्मयोगी की 25 वर्ष पहले शुरू हुई यह यात्रा गुजरात से दिल्ली और दिल्ली से वैश्विक मंचों तक पहुंच चुकी है। इस कालखंड को केवल शासन की निरंतरता कहना पर्याप्त नहीं बल्कि इसे समझने की कुंजी तीन शब्दों में है: सेवा, सुशासन और संकल्प। वस्तुतः यह एक कर्मयोगी की देश सेवा से जन सेवा की महायात्रा है, जिसमें पग-पग संकल्प दिखता है। इस महायात्रा का पहला पड़ाव था, शासन को फाइलों से निकालकर परिणामों से जोड़ना। गुजरात में कृषि, सिंचाई, बिजली, सड़क, उद्योग और निवेश को साथ लेकर विकास को जनभागीदारी से जोड़ा गया। यही अनुभव 2014 में राष्ट्रीय शासन-दृष्टि का आधार बना-ऐसा विकास, जिसमें किसान से कारीगर और गांव से महानगर तक हर नागरिक भागीदार बने।

मोदी जी के कर्मपथ के केंद्र में सदा गरीब और वंचित रहे हैं। मई 2014 की जनधन योजना से शुरू हुई यात्रा डीबीटी, पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, मुद्रा और अटल पेंशन जैसी पहलों तक पहुंची। इन प्रयासों ने करोड़ों लोगों को औपचारिक आर्थिक व्यवस्था और अवसरों से जोड़ा। संदेश स्पष्ट था- गरीब केवल सहायता का पात्र नहीं, अवसर का हकदार है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का यही मर्म है और यही अंत्योदय के संकल्प का साकार रूप।

मोदी जी ने सुशासन की नई कसौटी सुनिश्चित की और सरकार तथा नागरिक के बीच की दूरी घटती चली गई। डिजिटल सेवाओं, डीबीटी और डिजिटल भुगतान ने इस कहानी को पलट दिया। लाभ सीधे खाते में पहुंचे और बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई। दशकों से संस्थागत ऋण से दूर रेहड़ी-पटरी वालों को प्रधानमंत्री स्वनिधि ने पूंजी और डिजिटल लेन-देन से जोड़ा। विश्वकर्मा योजना ने पारंपरिक कारीगरों को पहचान, प्रशिक्षण, आधुनिक औजार, ऋण और बाजार का सहारा दिया। दोनों के पीछे एक ही विचार था कि जिसके पास श्रम और कौशल है, उसे अवसर और सम्मान मिलना चाहिए।

जनसेवा का सुफल है कि स्वच्छ भारत अभियान ने गांव-गांव शौचालय पहुंचाए और स्वच्छता को आदत बनाया। फिट इंडिया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने करोड़ों युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली की राह दिखाई। एक दर्जन से अधिक नए एम्स खुले, मेडिकल कॉलेज और आईआईटी दोगुने हुए और लंबी प्रतीक्षा के बाद देश को नई शिक्षा नीति मिली। यह सफलता हमें बताती है कि सुशासन का अर्थ स्वस्थ, शिक्षित और स्वच्छ समाज का निर्माण भी है। मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का विचार इसी संकल्प को आर्थिक विस्तार देता है। विपक्षी आलोचनाओं को आईना दिखाते हुए मोदी जी ने सिद्ध किया कि आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से कट जाना नहीं, बल्कि अपनी उत्पादन क्षमता, तकनीक, कौशल और उद्यमिता को मजबूत करके आत्मविश्वास के साथ विश्व से बराबरी करना है। लोकल से ग्लोबल इसी भाव का नारा है। एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रक्षा उत्पादन इसके स्तंभ हैं।



देश सेवा के इस महायात्रा में महिला सशक्तिकरण का स्वर भी बदला है। लखपति दीदी की अवधारणा महिलाओं को निष्क्रिय लाभार्थी नहीं, आर्थिक गतिविधि की सक्रिय इकाई के रूप में देखती है। स्वयं सहायता समूह उन्हें उद्यम से जोड़ते हैं और महिला आरक्षण राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाता है।

तीन तलाक की कुप्रथा के अंत ने भी करोड़ों महिलाओं के जीवन को नया आयाम दिया। पहली बार स्वामित्व योजना ने ड्रोन सर्वेक्षण और संपत्ति कार्ड के जरिए परिवारों को उनकी संपत्ति का स्पष्ट रिकॉर्ड दिया। जल मोदी जी के सुशासन का एक और सूत्र है। नर्मदा का पानी कच्छ तक पहुंचाने की कहानी हो या बुंदेलखंड की प्यास बुझाने वाली केन-बेतवा परियोजना, दोनों में जल-सुरक्षा और विकास का गहरा रिश्ता दिखता है।

श्रीराम मंदिर का दशकों पुराना स्वप्न साकार हुआ और अयोध्या विश्वस्तरीय नगर के रूप में आकार ले चुकी है। केदारनाथ का कायाकल्प हुआ, चारधाम यात्रा सुगम हुई और काशी की संकरी गलियों में विश्वनाथ धाम कॉरिडोर जैसी कल्पनातीत परियोजना मूर्त हुई। सोमनाथ, पावागढ़, मोढेरा और उज्जैन के महाकाल लोक तक यही कड़ी दिखती है। इन स्थलों पर केवल मंदिर परिसर नहीं संवरे, सड़क, हवाई अड्डे, पर्यटन और रोजगार की संभावनाएं भी खुलीं। राष्ट्र-सेवा की आधारशिला केवल आर्थिक प्रगति नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा भी है, और इसकी कुंजी रक्षा में आत्मनिर्भरता है। स्वदेशी रक्षा कवच, ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें और अंतरिक्ष तकनीक भारत की सामरिक शक्ति के प्रतीक हैं। आतंकवाद के विरुद्ध कठोर रुख, बालाकोट एयर स्ट्राइक, अभिनंदन की बिना शर्त वापसी और डोकलाम की दृढ़ता के साथ विश्व शक्तियों की आंख में आंख डालकर धारा 370 की विदाई ने भारत के बदले तेवर का अहसास कराया। नक्सलवाद ने दशकों तक वनांचलों को विकास से वंचित रखा। आंतरिक मोर्चे पर नक्सल प्रभावित जिले 2014 के 126 से घटकर 2 रह गए हैं और सर्वाधिक प्रभावित जिले शून्य हो गए हैं। बस्तर के लगभग 70 सुरक्षा कैंप अब सेवा केंद्रों में बदले जाएंगे।

मोदी की देश सेवा के 25 वर्षों का एक उल्लेखनीय पक्ष भारत की बढ़ी हुई वैश्विक भूमिका है। जी20 की अध्यक्षता और हाल के ब्रिक्स सम्मेलन ने भारत को वैश्विक विमर्श की अग्रिम पंक्ति में स्थापित किया। आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भी। कोविड संकट में जब बड़ी शक्तियां सहम गईं, तब मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने अपने नागरिकों को निःशुल्क टीका दिया और अनेक देशों तक वैक्सीन पहुंचाकर वसुधैव कुटुम्बकम को व्यवहार में उतारा। आज ग्लोबल साउथ की आवाज और डिजिटल अवसंरचना से भारत वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा नहीं, उसका निर्माता बन रहा है।

कर्मयोगी नरेंद्र मोदी की यह यात्रा केवल बीते 25 वर्षों की कहानी नहीं, आने वाले 25 वर्षों का संकल्प है। गरीब कल्याण से आर्थिक सशक्तीकरण तक, स्ट्रीट वेंडर से विश्वकर्मा तक, लखपति दीदी से महिला प्रतिनिधित्व तक, स्वामित्व से संपत्ति के अधिकार तक और आस्था के पुनरुद्धार से वैश्विक नेतृत्व तक, हर कड़ी में एक ही सूत्र पिरोया है- शासन को समाज की वास्तविक जरूरतों से जोड़ना। मोदी जी की जनसेवा-यात्रा हमें सिखाती है कि जब सेवा कर्म बने, कर्म सुशासन से जुड़े और सुशासन समाज को सशक्त करे, तभी परिवर्तन स्थायी होता है। गुजरात से आरंभ हुई यह महायात्रा आज विकसित भारत के संकल्प तक पहुंची है, जो 2047 में अवश्य पूर्ण होगी।

(लेखक राष्ट्रीय संयोजक प्रकोष्ठ संकुल भाजपा एवं खजुराहो लोकसभा से सांसद हैं)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत

राज कुमार सिन्हा



चुनाव आयोग पर सवालों से विपक्ष को संजीवनी

दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच कल सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और अंतरिम रूप से सस्पेंड करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को दावा किया था कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मदताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। मामला दाखिल याचिकाओं के बाद सामने आया, जिनमें दावा किया गया कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 महत्वपूर्ण फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां दर्ज की थी, जबकि फैसले भारत के निर्वाचन आयोग के नाम से आगे बढ़े थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि बहुसदस्यीय चुनाव आयोग के फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले नहीं ले सकते हैं। दरअसल, फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया है। अन्य निर्वाचन आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते हैं। बेंच ने ज्ञानेश कुमार को फिलहाल एक्स पार्टी सस्पेंड करने से इनकार किया है, लेकिन मामला खारिज नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल चुनाव आयोग और अदालत के बीच चल रही कानूनी प्रक्रिया तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की राजनीति, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच बढ़ते अविश्वास से भी है। यदि चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह विपक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका सामान्य प्रशासनिक संस्था से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

चुनाव आयोग के फैसलों पर राजनीतिक दलों और मतदाताओं का विश्वास चुनाव की निष्पक्षता की बुनियादी शर्त है। इसलिए जब आयोग के भीतर ही किसी निर्णय को लेकर मतभेद या असहमति की बात सामने आती है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचता है, तो उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बहुसदस्यीय चुनाव आयोग में किसी बड़े नीतिगत या चुनावी फैसले को मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस प्रश्न पर न्यायिक परीक्षण होता है और भविष्य में न्यायालय कोई स्पष्ट व्यवस्था देता है, तो इसका असर केवल मौजूदा विवाद पर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की भविष्य की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। इससे यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की संवैधानिक भूमिका का संतुलन किस प्रकार कायम किया जाना चाहिए। इस विवाद की असली परीक्षा यही होगी कि क्या देश की चुनावी संस्थाएं और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास का केंद्र बनी रह सकती है। यदि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल लगातार बढ़ते हैं, तो इसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को होगा। इसलिए मौजूदा विवाद को केवल "ज्ञानेश कुमार बनाम विपक्ष" के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल इससे कहीं बड़ा है कि क्या भारत की चुनावी व्यवस्था ऐसी बनी रहेगी जिस पर चुनाव हारने वाला भी भरोसा करे और चुनाव जीतने वाला भी? यही सवाल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं



संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए - किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

क्रोध में हम, चिल्लाते क्यों हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा- पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज़ में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिए। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिए उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योंकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दूसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दूसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दूसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें।

सटाका



आज की पाती

खेलों की संस्कृति विकसित हो

जापान के नगोया में आयोजित एशियन गेम्स-2026 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत 85 पदक जीते। मेडल की सूची में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर पूरा देश गर्व करता है। एशियन गेम्स में खिलाड़ियों के पदक नई पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हैं। इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने एक साथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कई अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी खेलों में लंबा सफर तय करना है। इसके लिए देश में खेल संस्कृति को विकसित करना होगा। - *सतबीर सिंह, रोहतक*

ट्रेंड

स्पेशल पर्पस व्हीकल



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दी है। इसे एक 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के तौर पर बनाया जाएगा, ताकि ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रिसर्च, प्लानिंग, आदि की प्रक्रिया को मज़बूत किया जा सके।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

दोहरा रवैया नहीं चलेगा



कांग्रेस को फर्जी वोटों से इतना लगाव क्यों है? एक सही वोटर लिस्ट लोकतंत्र की आत्मा होती है। अगर वे जीतते हैं तो लोकतंत्र ठीक, वोटर लिस्ट भी ठीक, लेकिन अगर वे हारते हैं तो इसे वोटों की चोरी कहा जाता है। यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

चुनाव आयुक्त



आज 300 से ज़्यादा विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए संसद से चुनाव आयोग तक मार्च किया। हम करोड़ों भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चुनाव आयुक्त हमसे क्यों नहीं मिल रहे, पुलिस हमें क्यों रोक रही है और धमका रही है?
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र का मज़ाक



पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एकजुट है। कुछ सालों से, ये लोग असली वोट कटवाकर और फर्जी वोट जुड़वाकर चुनाव जीत रहे हैं। इन्होंने लोकतंत्र का मज़ाक बना दिया है। मैं देश में वोट की चोरी के खिलाफ़ चल रहे आंदोलन का समर्थन करता हूं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

केन्या ने कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की



केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर (रक्तस्रावी बुखार) जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान सोमवार देर रात मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश को 'हाई अलर्ट' पर रखा है और संभावित रूप से सामने आने वाले अन्य मामलों पर नजर रखी जा रही है। डुएले ने बताया कि 28 लोगों की पहचान की गई है जो मरीजों के संपर्क में आए थे; इनमें परिवार के सदस्य और मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। युगांडा से उसी उड़ान में यात्रा करने वाले 23 अन्य यात्रियों का भी पता लगाया जा रहा है। केन्या चौथा ऐसा देश है जहां मौजूदा इबोला प्रकोप में संक्रमण का मामला सामने आया है। इस प्रकोप की घोषणा मई के मध्य में कांगो के पूर्वी हिस्से में की गई थी। युगांडा में 20 मामले और फ्रांस में एक मामला सामने आया है।

ऑफ बीट

ब्रह्मांड में जीवन के लिए सबसे अनुकूल जगहें कौन-सी हैं



पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं पत्रिका 'मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है। जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलॉक्स क्षेत्र' कहा जाता है-यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जनसुनवाई में की सड़क का अलाइनमेंट बदलने की मांग

वेस्टर्न बाइपास से सात परिवारों का छूटेगा रोजगार, खेती-किसानी में होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वेस्टर्न बाइपास के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों ने विरोध शुरु कर दिया है। किसानों की मांग है कि बाइपास को ऐसी जगह से निकाला जाए, जिससे कम से कम खेती की जमीन प्रभावित हो। मंगलवार को संयुक्त परिवार के सात सदस्यों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की जनसुनवाई में पहुंचकर बाइपास का रूट बदलने की मांग रखी।

किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण होने से सात परिवारों का रोजगार प्रभावित होगा। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे 154 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। किसान एकल सिंह, भिकला, बाल सिंह, कुशल सिंह, काशीराम, राधेश्याम ने बताया कि उनको 29 सितंबर को मिले नोटिस में जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव दिया गया है। इस पर उनका कहना है कि वे सालों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। सिंचाई के लिए दो कुएं भी हैं। चार आम, चार महुआ और दो सागौन के पेड़ हैं। अधिग्रहण होने से खेती के साथ पेड़ों और सिंचाई संसाधनों को भी नुकसान होगा। प्रभावित परिवार की आपत्ति को लेकर एडीएम सुमित पांडे ने मामले की जांच भू अर्जन शाखा को सौंपी है।

कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे किसान, लगाई मदद की गुहार



जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

जैन पंचायत ट्रस्ट की जमीन में हेरफेर, रिकॉर्ड पर उठे सवाल

दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के सदस्य देवेंद्र जैन ने शिकायत में बताया कि महावीर मेडिकल कालेज के लिए ट्रस्ट को लीज पर मिली जमीन वर्तमान में सर्वोदय ज्ञान पीठ समिति के नाम रजिस्टर्ड है। जमीन के हस्तांतरण और उपयोग की जांच की मांग की है। आरोप है कि एसडीएम कार्यालय ने ट्रस्ट को पांच अलग-अलग नोटिस जारी किए, लेकिन जवाब नहीं दिए गए। वर्ष 2025 में मांगी गई 2022 से 2025 तक की आय-व्यय जानकारी भी अब तक नहीं मिली। मामले की जांच एसडीएम सिटी लाखन चौधरी को सौंपी गई है।

बीडीए ने 11 साल बाद नहीं दिया प्लॉट पर कब्जा

राजेंद्र लालचंदानी ने बताया कि भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने 2015 में लाटरी से आवंटित प्लाट की पूरी राशि जमा करने के बावजूद 11 साल बाद भी कब्जा और रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्हें प्लॉट राजाभोज आवासीय योजना गोंदरमऊ में आवंटित हुआ था। कब्जा दिलाए जाने की मांग की गई है।

एनआरआई ने असुरक्षित लिफ्ट की शिकायत की

गुलमोहर स्थित स्टर्लिंग सफायर सोसाइटी की लिफ्ट को लेकर एनआरआई फ्लैट मालिक अनामिका पुराणिक ने बताया कि छह लोगों की क्षमता वाली लिफ्ट करीब दो महीने से खराब है। उनके बुजुर्ग माता-पिता इसी भवन में रहते हैं, जिससे मेडिकल जरूरतों के लिए आने-जाने में परेशानी हो रही है। निगम के विद्युत शाखा ने सुरक्षा निरीक्षण और प्रमाण-पत्र नहीं होने का दावा किया था, लेकिन लिफ्ट संचालित हो रही है।

खबर संक्षेप



गरबा प्रशिक्षण के अच्छे प्रदर्शन पर सम्मानित

संतनगर। किरन वाधवानी द्वारा संचालित सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव की तैयारियों के बीच किरन वाधवानी द्वारा अच्छे परफॉरमेंस वाले पार्टिसिपेट को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, गुलाब जेठानी, दिलीप मंगतानी, सिंधी काउंसलिंग के अध्यक्ष राजेश बेलानी, लोकेश वाधवानी, योगिता वाधवानी आदि उपस्थित हुए।

1.12 करोड़ बच्चों को दी गई कृमिनाशन खुराक

भोपाल। मप्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत बुधवार 6 अक्टूबर को प्रदेशभर में कृमिनाशन गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रथम दिवस की अब तक प्राप्त प्रारंभिक रिपोर्टिंग के अनुसार, प्रदेश में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 1.12 करोड़ बच्चों एवं किशोरों को एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक दी गई।

शुभांक			
कल्याणः	1235		
दिनः	255	24	130
रातः	137	11	128
ताराः			
दिनः	580	32	138
रातः	268	65	140

बाग सेवनिया के साकेत नगर इलाके की घटना, बाइक छोड़कर भागे आरोपी

बहन से मोबाइल झपट भाग रहे बदमाशों को भाई और मां ने धक्का देकर गिराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाग सेवनिया इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक युवती के हाथ से मोबाइल झपटकर भागने लगे। युवती के शोर मचाने पर उसके भाई और मां ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। परिजनों ने बदमाशों की बाइक को धक्का मार दिया, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाश बाइक मौके पर छोड़कर युवती की मां को धक्का देते हुए फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम सांईखेड़ा तहसील देवरी, जिला रायसेन निवासी रोशनी लोधी वर्तमान में साकेत नगर में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट नौकरी करती हैं। रोशनी ने पुलिस को बताया कि चार अक्टूबर की रात करीब साढ़े 8 बजे वह बाजार से अपने घर लौट रही थी। घर के पास वाली गली में पहुंचते ही पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए और मोबाइल झपटकर भागने लगे। रोशनी ने शोर मचा दिया। इसी दौरान उनके भाई प्रकाश और मां लता वहां पहुंचे। दोनों बदमाशों के पीछे दौड़े और बाइक को धक्का दे दिया।

युवती का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे थे मां और भाई

रात करीब साढ़े 8 बजे युवती बाजार से अपने घर लौट रही थी



लोगों ने बदमाशों को देखा

बाइक गिरने के बाद बदमाशों ने रोशनी की मां को धक्का दिया और बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकले। रोशनी ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान भाई, मां और आसपास के अन्य लोगों ने भी बदमाशों को देखा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और मौके पर छोड़ी गई बाइक के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

अरेरा हिल्स का मामला, परिचित बनकर भुगतान करने का दिया था झांसा

ऑनलाइन 90 हजार भेजने का झांसा देकर महिला से ठगे 99 हजार

अरेरा हिल्स इलाके में एक शातिर जालसाज ने महिला को फोन कर खुद को परिचित बताया और ऑनलाइन भुगतान नहीं हो पाने की बात कहते हुए उसके मोबाइल नंबर पर 90 हजार रुपए भेजने का झांसा दिया। महिला को फर्जी भुगतान का मैसेज भेजकर उससे छह बार में कुल 99 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का पता चलने के बाद महिला ने अरेरा हिल्स थाने में शिकायत की। पुलिस के अनुसार ओम नगर बिरला मंदिर रोड निवासी शकुंतला वर्मा ने बताया कि तीन अक्टूबर की शाम करीब छह बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने कहा कि उसका ऑनलाइन पेमेंट नहीं हो रहा है। उसने महिला से पूछा कि क्या वह वाट्सएप और फोन-पे चलाती है। महिला ने परिचित समझकर अपना मोबाइल नंबर बता दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला से कहा कि वह उसके फोन-पे पर 90 हजार रुपए भेज रहा है और महिला बाद में उक्त राशि उसे वापस कर दे। कुछ देर बाद आरोपी ने फोन-पे पर 90 हजार रुपए भेजे जाने का मैसेज भेजा। महिला ने मैसेज को सही मान लिया और आरोपी द्वारा भेजे गए नंबर पर राशि वापस करना शुरू कर दी।

छह ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए भेजे 99 हजार

महिला के मुताबिक उसने अलग-अलग छह ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 99 हजार रुपए आरोपी के बताए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके खाते में वास्तव में कोई रकम जमा नहीं हुई थी और उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है। महिला का बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक की शेरपुर विदिशा शाखा में बताया गया है। शिकायत में फर्जी पहचान बताकर धोखे से रकम हासिल करने, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के इस्तेमाल का आरोप लगाया है।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 250 व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मे वितरित

विधायक रामेश्वर ने 10 व्यक्तियों को स्वयं चश्मे पहनाए, पात्रों का कुशलक्षेम जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में दृष्टिदोष से प्रभावित 250 व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस की 76वीं वर्षगांठ पर एक माह से आयोजित एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक ने निःशुलक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय टस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, टस्ट्री एसी साधवानी, तुलसी आडवानी, सुरेश आवतरामानी, भगवान दामानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकल्पों में समाज के उपेक्षित, पीड़ित और निर्धन व्यक्तियों और परिवारों की सहायतार्थ सेवा ओर सहायता के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जब नेत्र सुरक्षा की बात आई सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय का चयन किया गया। शर्मा ने कहा कि परमहंस संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद और संत सिद्ध भाऊ की प्रेरणा से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय समाज में अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में विगत 40 वर्षों से सेवारत है। इस कालखंड में अस्पताल ने चार लाख लोगों के नेत्र ऑपरेशन करने की सफलता अर्जित की है। विधायक शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से दृष्टिदोष से प्रभावित 10 व्यक्तियों को स्वंय चश्मे पहनाए और जानकारी ली। शर्मा ने सेवा सदन के पदाधिकारियों, उनके सेवा कार्यों और चश्मा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल प्रशासक अनुषा तिवारी तथा कार्यक्रम प्रबंधक मनोज धावड़िया ने किया।



व्यक्ति को चश्मा पहनाते विधायक शर्मा।

इंदिरा एकादशी पर हवन-पूजन एवं महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मंगलवार को इंदिरा एकादशी (पितरों के लिए) के पावन अवसर पर संत हिरदाराम नगर के वार्ड 5 स्थित शिव लहरी काली मंदिर में हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को पंडित 1008 संतोष शर्मा के सानिध्य में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीरो हिंदू अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब व नानक दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार दादवानी, रवि लालवानी, समीर नरेंद्र टहलियानी, बाबू लालवानी आदि मौजूद रहे।



हवन पूजन करते श्रद्धालु।

भाजपा के कुछ पार्षद भी मामले को लेकर हुए मुखर

शासकीय जमीन विवाद में वरिष्ठ नेताओं की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, पटवा ने की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शासकीय जमीन से जुड़े विवाद ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। कांग्रेस के विरोध के बाद भाजपा के कुछ पार्षद भी इस मामले को लेकर मुखर और उग्र नजर आ रहे हैं। वहीं भाजपा के पूर्व महामंत्री सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं की चुप्पी चर्चा का विषय बनी हुई है।

एक तरफ विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे के साथ भाजपा के तीन पार्षद खड़े दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा के कुछ पार्षद शासकीय जमीन के मामले में जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर रहे हैं।

इससे भाजपा के अंदर भी इस मुद्दे को लेकर मतभेद की चर्चाएं तेज हो गई हैं। नगर में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कथित शासकीय जमीन मामले में कांग्रेस के दो नेताओं और भाजपा से जुड़े एक नेता की भूमिका हो सकती है। हालांकि इस चर्चा की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि जब मामला इतना गंभीर बताया जा रहा है तो कुछ वरिष्ठ नेता अब तक खुलकर सामने क्यों नहीं आए? नगर के लोगों ने पूर्व महामंत्री से मांग की है मौन तोड़ो और कुछ तो बोलो। फिलहाल शासकीय जमीन का मुद्दा औबेदुल्लागंज की राजनीति के केंद्र में है। और आने वाले दिनों में प्रशासन की कार्रवाई पर नजर रहेगी।

दोषियों पर हो सख्त कार्रवाईः पटवा

नगर में शासकीय जमीन को लेकर चल रहे विवाद के बीच विधायक सुरेंद्र पटवा ने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर रायसेन एवं एसडीएम गौहरगंज को पत्र लिखकर औबेदुल्लागंज में शासकीय जमीन से जुड़े पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के लिए कहा है। वहीं, सोमवार को नगर परिषद में हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान कथित अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल को लेकर विधायक ने कांग्रेस नेताओं को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन गाली-गलौज, दुर्व्यवहार और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है।

औबेदुल्लागंज नप में विधायक प्रतिनिधि की भूमिका पर सवाल



औबेदुल्लागंज। अगर कोई व्यक्ति विधायक प्रतिनिधि है, तो उसका नगर परिषद में क्या काम है? क्या नगर परिषद को घर का ऑफिस बना लिया गया है? कांग्रेस नेता परेश नागर व राजू मेहरा ने कहा कि लगभग ढाई एकड़ शासकीय भूमि को बेचने के आरोपों को लेकर सवाल सिर्फ जमीन का नहीं है। सवाल यह है कि शासकीय संपत्ति की जिम्मेदारी किसकी है? अगर सरकारी जमीन को निजी हितों के लिए बेचने या हड़पने का प्रयास हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष जांच क्यों नहीं हो रही?

सेवा भारती के 13 संस्कार केंद्रों के 60 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, विधायक पटवा ने दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

सेवा भारती द्वारा महर्षि विद्या मंदिर स्कूल परिसर में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिले के 13 संस्कार केंद्रों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेन्द्र सिंह, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा तथा अध्यक्ष अनिल खमेसरा, बिजनेस हेड-मध्यप्रदेश, आयनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं वृक्षारोपण के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियां भी दीं। मुख्य वक्ता रामेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज को समस्या-मुक्त, व्यसन-मुक्त, शिक्षा-युक्त, संस्कार-युक्त और नेतृत्व-युक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करना होगा। उन्होंने जरूरतमंदों की समस्याओं को अपनी समस्या समझने और समाज के वंचित वर्ग के लिए योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान सेवा भारती जिला समिति के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी पूर्व नपाध्यक्ष पूर्णिमा राजा जैन, उपाध्यक्ष अभय सिंह तोमर, दिनेश नागर, पंकज जैन, सचिव - संकल्प दीक्षित, सह सचिव दीनू मीना, कोषाध्यक्ष कपिल पाठक, सहकोषाध्यक्ष मनोज योगी ,युवा आयाम प्रमुख-विपिन मारण, प्रचार प्रमुख रामकृष्ण चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



मंच पर मुख्य अतिथि विधायक पटवा के साथ अन्य अतिथि।

स्कूल में शराब पीने से रोकने पर चौकीदार की लगाई धुनाई

भोपाल। शाहजहांनाबाद स्थित सुल्तानिया स्कूल परिसर में शराब पीने से रोकने पर तीन युवक रोहित बैजल, रजनीश जोशी और शादाब खान ने चौकीदार के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। आरोप है कि युवकों ने चौकीदार को हाथ-मुक्कों से पीटा, जिससे उसके सीने में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे और बेटी के सामने आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक सुल्तानिया स्कूल बाबे अली ग्राउंड के पास रहने वाले राजा खान स्कूल में चौकीदार हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात करीब दो बजे स्कूल परिसर में कुछ लोग बैठकर शराब पी रहे थे। उन्होंने मना करने की कोशिश की तो आरोपी मारपीट करने लगे।

पीएम श्री स्कूल की जमीन से जुड़े हिस्से में बन रहे थे मकान

पट्टा मिला, पीएम आवास की किस्त आई, फिर ढहा दिया अतिरिक्त निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

पट्टा मिला, प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी हुई और मकान का निर्माण शुरू हो गया। निर्माण के दौरान नगर पालिका ने पट्टे की सीमा से अधिक जमीन के उपयोग पर आपत्ति जताई। 17 अगस्त को नोटिस देने के बाद भी निर्माण जारी रहने पर रविवार को नपा के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने अतिरिक्त हिस्से में किया गया निर्माण ढहा दिया। मामला सतलापुर स्थित पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल की जमीन से जुड़े हिस्से का है।

हेमवती अहिरवार और शीतल अहिरवार के नाम 2023-24 में पट्टे जारी किए गए थे। शीतल को 225 वर्गफीट और हेमवती को 300 वर्गफीट भूमि का पट्टा मिला था। दोनों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त भी मिल चुकी थी। इसके बाद दोनों ने मकान का निर्माण शुरू किया।

नपा के अनुसार 40 से 45% हिस्सा अतिरिक्त के दायरे में



अतिरिक्त हिस्से में बनाए गए निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया गया।

नगर पालिका के इंजीनियर अभिषेक बाथम के अनुसार जांच में दोनों हितग्राहियों द्वारा पट्टे में निर्धारित क्षेत्रफल से अधिक भूमि का उपयोग निर्माण के लिए किया जाना पाया गया। नपा के मुताबिक अतिरिक्त हिस्से में करीब 40 से 45 प्रतिशत तक अतिक्रमण था। इसी को लेकर 17 अगस्त को दोनों को नोटिस जारी कर अतिरिक्त भूमि पर निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण जारी रहने पर रविवार को निर्धारित पट्टा सीमा से बाहर किए गए निर्माण को हटाया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से संबंधित भूमि को स्कूल परिसर से जुड़ा बताया गया था। इससे पट्टा जारी होने से पहले भूमि के राजस्व रिकॉर्ड और मौके की स्थिति के सत्यापन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, मामले में सीमांकन और संबंधित दस्तावेजों के आधार पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

पट्टा और आवास योजना की प्रक्रिया पर भी उठ रहे सवाल

मामले में यह सवाल उठ रहा है कि यदि भूमि की स्थिति या पट्टे की सीमा को लेकर कोई आपत्ति थी तो पट्टा जारी करने और पीएम आवास की पहली किस्त देने से पहले इसका सत्यापन क्यों नहीं हुआ। वहीं, नपा का कहना है कि कार्रवाई पट्टे के स्वीकृत हिस्से पर नहीं, बल्कि निर्धारित सीमा से बाहर किए गए निर्माण पर की गई है।

दस्तावेज, सीमांकन से मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी

तहसीलदार हेमंत शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि नपा की ओर से वैधानिक कार्रवाई के बाद ही जमीन का पट्टा स्वीकृत किया जाता है। ऐसे में संबंधित दस्तावेज और सीमांकन के आधार पर ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

स्व. मंडलोई की स्मृति में हुआ श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

ग्राम प्रेमतालाब में स्व. करन सिंह मंडलोई की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रामवासियों एवं सामाजिक बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ग्राम एवं समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से स्व. करन सिंह के ज्येष्ठ पुत्र राकेश मंडलोई को ग्राम प्रेमतालाब के मुखिया पद का दायित्व सौंपा और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इसी अवसर पर मंडलोई परिवार ने अपने पूज्य बाबूजी की स्मृति में ग्राम प्रेमतालाब में तालाब किनारे गांव की चौपाल पर सभा गृह निर्माण के लिए एक लाख एक हजार रुपए देने का संकल्प लिया। इस सेवा संकल्प की ग्रामवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक राजेश पटेल एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर नागर, नरेंद्र नागर,मास्साहब सहित सामाजिक बंधु एवं में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



34 देशों के 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 15 राज्यों के 180 घरेलू टूर ऑपरेटर्स होंगे शामिल

मप्र ट्रैवल मार्ट 2026 के सातवें संस्करण की शुरुआत आज से, सीएम करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से 'मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट' के सातवें संस्करण का आयोजन 07 से 10 अक्टूबर तक भोपाल मिंटो हॉल में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैयाराजा टी. ने दी।



कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल (मिंटो हॉल) में 'मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट' के आयोजन की जानकारी देते प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैयाराजा टी. एवं अन्य अधिकारी।

यूके, जर्मनी, फ्रांस, अमेरिका से पहुंचे भोपाल

इस संस्करण में विश्व के 34 से अधिक प्रमुख देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि और पर्यटन स्टेकहोल्डर इस मार्ट में सहभागिता कर रहे हैं। इसके लिए यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, इटली सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, जापान पश्चिम एशिया और रूस के प्रमुख टूर ऑपरेटर्स व ट्रैवल लेखक भोपाल पहुंच चुके हैं।

कश्मीर सहित 180 से अधिक घरेलू टूर ऑपरेटर्स लेंगे भाग

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी देश के 15 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों जिनमें दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु व जम्मू और कश्मीर के 180 से अधिक प्रमुख घरेलू टूर ऑपरेटर्स भाग ले रहे हैं।

'द स्काई इज़ अलाइव एंड वेटिंग' की काव्य-यात्रा पर चर्चा आज

भोपाल। जब कविता हृदय और संसार के बीच एक संवाद बन जाए, तो शब्द केवल शब्द नहीं रह जाते, वे भावनाओं, स्मृतियों और जीवन के अनगिनत रंगों को स्वर देने लगते हैं। ऐसे ही भावपूर्ण और विचारोत्तेजक साहित्यिक संध्या में



क्लब लिटरेटी द्वारा प्रख्यात कवयित्री डॉ. वीणा सिन्हा के काव्य-संग्रह 'द स्काई इज़ अलाइव एंड वेटिंग' पर विशेष पुस्तक चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6 बजे अरेरा क्लब में होगा। इस विशेष साहित्यिक चर्चा का संचालन अरुणा एम. राव करेंगी। वे डॉ. वीणा सिन्हा से उनके काव्य-संग्रह की प्रेरणा, उनकी रचनात्मक यात्रा तथा उनकी कविताओं को आकार देने वाले विचारों और अनुभूतियों पर सार्थक संवाद करेंगी।

■ अरेरा क्लब में क्लब लिटरेटी द्वारा काव्य संग्रह का विमोचन और चर्चा

आयोजनकर्ता क्लब लिटरेटी की संस्थापक प्रोफेसर सीमा रायजादा के अनुसार यह आयोजन केवल एक पुस्तक पर चर्चा तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि शब्दों के साथ ठहरने, भावनाओं को महसूस करने और कविता के माध्यम से जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर बनेगा। डॉ. वीणा सिन्हा द्वारा रचित कविताओं में पीड़ा, व्यथा, संघर्ष, विरह, प्रेम, ममता और जीवन के अनेक अनकहे पहलुओं को अत्यंत संवेदनशीलता और खूबसूरती के साथ अभिव्यक्त किया गया है।

'रूट्स टू रनवे' में पांच डिजाइनर्स द्वारा तैयार ड्रैसेस का नायाब कलेक्शन

62 दिनों में तैयार चंदेरी का जरी-जरदोजी जैकेट अयोध्या राम मंदिर से सांची स्तूप तक की झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परंपरा जब आधुनिक सोच से मिलती है तो सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि एक नई कहानी जन्म लेती है। मप्र के पारंपरिक टेक्सटाइल की यही कहानी होटल सयाजी में आयोजित 'रूट्स टू रनवे' इन्फ्लुएंसर मीट में रैंप पर नजर आई, जिसमें डिजाइनर अनुकृति द्वारा डिजाइनड खास चंदेरी जैकेट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, 62 दिनों में तैयार इस डिजाइनर जैकेट को फीमेल शो स्टॉपर अपेक्षा डबराल ने पहना। चंदेरी पर जरी-जरदोजी से तैयार इस जैकेट पर जहां एक ओर नेशनल बर्ड और नेशनल एनिमल नजर आया तो वहीं इस पर अयोध्या मंदिर से लेकर सांची के स्तूप को बखूबी प्रस्तुत किया गया। वहीं मेल शो स्टॉपर्स अमित स्याल और रणवीर बरार ने भी चंदेरी में तैयार डिजाइनर परिधान पहनकर रैंप पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

पांच डिजाइनर्स के तीस डिजाइनर आउटफिट्स रहे खास

मीता वाधवा के 'इंडियन रूट्स' की रचनात्मक परिकल्पना के तहत आयोजित इस फैशन शो में पांच डिजाइनर्स के कलेक्शन प्रस्तुत किए गए। जिसमें करीब 30 मेल और फीमेल मॉडल्स ने रैंप पर इन डिजाइनर परिधानों को रिप्रेजेंट किया। शो में जहां पारंपरिक बुनावट और प्रिंट की खूबसूरती देखने को मिली, वहीं इन परिधानों की डिजाइनिंग में आधुनिक सिल्हूट, प्रयोग और युवाओं की पसंद का खास ध्यान रखा गया।



बाघ प्रिंट पर जरी-जरदोजी का नजाकत भरा काम

सिंगरौली की डिजाइनर अनामिका सिंह ने मप्र के प्रसिद्ध बाघ प्रिंट को जरी-जरदोजी के बारीक काम के साथ नया रूप दिया। उन्होंने जेन-जी की पसंद और आधुनिक फैशन को ध्यान में रखते हुए सात डिजाइनर ड्रेसेस तैयार कीं।



कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट इनफ्लुएंसर मीट 2026 में युवाओं से संवाद कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अभिनेता अमित स्याल और शेफ रणवीर बराड़ भी मौजूद रहे।

कतरनों से फैशन का नया अध्याय



प्राणपुरा की डिजाइनर कावेरी ने चंदेरी फेब्रिक की कतरनों से तैयार डिजाइनर ड्रैसेस को रिप्रजेंट किया। जिन्हें पांच मॉडल्स ने पहनकर रैंप वॉक की।



शो स्टॉपर अपेक्षा डबराल चंदेरी की बनी जारी जरदोजी की कड़ाई से सजी जैकेट पहने हुए।

प्रसिद्ध मास्टरशेफ रणवीर बराड़ की हरिभूमि से खास बातचीत

100 में से 90 दिन खिचड़ी खाता हूं, जो मेरी फेवरेट है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मैं 100 में से 90 दिन खिचड़ी ही खाता हूं, खिचड़ी मेरी फेवरेट डिशेस में से एक है क्योंकि उसे बनाने में दिमाग नहीं लगाना पड़ता। नहीं तो अमूमन शेफ जब भी खाना बनाते हैं तो उसमें उन्हें काफी एनालिसिस करना पड़ता है या दिमाग लगाना पड़ता है। बस खिचड़ी फटाफट बन जाती है। बस घी डालो और खा लो.... यह कहना है प्रसिद्ध मास्टरशेफ रणवीर बराड़ का, जो होटल सयाजी में आयोजित रूट्स टू रनवे में भाग लेने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

लखनऊ वाला...इसलिए अटल बिहारी वाजपेयी मेरे फेवरेट राइटर

हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं गीत नया गाता हूं.. जब भी कोई मुझसे मेरी फेवरेट रचना की बात करता है तो मेरी जुबां पर अटल बिहारी वाजपेयी की रचना आ जाती है, क्योंकि मैं लखनऊ वाला हूं और अटल जी मेरे फेवरेट हैं तो मेरे ही नहीं लखनऊ के बच्चे बच्चे की जुबां पर यह रचना चढ़ी रहती है। इसके अलावा मैंने हरिशंकर परसाई, माखनलाल चतुर्वेदी और राहत इंदौरी सहित कई साहित्यकारों की रचनाओं को भी पढ़ा है।

पहला स्टेप, फिर तो दास्तां बनती जाती है

रणवीर ने कहा कि यदि स्ट्रगल की बात की जाए या चैलेंज की बात की जाए तो वह पहला स्टेप होता हे फिर तो कहानी बनती जाती है और आपकी मेहनत रंग लाती हैं।

'रूट्स टू रनवे' में भाग लेने आए एक्टर अमित स्याल से खास बातचीत

एक रेस्टोरेंट में बर्तन धोए और मुझे इसमें महारत हासिल हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मैं ऑस्ट्रेलिया स्टडी के लिए गया, तब मैंने पॉकेट मनी के लिए एक रेस्टोरेंट में बर्तन धोने का काम किया और वाकई में फिर बर्तन धोने में मुझे ऐसा लगा की महारत हासिल हो गई है और 6 महीने तक मैं इसी कार्य को करता रहा, इसलिए जरूरी है कि आप जो भी कार्य करें पूरी गहराई के साथ करें। आज सोशल मीडिया में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उसकी गहराई तक जाना जरूरी है, जब तक आप गहराई तक नहीं जाओगे तो आप एक अच्छा कंटेंट कैसे बनाओगे। यह कहना है प्रसिद्ध एक्टर अमित स्याल का जो राजधानी के एक होटल में आयोजित 'रूट्स टू रनवे' में भाग लेने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

वाइल्ड एजुकेशन न्यूट्रिशन इनिशिएटिव के लिए करता कार्य

बच्चों की शिक्षा और न्यूट्रिशन इनिशिएटिव के लिए हमेशा कार्य करने वाले अमित कहते हैं कि मैं बच्चों की शिक्षा के लिए, उन्हें पोषण तत्वों के प्रति जागरूक करने के लिए हमेशा प्रयास करता रहा हूं और कई फाउंडेशन को मैं सहयोग भी किया है और आने वाले समय में भी मैं इसी सोशल कोर्स के लिए काम करूंगा।

बाइक लेकर निकल जाऊं ...

अमित ने कहा कि मध्य प्रदेश में टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं यहां पहाड़ हैं, नदियां हैं, वाइल्डलाइफ है और मेरा तो मन करता है कि मध्य प्रदेश की इन खूबसूरत वादियों में मैं मोटरसाइकिल लेकर अकेले घूमने निकल जाऊं और बिल्कुल साधारण व्यक्ति की तरह मध्य प्रदेश की वादियों का आनंद लूं।

होंगे सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजन

सेज उत्सव 26: एसआईआरटी में 5 दिन तक दिखेगा प्रतिभा, खेल और मनोरंजन का रंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एसआईआरटी परिसर में विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय मेगा इवेंट 'सेज उत्सव 2026' का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उत्सव में खेल, संगीत, नृत्य, कला, तकनीक, मनोरंजन और रचनात्मकता से जुड़े 33 से अधिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेज समूह के चेयरमैन डॉ. संजीव अग्रवाल ने किया। उत्सव के पहले दिन 6 अक्टूबर को विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बॉक्स क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, चेस, आर्म रेसलिंग, डांस, सिंगिंग-'वॉइस ऑफ कैंपस', स्लो बाइक रेस, फेस पेंटिंग और 'बैटल ऑफ बैंड्स' प्रमुख रहे।

10 को सेलिब्रिटी नाइट में डीजे जेनियल देंगे प्रस्तुति

कल होंगी ये प्रतियोगिताएं

7 अक्टूबर को बास्केटबॉल, टग ऑफ वॉर, टेबल टेनिस, ट्रेजर हंट, ऑब्स्टेकल रेस, खो-खो, कैरम, गेमिंग, एड मैड शो, एआई आर्ट, शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, ब्रिज मेकिंग और अंताक्षरी सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। इस दिन डांस फाइनल और 'ग्लैमरा वॉक' आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 8 अक्टूबर को विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिलेगा। इस दिन कवि सम्मेलन, कोड स्प्रिंट, 'सेज शार्क टैंक', डिबेट प्रतियोगिता, रील मेकिंग और 'भजन फ्यूजन' जैसे आयोजन होंगे। 9 को रोबो रेस, मास्टर शेफ, 'पुश-अप वॉर', फोटोग्राफी और स्टैंड-अप कॉमेडी के साथ प्राइज सेरेमनी आयोजित होगी। वहीं 10 अक्टूबर को सेलिब्रिटी नाइट और डीजे जेनियल की विशेष प्रस्तुति के साथ सेज उत्सव 2के26 का भव्य समापन होगा।

सीएम यूथ कॉन्क्लेव 2026 में जुबिन नौटियाल की प्रस्तुति

'मेरे घर राम आए हैं'...सुनते ही पूरा माहौल आध्यात्मिकता-भक्ति के रंग में रंग गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आयोजित 'सीएम यूथ कॉन्क्लेव–2026' का माहौल तब आध्यात्मिकता, भक्ति और संगीत के रंग में रंग गया, जब प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल ने सुमधुर आवाज़ में अपने लोकप्रिय भजन 'मेरे घर राम आए हैं' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। जैसे ही भजन के सुर गूंजे, पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। भजन की प्रस्तुति के बाद जुबिन नौटियाल ने अपने पसंदीदा और लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया।





लाल परेड ग्राउंड में प्रस्तुति देते जुबिन।

इस बार नई पहल के रूप में बिहार के पटना एवं नालंदा में 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है आयोजित

विश्वरंग 2026 में भारतीय संस्कृति, साहित्य और कला की वैश्विक चेतना पर हुआ सार्थक विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव विश्वरंग इस बार एक नई पहल के रूप में बिहार के पटना एवं नालंदा में 3 से 8 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। विश्वरंग 2026 का पहला चरण पटना में भारतीय संस्कृति, साहित्य, कला, भाषा और दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की सांस्कृतिक चेतना पर केंद्रित रहा और इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में हिस्सा लेते अतिथि।

कार्यशाला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

विश्वरंग में 8वीं टैगोर बाल कला कार्यशाला में सैकड़ों विद्यार्थियों ने चित्रकला, मूर्तिकला, प्रिंटमेकिंग और फोटोग्राफी की विधाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विश्वरंग कैटलॉग तथा चतुर्वेदी समाज की सांस्कृतिक विरासत पर 12 खंडों में प्रकाशित ग्रंथों का लोकार्पण भी किया गया। अब अगले चरण में विश्वरंग की गतिविधियां नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएंगी।

साहित्यकार, कलाकार शिक्षाविद हुए शामिल

विश्वरंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल तथा डॉ. सी.वी. रमन विवि, वैशाली की मेजबानी में आयोजित इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों, साहित्यकारों, कलाकारों, शिक्षाविदों एवं संस्कृतिकर्मियों ने सहभागिता की। प्रख्यात चिंतक, लेखक एवं पूर्व राजनयिक पवन के. वर्मा ने दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की सांस्कृतिक चेतना विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत और इन देशों के बीच भाषा, साहित्य, दर्शन, कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला। प्रख्यात साहित्यकार एवं लेखक लीलाधर मंडलोई ने भारतीय साहित्य और कला की समृद्ध परंपरा तथा उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर विचार साझा किए।

भारतीय भाषाएं संस्कृति की वाहक: चौबे

उद्घाटन अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि ज्ञान, संतों, साहित्य और संस्कृति की गौरवशाली भूमि बिहार में विश्वरंग का आयोजन ऐतिहासिक अवसर है। बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि तकनीक और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच विश्वरंग जैसे आयोजन युवा पीढ़ी को पुस्तकों, साहित्य, कला और संस्कृति से जोड़कर उन्हें रचनात्मक एवं सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व रंग फाउंडेशन के चेयरमैन एवं डॉ. सी.वी. रमन विवि, वैशाली के कुलाध्यक्ष संतोष चौबे ने कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी संवेदना, संस्कृति और ज्ञान परंपरा की वाहक हैं।

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा का जोरदार हमला

आज कामचोर मचा रहा शोर, किसे लाभ पहुंचाना चाह रहे,अब तक किसी भी 'संस्था' को नहीं छोड़ा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद सुधांशु ने की प्रेस वार्ता की, डुप्लीकेट वोटरों को वोटिंग का हक क्यों मांग रहे? वायु सेना, देश की सुरक्षा, वैक्सीन और न्यायपालिका को नहीं बख्शा

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा लगातार हमलावर हो रही है। मंगलवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी की प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसी सांविधानिक संस्था को नहीं छोड़ा है। कांग्रेस से कई सवाल पूछें। चुनाव आयोग तक इंडिया गठबंधन के सांसदों के विरोध मार्च पर त्रिवेदी ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने अब तक देश की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं? एक दर्जन? आधा दर्जन? 2 दर्जन? भारतीय सेना से लेकर भारतीय वायु सेना, देश की सुरक्षा, एलआईसी, एचएएल, एसबीआई, एसईबीआई, वैक्सीन, न्यायपालिका और भारतीय मीडिया तक इस बात पर एक क्विज प्रतियोगिता होनी चाहिए कि कांग्रेस, और राहुल ने भारत की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं। वे विदेश जाकर ये सब बातें कहते हैं।

4 पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही

त्रिवेदी ने कहा कि हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस का पहला परिवार पिछले चार पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही चला रहा है और असल में लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। मंगलवार को उन्होंने आकाशवाणी में घुसपैठ करने की कोशिश की। मैं कांग्रेस से साफ तौर पर पूछना चाहता हूं। वे बिना किसी जांच-पड़ताल के अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए, मृत डुप्लिकेट वोटरों को वोटिंग का अधिकार देकर किसे फायदा पहुंचाना चाहते हैं? क्या कांग्रेस ऐसा करके किसी को फायदा पहुंचाना चाहती है?

मार्च पर शिवराज का तंज

राहुल की फिर 'लॉन्चिंग' केरल, कर्नाटक में एसआईआर ठीक



मार्च की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा अराजकता पैदा करने तथा राहुल गांधी को फिर से 'लॉन्च' करने का एक और प्रयास था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मार्च के जरिए वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे। क्या कर्नाटक, केरल और हिमाचल में एसआईआर ठीक था।

रविशंकर ने प्रेस कांफ्रेंस की

अराजकता फैला रहा सारा विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान



भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रदर्शनों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सेना जैसी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करते। रविशंकर ने कहा कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है।

संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही कांग्रेस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लोगों में अविश्वास उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन संविधान को कमजोर करने की 'साजिश' का हिस्सा है।

विपक्षी सांसद बोले

सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया



एमडीएसके सांसद दुरई वाइको ने सीईसीके इस्तीफे की मांग की। वाइको ने आरोप लगाया कि सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया है कि उसने फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर कोई मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की आपत्तियां दोहराईं।

वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे: रेणुका



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के आम लोगों के वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे हैं। रेणुका चौधरी ने कहा कि सांसदों की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों की आवाज उठाएं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में लाखों लोगों के नाम हटाए जाने का भी दावा किया।

ज्ञानेश कुमार ने न्यायालय को गुमराह किया: राउत



शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत नेकहा कि सीईसी को उच्चतम न्यायालय के इस स्पष्टीकरण के बाद पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि उसने कभी मतदाता पंजीकरण फॉर्म में बदलाव की मंजूरी नहीं दी। सीईसी पर एसआईआर के बारे में शीर्ष अदालत और जनता दोनों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर रहे: खेड़ा



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को निर्वाचन आयोग के दफ्तर में जाने से रोका जा रहा है, हमें बस वहां जाकर अपना ज्ञापन सौंपना है, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हम भी हार नहीं मानेंगे और यहीं इंतजार करेंगे। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर गए हैं।

ये सिलसिला चलता रहेगा: उमर



मार्च पर जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये सिलसिला चलता रहेगा। गठबंधन की बैठक हुई थी उसी में इस महीने का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया। उसी में ये तय हुआ था 6 अक्टूबर को ईसी दफ्तर तक मार्च करेंगे।



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद एक पुलिस बस के अंदर देखा गया।



मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च के दौरान कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल।



राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान पार्टी नेताओं और समर्थकों के बीच बैठे हैं, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गई है।



टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) कार्यालय की ओर विरोध मार्च निकाला।

खबर संक्षेप

असम में सड़क हादसे में परिवार के 3 की मौत



गुवाहाटी। असम के कामरूप महानगर जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क की रेलिंग से टकराने से एक महिला समेत एक परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा खेतड़ी इलाके में हुआ, जब कार गुवाहाटी से नगांव जा रही थी। पुलिस ने प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड और दिल्ली एनसीआर में भूकंप



नई दिल्ली। उत्तराखंड से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक मंगलवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड में गढ़वाल से कुमाऊं तक कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 दर्ज की गई। जिसका केंद्र उत्तराखंड के चमोली जिले में जमीन की सतह से 13 किमी गहराई में था।

मान के कैंप ऑफिस पर सीबीआई का छापा



चंडीगढ़। सीबीआई ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुमम्न के संगरूर स्थित घर और उनके भाई के मोहाली स्थित घर पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 में गुरकिरपाल सिंह थिंद (ओएसडी राजबीर घुमम्न के भाई) के घर पर भी छापा मारा है। इसके साथ ही, सीबीआई की टीम मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पहुंची हुई है।

चिकित्सकों का कर्तव्य मरीजों के प्रति करुणा भी हो



बिलासपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल प्रदेश में एम्स बिलासपुर के पहले दीक्षांत समारोह में कहा कि चिकित्सा पेशा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि करुणा, संवेदनशीलता और समाज की निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। राष्ट्रपति ने शक्तिपीठ की देवी माता श्री नैना देवी को नमन किया। उन्होंने बिलासपुर की पवित्र धरती और इसके ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। इस दौरान वे मनाली भी जाएंगी।

केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को 2 अहम फैसलों को मंजूरी दी

परिवहन और लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों को मिलेगी नई रफ्तार, शीर्ष संस्था स्थापित होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

परिवहन और एमएसएमई क्षेत्र के लिए सरकार ने किया बड़ा ऐलान

केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को दो महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। इन फैसलों में इंटेगरेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी (आईटीएलए) की स्थापना और 10,000 करोड़ के स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज ग्रोथ फंड (एसजीएफ) का गठन शामिल है। ये पहल देश के परिवहन और लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों को नई दिशा देंगी। आईटीएलए का लक्ष्य परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को मजबूत करना है। यह परिवहन परियोजनाओं की योजना, मूल्यांकन और निगरानी में तालमेल बिठाएगा। आईटीएलए नीति अनुसंधान, परियोजना योजना व मूल्यांकन, निगरानी व समीक्षा, और डेटा विश्लेषण को एक साथ लाएगा।

सूचना व प्रसारण मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी



अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को मजबूती मिलेगी

यह नया प्राधिकरण परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में तालमेल लाने के लिए स्थापित किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्य अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को मजबूत करना है। यह भारत सरकार की 500 करोड़ रुपए या अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन करेगा। इसका उद्देश्य एकीकृत बहु-मॉडल योजना सुनिश्चित करना है। यह राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, 2022 की समीक्षा और अद्यतन करने में भी सलाह और सहायता देगा।

10,000 करोड़ के एसएमई कोष को मंजूरी



सरकार ने लघु एवं मझोले उद्यमों में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के इरादे से 10,000 करोड़ का एसएमई वृद्धि कोष स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसका मकसद भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने में मदद करना है। एसएमई वृद्धि कोष भारत के लघु और मझोले उद्यमों के लिए वृद्धि आधारित पूंजी को बढ़ावा देगा। यह विनिर्माण, सेवाओं, प्रौद्योगिकी, नवाचार आधारित क्षेत्रों और रणनीतिक मूल्य शृंखलाओं में अग्रणी बनेगी।

प्रधानमंत्री ने बताया उद्यमियों के लिए अहम कदम

एमएसएमई को नई उड़ान देने वाला फैसला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के हालिया फैसलों को देश की अर्थव्यवस्था और विकास की गति को नई दिशा देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल का एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा फैसला देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विस्तार देने और अगली पीढ़ी के भारतीय कारोबारी नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े पैमाने पर कारोबार बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और वैश्विक बाजारों में प्रवेश करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराएगी।

सुप्रीम कोर्ट का एनएचएआई से सवाल

वाहनों की तुरंत निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम क्यों नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर खड़े या पार्क किए गए वाहनों से होने वाले सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को कोर्ट ने सवाल किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास ऐसा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी तंत्र क्यों नहीं हो सकता, जिससे हाईवे पर खड़े किसी वाहन की तुरंत पहचान और निगरानी की जा सके। यह टिप्पणी राजस्थान के फलोदी में नवंबर 2025 में हुए सड़क हादसे से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान आई। इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।



■ कोर्ट ने निगरानी को बताया जरूरी

सुप्रीम कोर्ट को मिले 3 नए जज



सीजेआई ने दिलाई शपथ तीनों ने संभाली जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को 3 नए न्यायाधीश मिले। सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस बार समारोह का समय अलग रहा। तीनों न्यायाधीश इससे पहले अलग-अलग हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर 2026 को हुई बैठक में तीनों के नामों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी।

शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद

आरोपी लोगों पर चुनाव से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए

शिवसेना के चुनाव चिन्ह विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से सवाल किया कि क्या दलबदल के आरोपी लोगों पर भी पार्टी के चुनाव चिन्ह से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही थी।इनमें निर्वाचन आयोग के उस फैसले को चुनौती भी शामिल है।

जंतर-मंतर 2.0 से पहले पुलिस ने दिखाई सख्ती

प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट — कॉकरोचों से मांगा हिसाब जाने का पैसा किसने दिया?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से दिल्ली में जंतर-मंतर 2.0 प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट मोड में है। महाराष्ट्र पुलिस की ओर से कॉकरोचों को प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर नोटिस दिए जाने का दावा किया गया है।

■ महाराष्ट्र पुलिस ने सीजेपी पर उठाए सवाल

सीजेपी कार्यकर्ता अजिंक्य शिंदे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि पुलिस नोटिस भेजकर कार्यकर्ताओं से पूछ रही है कि दिल्ली जाने का खर्च कौन उठा रहा है और वहां जाने का उनका मकसद क्या है? शिंदे के अनुसार पुलिस की ओर से कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में उनकी भागीदारी को लेकर भी सवाल किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों के जरिए दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

सीजेपे के प्रमुख ने पुलिस पर लगाए आरोप, नोटिस दे रही

सीजेपी कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोक रही पुलिस: दीपके



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस नोटिस दिए जा रहे हैं और उन्हें 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले सीजेपी के प्रस्तावित आंदोलन में शामिल न होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' अब सिर्फ एक नारा रह गया है और असली मकसद 'एक देश, एक राजनीतिक पार्टी' बनाने का है। दीपके ने छत्रपति संभाजीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीजेपी ने 10 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन के जरिए पार्टी सीईसी के इस्तीफे की मांग करेगी।

आदिवासी समुदायों के अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

ओराम ने किया 2 दिनी सम्मेलन का उद्घाटन, 75 प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने 2 दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश के करीब 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना तथा उनके लिए उपलब्ध संरक्षण एवं सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाना है।



संवैधानिक सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

सम्मेलन के दौरान जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों और कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में क्षेत्रीय स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के व्यावहारिक उपायों पर भी अनुभव साझा किए जाएंगे। जनजातीय समुदायों के लिए संरक्षण और सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में सम्मेलन उपयोगी साबित हो सकता है।

क्षेत्रीय स्तर की चुनौतियों को समझने पर जोर

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ओराम ने कहा कि जनजातीय समुदायों से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के अनुभवों से केंद्र सरकार को व्यावहारिक समाधान तैयार करने तथा जरूरत के अनुरूप दिशा-निर्देश बनाने में मदद मिलेगी। सम्मेलन में प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रीय अनुभव, सफल प्रयोग और बेहतर कार्यप्रणालियां साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक राज्य में अपनाई गई प्रभावी व्यवस्था से दूसरे राज्यों को भी सीखने और अपने यहां उसे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करने का अवसर मिल सकता है।

राज्यों के बीच अनुभव साझा करने का मंच

सम्मेलन को केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय , अनुभव साझा करने के अहम मंच के रूप में देखा जा रहा है। विभिन्न प्रतिनिधियों की भागीदारी से संबंधित योजनाओं और प्रावधानों के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति पर चर्चा का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का व्यापक उद्देश्य संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।



5 राज्यों में उपचुनाव खत्म

तमिलनाडु और नंदीग्राम में सबसे ज्यादा वोटिंग, बाकी राज्य पीछे नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम की एक लोकसभा और 3 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। असम की नगांव लोकसभा सीट के साथ ही मंगलवार को पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम, तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम, पुदुचेरी की थट्टांचावडी विधानसभा सीटों को लेकर हो रहा मतदान खत्म हो चुका है।

■ पांच विधानसभा सीटों पर हुआ मतदान

असम की नगांव लोकसभा सीट 76.16 फीसदी, पुदुचेरी की थट्टनचावडी विधानसभा सीट पर 80.81, तमिलनाडु की मदुरांतकम विधानसभा सीट 85.98,पश्चिम बंगाल रेजीनगर विधानसभा सीट पर 9.90 और नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 80.69 फीसदी मदतान हुआ।

बंगाल में सीएम सुवेंदु ने किया जीत का दावा



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव को लेकर भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि दोनों सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी और नंदीग्राम में पार्टी बड़े अंतर से विजयी होगी। रेजीनगर में भी भाजपा के पास जीत के लिए जरूरी वोट हैं।

सुरक्षित नहीं होर्मुज स्ट्रेट

ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज पर हमला, 11 भारतीय नाविक घायल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे कमर्शियल जहाज पर हमले की जानकारी दी है। एमईए ने बयान जारी कर बताया कि ओमान तट के पास होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे पनामा के झंडे वाले जहाज 'एमटी ऑन पीस' (आईएमओ 9893204) पर मंगलवार को हमला किया गया।

जहाज पर सवार 19 सदस्यीय चालक दल में 17 भारतीय नागरिक थे, जिनमें से कुल 12 घायल हो गए। इनमें से 11 भारतीय नाविक थे। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।

जहाज पर सवार 19 सदस्यीय चालक दल में 17 भारतीय नागरिक

भारत ने ओमान अधिकारियों का जताया आभार

बुनियादी ढांचों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत

हमलों को तत्काल रोकने की अपील


एआई इमेज

विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में जहाजों पर हमलों की लगातार हो रही घटनाएं भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के हित में ऐसे हमलों को तत्काल रोकने की अपनी अपील दोहराई। बयान में कहा गया कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने का सिलसिला समाप्त होना चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के जरिए नौवहन और व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना जरूरी है।

भारत ने हमले की कड़ी निंदा की

भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओमान के अधिकारियों की सहायता से सभी घायल चालक दल के सदस्यों को जहाज से निकालकर सुरक्षित रूप से ओमान के खासाब ले जाया गया, जहां उन्हें चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है। भारत ने इस दौरान मदद के लिए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया है।

जहाजों की आवाजाही प्रभावित न हो

भारत ने कहा कि होर्मुज वैश्विक समुद्री व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में सुरक्षित नौवहन और निर्बाध वाणिज्यिक गतिविधियां सुनिश्चित किया जाना क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए जरूरी है।

ब्लैक सी कमर्शियल जहाज पर हमला

बाल-बाल बचे 3 भारतीय क्रू सदस्य, 2 विदेशियों की मौत

बुखारेस्ट। भारत ने काला सागर में वाणिज्यिक मालवाहक जहाज, एमवी रोयाड माम्मादोव पर हुए हमले की निंदा की है। इसमें दो विदेशी नाविकों की मौत हो गई। चालक दल के सदस्यों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। घायल नाविकों को रोमानिया के अधिकारियों ने सुरक्षित निकाल लिया है और उनका इलाज किया जा रहा है। जहाज पर चालक दल में शामिल तीनों भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। भारत ने इस घटना में तुरंत कार्रवाई के लिए रोमानिया के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। रोमानिया स्थित भारतीय दूतावास के मुताबिक जहाज एमवी रोयड मम्मादोव पर ब्लैक सी में हमला हुआ, जिसके


एआई इमेज

बाद कुछ क्रू मेंबर घायल हो गए और उन्हें मेडिकल इलाज के लिए रोमानिया ले जाया गया। दूतावास ने बाद में कन्फर्म किया कि तीनों भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। उनमें से एक घायल हो गया था और उसका इलाज चल रहा है।

खबर संक्षेप

कैप्टन स्मित के सम्मान में यूएस में प्रस्ताव पारित

वॉशिंगटन। अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित



मच्छार के सम्मान में प्रस्ताव पास किया है। इसे दोनों पार्टियों ने समर्थन दिया है। इसमें 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट में हुए हमले के दौरान कैप्टन मच्छार की बहादुरी की तारीफ की गई है। प्रस्ताव में इस घटना को आतंकी हमला बताया गया है। हमलावर ओमानी को-पायलट हमाम अल-हमामी को पकड़ने में मदद करने वाले यात्रियों की भी सराहना की।

नाइजीरिया की वायुसेना विमान क्रैश, 32 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओंडो में 32 लोगों को ले जा रहे एक सैन्य



विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद तीन दिन के शोक की घोषणा की। नाइजीरियाई वायु सेना का एटीआर-42 विमान सोमवार को इग्बोकोडा में एक नौसैनिक अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बेनिन सिटी से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स का विमान से संपर्क टूट गया था। विमान में 7 क्रू सदस्य भी थे।

भारत की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था और रक्षा क्षमताओं को मिलेगी मजबूती

युद्धपोतों के लिए खरीदे जाएंगे ब्रह्मोस कंट्रोल सिस्टम, 661 करोड़ की डील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए ब्रह्मोस अग्नि नियंत्रण प्रणाली और प्रक्षेपकों की खरीद के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 661.50 करोड़ रुपए का करार किया है। यह करार सोमवार को नई दिल्ली में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह खरीद भारतीय खरीद भारतीय स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत की जाएगी। करार पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

इस परियोजना में कम से कम 68 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल होगा। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत विभिन्न भारतीय उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस परियोजना से तीन वर्षों की अवधि में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही इससे भारत की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था और रक्षा क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। यह रक्षा समझौता सिर्फ नए उपकरणों की खरीद नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और नौसेना की भविष्य की युद्धक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मिसाइल निर्माण में 68 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का होगा इस्तेमाल | तीन वर्षों की अवधि में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

ब्रह्मोस की कई प्रणालियां तैयार कर रहा भारत


रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए

मंत्रालय ने कहा कि यह उन्नत सैन्य तकनीक में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जारी कोशिशों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विभिन्न अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर तैनात ब्रह्मोस प्रणाली भारतीय नौसेना की समुद्री हमले की कार्रवाई के लिए प्रमुख सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। यह हथियार प्रणाली लंबी दूरी से जमीन और समुद्र में स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। यह सुपरसोनिक गति से बेहद सटीक हमला कर सकती है।

तीन देशों को दी जा चुकी ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली

राजेश सिंह ने बताया था कि करीब 330 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली फिलीपींस को दी जा चुकी है। वियतनाम के लिए शुरुआती निर्यात करीब 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर और इंडोनेशिया के लिए करीब 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का होना चाहिए।

ब्रह्मोस स्वदेशी क्षमताओं का प्रतीक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इससे पहले ब्रह्मोस को केवल एक मिसाइल नहीं, बल्कि देश की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं का प्रतीक बता चुके हैं। ब्रह्मोस मिसाइल में पारंपरिक हथियार और उन्नत निर्देशित प्रणाली मौजूद है। यह सुपरसोनिक गति से लंबी दूरी तक लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम है। इसकी गति, सटीकता और मारक क्षमता का संयोजन इसे उन्नत हथियार प्रणालियों में महत्वपूर्ण स्थान देता है।



ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार करेगा

इससे पहले एक अक्तूबर को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा था कि ब्रह्मोस भारत की उभरती रक्षा निर्यात क्षमता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाएगा। उन्होंने यह भी बताया था कि दक्षिण पूर्व एशिया के तीन देशों को इस उन्नत रणनीतिक प्रणाली की बिक्री के लिए करार या समझौते हैं। इनमें इंडोनेशिया और वियतनाम भी शामिल हैं। राजेश कुमार सिंह ने हा था कि ब्रह्मोस का हवाई संस्करण भी मौजूद है और सुखोई लड़ाकू विमानों पर इसका इस्तेमाल सफल रहा है।

नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ 'सूर्या'

राजनाथ बोले- यह भारत की ताकत और जहाज निर्माण क्षमता का प्रतीक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के बेड़े में 'सूर्या' शामिल किया गया है। यह भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया फ्लीट सपोर्ट शिप-1 है। मंगलवार को इसका जलावतरण किया गया। सूर्या की मौजूदगी से नौसेना की पहुंच और क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सूर्या को नौसेना में शामिल किया। इसी अवसर पर हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में नए उन्नत स्लिपवे और 300 टन क्षमता वाले गोलियथ क्रेन का उद्घाटन किया गया। साथ ही एक और फ्लीट सपोर्ट शिप के निर्माण के लिए कील (शुरुआत) भी रखी गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ही स्थान पर एक ही अवसर के दौरान ये तीनों उपलब्धियां भारत की बढ़ती समुद्री ताकत और जहाज निर्माण क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि यह जलावतरण हमारी उपलब्धि का प्रतीक है, कील रखना हमारे संकल्प का प्रतीक है और नया स्लिपवे हमारी बढ़ती हुई क्षमता का प्रतीक है। आज हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में हम जहाज बनाने के साथ-साथ भारत की समुद्री शक्ति के भविष्य की नींव को और मजबूत कर रहे हैं।


लोकार्पण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हिंद महासागर में भारत पसंदीदा सुरक्षा साझेदार

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले देश और पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में बार-बार अपनी क्षमता साबित की है। मानवीय सहायता और आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी अभियान, निकासी अभियान या समुद्री सुरक्षा जैसी हर परिस्थिति में नौसेना ने अपनी तत्परता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को बड़ी समुद्री शक्ति बनाने की दिशा में आगे बढ़ना कोई नया अध्याय शुरू करना नहीं है। बल्कि यह उस गौरवशाली विरासत को फिर से मजबूत करने का प्रयास है, जिसे भारत ने सदियों पहले स्थापित किया था।

शुरू हुई शक्ति इंजन की उत्पादन लाइन

रक्षा मंत्री ओडिशा में एचएएल की कोरापुट डिवीजन में 2000वें इंजन सौंपे जाने के कार्यक्रम के भी साक्षी बने। उन्होंने शक्ति इंजन की दूसरी उत्पादन लाइन की शुरुआत करने की भी घोषणा की। उन्होंने इंजीनियरों, तकनीशियनों, वैज्ञानिकों तथा कुशल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि 2000 इंजनों का सौंपा जाना रक्षा बलों में एचएएल के योगदान को प्रदर्शित करता है।

अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के साथ साझेदारी पर जोर, द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने करेंगे कई बैठकें

तीन अफ्रीकी देशों की आधिकारिक यात्रा पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अपनी पांच दिवसीय (6 से 10 अक्टूबर तक) घाना, कोट डी आइवर और इथियोपिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसी क्रम में वह इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे, जहां उन्होंने कॉमनवेल्थ की महासचिव शर्ली अयोर्कर बोचवे से मुलाकात की। जयशंकर अदीस अबाबा में क्षेत्रीय भारतीय मिशनों के प्रमुखों के सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे।

जयशंकर ने पोस्ट कर शर्ली अयोर्कर बोचवे से मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि कॉमनवेल्थ महासचिव से मुलाकात करके उन्हें खुशी हुई।

व्यापार से विकास सहयोग तक मुद्दों पर चर्चा


शर्ली बोचवे और जयशंकर

विदेश मंत्रालय के अनुसार, घाना, कोट डी आइवर और इथियोपिया की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान जयशंकर तीनों देशों में अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वह इन देशों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में आपसी मित्रता और सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।

क्षेत्रीय साझा हितों पर होगी बातचीत

जयशंकर साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर साझा हितों से जुड़े विषयों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा। विदेश मंत्री की यह यात्रा अफ्रीकी देशों के साथ भारत की साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत की एकजुटता और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पुलिस ने ड्रग्स तस्करों पर कसी नकेल

4000 से ज्यादा ड्रग तस्कर गिरफ्तार 138 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स की समस्या के खिलाफ बड़े अभियान के बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की अग्रणी फोर्स बनकर उभरी है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने बताया कि गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के कड़े प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए, पुलिस ने ड्रग तस्करी में शामिल लोगों और सक्रिय या फरार आतंकवादियों के नाम पर दर्ज कई अचल संपत्तियों को जब्त किया है और उन्हें आतंकवाद के जरिए हासिल की गई संपत्ति घोषित किया है।

पुलिस ने 138 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की 288 संपत्तियां


डीजीपी नलिन प्रभात

जब्त की हैं। साथ ही 80 लाख से ज्यादा नकद भी जब्त किया गया है। ऐसी जब्ती के मामले में जम्मू-कश्मीर देश में पहले स्थान पर है। पिछले छह महीनों में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक 3,257 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 2,500 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा चुका है। 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है और 170 लोगों को दोषी ठहराया गया है।

नवरात्र में मां वैष्णो देवी में अभेद्य सुरक्षा


500 से ज्यादा एआई कैमरे और चप्पे-चप्पे पर जवान

कटड़ा। पवित्र शारदीय नवरात्र महोत्सव और मां वैष्णो देवी यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने की तैयारी पूरी कर ली है। आधार शिविर कटड़ा से लेकर भवन तक पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के साथ-साथ यातायात और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए कटड़ा और यात्रा मार्ग के प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर 500 से अधिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों, भीड़ की स्थिति और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। प्रवेश मार्गों और विभिन्न सुरक्षा चौकियों के अलावा यात्रा मार्ग पर स्थापित चौकियों पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

मॉस्को फॉर्मेट बैठक में भारत की दो टूक

अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का किया पुरजोर समर्थन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारत ने अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। साथ ही, अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है। भारत ने यह बात रूस की मेजबानी में मॉस्को में आयोजित अफगानिस्तान पर आठवें मॉस्को फॉर्मेट परामर्श में कही। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार और संयुक्त सचिव डॉ. एम. सुरेश कुमार ने किया। बैठक में रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के



प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने किया। बेलारूस और मिस्र ने अतिथि के रूप में भाग लिया। रूस के अनुसार, प्रतिभागियों ने काबुल के साथ समानता और पारस्परिक लाभ के आधार पर सहयोग बढ़ाने तथा अफगानिस्तान को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करने की दिशा में समर्थन देने की जरूरत दोहराई।

पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई

अधिक ऊंचाई वाले उन्नत पैराशूट का पहला जंप परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अधिक ऊंचाई वाले ड्रॉप जोन में से एक, पूर्वी लद्दाख स्थित न्योमा (मुध) ड्रॉप जोन में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट का पहला लाइव जंप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस परीक्षण के दौरान पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई, पैराशूट 15,500 फीट की ऊंचाई पर खुला और लगभग 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा मुध ड्रॉप जोन पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस छलांग ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट की प्रभावशीलता और सामरिक उपयोगिता सिद्ध की।


अधिक ऊंचाई से पैराशूट की सफल लैंडिंग

18000 फीट की ऊंचाई तक जाने में सक्षम

एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट विभिन्न तैनाती विकल्प प्रदान करता है। इसकी परिचालन ऊंचाई सीमा 18000 फीट तक विस्तृत है और इसकी उतरने की दर सबसे सुरक्षित है, जो विशेष रूप से भारतीय रक्षा बलों की अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों की सामरिक आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त है। इतनी अधिक ऊंचाई पर स्थिर लाइन पैराशूट से कूदना जटिल और स्वाभाविक रूप से जोखिम भरा होता है, क्योंकि खुलने पर बहुत तेज झटका लगता है और उतरने की दर भी बहुत अधिक होती है।

सैन्य अभियानों के लिए बेहद अहम

आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट द्वारा डिजाइन और विकसित एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट बड़ी संख्या में पैराट्रूपर्स ड्रॉप के लिए स्टैटिक लाइन पैराशूट सिस्टम है। इस तकनीक में पैराशूट विमान से जुड़ी एक स्थिर रस्सी - स्टैटिक लाइन - के माध्यम से स्वचालित रूप से तुरंत खुल जाता है। यह प्रणाली मुख्य रूप से सैन्य अभियानों और पैराट्रूपर्स द्वारा सामूहिक युद्धक छलांगों के लिए उपयोग की जाती है। इस प्रणाली का निर्माण कानपुर की ऑर्डनेंस पैराशूट फैक्ट्री ने किया है। रक्षा उत्पादन विभाग के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय द्वारा इसका निरीक्षण तथा सैन्य विमानन योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, क्षेत्रीय सैन्य उड़नयोग्यता केंद्र कानपुर द्वारा प्रमाणन किया गया है।

स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म प्लाइट का सफल परीक्षण

डीआरडीओ ने स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म प्लाइट का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण वायु



सेना, सैन्य विमानयोग्यता और प्रमाणन केंद्र', नागर विमानन महानिदेशालय, भारतीय एयरपोर्ट प्राधिकरण और अन्य नागरिक प्राधिकरणों के साथ मिलकर किया गया। मंत्रालय ने बताया कि समुद्र तल से 21 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद, प्लाइट ने 30 मिनट से अधिक तक 20 किलोमीटर की ऊंचाई बनाए रखी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण पर टीम को बधाई दी।



हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी, कहा- मैंने अपनी जिम्मेदारी निभा दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारुपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं।

37 वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।

हरमनप्रीत ने किया भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा

कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारुपों की कप्तानी से हट रही हूं।' उन्होंने कहा, यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत ने यह भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।



2016 में संभाली थी कप्तानी

हरमनप्रीत ने 2016 में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी और करीब एक दशक तक इस जिम्मेदारी को निभाया। 2022 में उन्हें वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई और 2023 में वह तीनों प्रारुपों की कप्तान बन गईं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

तीनों प्रारुपों में खेलना जारी रखेंगी

हरमनप्रीत हालांकि तीनों प्रारुपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, अब मेरे लिए नया अध्याय शुरू करने का समय है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मैंने अपना खून, पसीना, त्याग और सम्मान सब कुछ इस टीम को दिया है। मैं अब फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का अंत हुआ है, सफर जारी है।

5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में की कप्तानी

हरमनप्रीत को भारत की महानतम क्रिकेटरों में शुमार किया जाता है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार वनडे विश्व कप जीता था। हाल ही में टीम ने एशियाई खेलों के टी20 प्रारुप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक भी हासिल किया। इसके अलावा हरमनप्रीत की अगुआई में भारत ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने 5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की।

'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ'

शेफाली-चरणी नॉमिनेट अभिषेक-गिल शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत की शेफाली वर्मा और श्रीचरणी के साथ-साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू को सितंबर के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है।

वहीं, व्हाइट-बॉल क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के साथ जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सितंबर के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

शेफाली ने बनाए 184.61 के स्ट्राइक रेट से रन

शेफाली के लिए भारत की ओपनिंग बैटिंग लाइन-अप में यह महीना बहुत शानदार रहा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 72 की औसत और 184.61 के स्ट्राइक रेट से 360 रन बनाए। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 13 की औसत से छह विकेट लिए। वह विमेंस एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और पांच पारियों में 236 रन बनाए।



अभिषेक ने की जबरदस्त वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के दौरान अभिषेक ने 76.33 की औसत से 229 रन बनाए। उन्होंने दिल्ली में खेले गए पहले मैच में 32 गेंदों पर 82 रन बनाकर जबरदस्त वापसी की। अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 157 रन का लक्ष्य 38 गेंदें बाकी रहते हुए हासिल कर लिया।

गिल के लिए सितंबर महीना रहा शानदार

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा, जिसमें उन्होंने वनडे फॉर्मेट में रिकॉर्डतोड़ पारियां खेलीं। गिल ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 110 रन की पारी खेली, जबकि गुवाहाटी में नाबाद 223 रन बनाए। दोनों मुकाबले भारत ने जीते और सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

पहले टी20 में भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

भारत ने 15वें ओवर में जीता मुकाबला अय्यर का ठोका पहला टी20 शतक

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान श्रेयस अय्यर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, जबकि पदार्पण कर रहे हरफनमौला नमन धीर ने 3 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने मंगलवार को 5 मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी।

धीर ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन (27 गेंद में नाबाद 37 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 गेंद में 137 रन की अटूट साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



टी20 में शतक बनाने वाले भारतीय कप्तान

खिलाड़ी	स्कोर	विपक्ष	साल
रोहित शर्मा	121*	अफगानिस्तान	2024
रोहित शर्मा	118	श्रीलंका	2017
रोहित शर्मा	111*	वेस्ट इंडीज	2018
श्रेयस अय्यर	102*	वेस्ट इंडीज	2026
सूर्यकुमार	100	द.अफ्रीका	2023

सबसे तेज शतक बनाने वाले कप्तान

गेंद	कप्तान	विपक्ष	साल
33	सिकंदर रजा	गाम्बिया	2024
35	रोहित शर्मा	श्रीलंका	2017
42	हैरी ब्रूक	श्रीलंका	2026
42	श्रेयस अय्यर	वेस्ट इंडीज	2026
46	फाफ डुप्लेसी	वेस्ट इंडीज	2015

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज	रन	गेंद	4	6
शाई होप का अक्षर बो धीर	52	37	6	2
कामिल पूरन बो अर्शदीप	12	11	2	0
हेटमायर रन आउट	05	2	1	0
रोवमन पोवेल बो अक्षर	00	3	0	0
रदरफोर्ड का धीर बो मयंक	56	34	6	3
रोस्टन चेज पगाबाधा कुलदीप	05	3	1	0
शेफर्ड का तिलक बो धीर	07	5	0	1
फोर्ड का इशान बो कुलदीप	02	4	0	0
स्पीगर का अक्षर बो धीर	09	7	0	1
अकीलका इशान बो अक्षर	15	9	1	1
शामर जोसेफ नाबाद	00	1	0	0

कुल योग: 19.1 ओवर में 171/10
गेंदबाजी: अर्शदीप सिंह 4-0-34-1, मयंक यादव 4-0-40-1, अक्षर पटेल 3.1-1-26-2, कुलदीप यादव 4-0-33-2, नमन धीर 4-0-31-3

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन का एवं बो हुसैन	11	9	1	0
अभिषेक का हेटमायर बो चेज	21	10	3	1
इशान किशन नाबाद	37	27	5	0
श्रेयस अय्यर नाबाद	102	43	10	6

कुल योग: 14.4 ओवर में 172/2
गेंदबाजी: मैथ्यू फोर्ड 2-0-39-0, अकील हुसैन 4-0-37-1, रोस्टन चेज 3.4-0-37-1, शामर जोसेफ 2-0-23-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-24-0, शामर स्प्रींगर 1-0-12-0

अय्यर ने छक्का लगाकर शतक किया पूरा

अय्यर ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और तेजी से रन बनाते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने रोस्टन चेज के खिलाफ छक्का लगाकर 42 गेंदों में शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन चुराकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 37 गेंद में 52 और शरफेन रदरफोर्ड ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। होप ने दूसरे ओवर में मयंक यादव की गेंदों पर चार चौके जड़ कर वेस्टइंडीज को तेज शुरुआत दिलाई।

खबर संक्षेप



भूटिया की इंदौर में फुटबॉल अकादमी शुरू

इंदौर। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और सितारा स्ट्राइकर बाइचुंग भूटिया ने इंदौर के चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही, यह संस्थान राज्य में भूटिया की फुटबॉल अकादमी शुरू करने वाला पहला केंद्र बन गया है। भूटिया ने कहा कि उनकी अकादमी का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल की स्थानीय पौध को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है। पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत में फुटबॉल अभी विकासशील स्थिति में है और खेल के सामने कई चुनौतियां हैं।

श्रेयस की रणनीति और तैयारी शानदार: लक्ष्मण

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रेयस में भारतीय टीम की सफल कप्तानी करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अय्यर की अच्छी तैयारी, रणनीति की समझ और विपक्षी टीम की ताकत को पहचानने की क्षमता उन्हें एक मजबूत कप्तान बनाती है। श्रेयस अय्यर ने जापान में भारत को पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक दिलाया। अय्यर के कप्तानी संभालने के तरीके से प्रभावित लक्ष्मण ने कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज में पहले से ही वे खूबियां नजर आ रही हैं, जो तेज गति वाले टी20 क्रिकेट में विपक्षी टीम से एक कदम आगे रहने के लिए जरूरी हैं।

नवंबर में पेश करेंगे प्रोजेक्ट

2036 ओलंपिक : भारत समेत सात देश मेजबानी के इच्छुक

एजेंसी ▶▶| लुसाने

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत 7 देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई है और उन्हें नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करने के लिये बुलाया गया है।

आईओसी ने कहा कि प्रोजेक्ट का आकलन कई तकनीकी पहलुओं पर किया जाएगा, जिनमें आयोजन स्थलों का मास्टर प्लान और खिलाड़ियों का अनुभव, फंडिंग को लेकर रणनीति, राजनीतिक और जनता का समर्थन, मेजबानी की क्षमता और मेजबान समुदायों को दीर्घकालिन फायदे पहुंचाने वाली विरासत रणनीति शामिल है। आईओसी ने इन 'प्रेजेंटेशन' के लिए कोई निश्चत समय सीमा नहीं बताई।



इच्छुक पक्ष लगातार कर रहे संवाद

आईओसी ने कहा,' इच्छुक पक्ष आईओसी से लगातार संवाद कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा रखने वाले देश हैं, जर्मनी, हंगरी, भारत, कतर, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये।' इसमें आगे कहा गया 'कई राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) 2036 के बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ शुरुआती बातचीत में शामिल है। इच्छुक पक्षों को नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपना प्रोजेक्ट पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।' आईओसी ने कहा कि 31 अक्टूबर के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए किसी और इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जाएगा। पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने वाले भारत ने अहमदाबाद को मेजबानी के लिए चुना है।

गांगुली बने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को इंडियन प्रीमियर लीग के 2027 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया, जो हेमांग बदानी की जगह लेंगे। गांगुली 2019 में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह चुके हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स में भी पिछले सत्र में मुख्य कोच थे। गांगुली ने कहा,'आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है।' उन्होंने कहा,'मैंने टीम के मालिकों, प्रबंधन, सहयोगी स्टार और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम किया है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अतीत में हमने अच्छी क्रिकेट खेली है।' दिल्ली टीम आईपीएल के पिछले सत्र में छठे स्थान पर रही थी। दिल्ली कैपिटल्स जीएमआर ग्रुप और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के संयुक्त मालिकाना हक वाली टीम है । दोनों ग्रुप बारी बारी से प्रबंधन की जिम्मेदारी लेते हैं और जीएमआर की बारी 2026 में खत्म हो गई। गांगुली अब बदानी की जगह लेंगे, जिनके कोच रहते पिछले दो सत्र में दिल्ली प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी।



टीपीएल सीजन-8

रोहन की टेनिस कोर्ट पर वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विश्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स की ओर से खेलेंगे, जबकि 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल चैंपियन रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुंबई में 12 अक्टूबर को होने वाली खिलाड़ी नीलामी से पहले आगामी सत्र के लिए मंगलवार को प्रमुख खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गई। बोपन्ना ने कहा, हर साल यह लीग और मजबूत होती जा रही है। मुझे टीम के साथ खेलने का माहौल और इस प्रारूप से मिलने वाली ऊर्जा बेहद पसंद है। इस वर्ष मुकाबला काफी कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भारतीय युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

कोलकाता थंडर ब्लेड्स की ओर से खेलेंगे बुरुचागा

अर्जेंटीना के विश्व नंबर 60 खिलाड़ी रोमन बुरुचागा कोलकाता थंडर ब्लेड्स की ओर से खेलेंगे और वह लीग के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी होंगे। राजस्थान रेंजर्स की ओर से खेलने वाले हिजिकाता पहले ही ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अनुभव हासिल कर चुके हैं। वह 2025 विंबलडन पुरुष युगल के फाइनल में भी पहुंचे थे और युगल वर्ग में उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 23 रही है। 'द मैजिशियन' के नाम से मशहूर फ्रांस के टेरेंस अत्माने मुंबई रॉयल्स की अगुवाई करेंगे।

मेस्सी के आखिरी मैच का अनोखा नाम

वह रात, जिसे कोई खत्म नहीं करना चाहता

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के लिए आखिरी बार मैदान पर उतरने वाले लियोनेल मेस्सी की विदाई बेहद भावुक होगी। ब्यूनस आयर्स में बेनिन के खिलाफ होने वाले इस मैत्री मुकाबले को 'द नाइट दैट नो वन वॉन्ट्स टू एंड' यानी 'वह रात जिसे कोई खत्म नहीं करना चाहता' नाम दिया गया है।

दुनिया के सबसे महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल 39 वर्षीय मेस्सी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास का ऐलान करते हुए कहा था कि अब समय आ गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने उन्हें एक आखिरी मैच खेलने के लिए मनाया, ताकि उन्हें वह विदाई दी जा सके, जिसके वे हकदार हैं। एस्टाडियो मोनुमेंटल में हजारों प्रशंसकों के मेस्सी के सम्मान में जुटने की उम्मीद है।



भावनाओं से भरा खास पल

एएफए ने कहा है कि यह मुकाबला सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भावनाओं से भरा एक खास पल होगा। मेस्सी ने सोशल मीडिया पर अर्जेंटीना की टीम से जुड़ने और अपने आखिरी अभ्यास सत्र की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, ये ऐसे खास पल हैं, जिनकी मुझे कमी महसूस होगी। मेस्सी लगातार दूसरी बार विश्व कप जीतने से चूक गए, जब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को जुलाई में न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल में स्पेन से 0-1 की हार मिली। उन्होंने हालांकि चार साल पहले कतर में अपने देश को विश्व कप जिताकर अपना सबसे बड़ा सपना पूरा किया था। इसके साथ ही उन्होंने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना की उपलब्धि की बराबरी की थी।

मेस्सी ने विश्व कप में किए 21 गोल

मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 207 मैच खेले हैं और वह 125 गोल के साथ टीम के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। विश्व कप में उनके नाम 21 गोल हैं। वह और उनके लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो छह-छह विश्व कप खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। मेस्स ने 2016 में कुछ समय के लिए अर्जेंटीना की टीम से संन्यास लिया था, लेकिन इसके बाद राष्ट्रीय टीम के साथ उनका सबसे सफल दौर आया। उन्होंने 2021 और 2024 में कोपा अमेरिका तथा 2022 में विश्व कप का खिताब जीता। क्लब स्तर पर मेस्सी अभी इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने टीम के साथ कैम्पियोनेस कप जीता, जो क्लब के लिए उनका चौथा खिताब है।

लखनऊ ब्लेजर्स ने सवरचिना को रखा बरकरार

लखनऊ ब्लेजर्स ने चेक गणराज्य के दालिबोर सवरचिना को लगातार दूसरे सत्र के लिए अपने साथ बरकरार रखा है जबकि क्रोएशिया के दीनो प्रिज्मिक हैदराबाद स्ट्राइकर्स के प्रमुख खिलाड़ी होंगे। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक और 2023 रोलां गैरो बालक एकल चैंपियन प्रिज्मिक ने इस वर्ष विश्व नंबर 70 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। गत चैंपियन जीएस दिल्ली एसेस की ओर से ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन उतरेंगे।



जहां समाजसेवा होती है, वहां भाषण नहीं, काम बोलता है: डॉ. मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लांजी

डॉ. भागवत ने स्मृति भवन व माधव नेत्रालय का किया लोकार्पण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक स्वर्गीय बालासाहेब देवरस एवं ज्येष्ठ प्रचारक स्वर्गीय भाऊराव देवरस के पैतृक ग्राम कारंजा में स्मृति भवन एवं माधव नेत्रालय का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया। इस अवसर पर मानकर ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल शिरोडकर, मध्य क्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना, विदर्भ प्रांत संघचालक दीपक तामशेट्टीवार तथा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक उपस्थित रहे।

लोकार्पण अवसर पर डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जहां प्रत्यक्ष रूप से सेवा और समाजहित का कार्य हो रहा हो, वहां भाषण से अधिक कार्य का महत्व होता है। भाषण समय के साथ भुला दिए जाते हैं, लेकिन समाज के लिए किया गया कार्य चिरंतन रहता है। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजबंधु एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहे।



सेवा कार्यों में सामूहिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि सेवा में सबका साथ, श्रेय की नहीं कोई बात; प्रकल्प में सबका हाथ होना चाहिए। समाजसेवा किसी एक व्यक्ति के श्रेय का विषय नहीं, बल्कि सभी के सहयोग और सहभागिता से आगे बढ़ने वाला कार्य है। किसी भी सामाजिक प्रकल्प की सफलता में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उत्थान के लिए विभिन्न महापुरुषों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य किया। इन सभी प्रयासों का अंतिम उद्देश्य राष्ट्र का उत्थान ही रहा। उन्होंने आह्वान किया कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। राष्ट्रहित, मानव सेवा, त्याग, समर्पण और सामूहिक सहभागिता की भावना को जीवन में उतारना आज की आवश्यकता है। स्मृति भवन एवं माधव नेत्रालय का लोकार्पण सेवा, संस्कार, सामूहिक सहभागिता एवं समाजहित की भावना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

स्मृति भवन एवं महापुरुषों पर आधारित प्रदर्शनी प्रेरणा का माध्यम

भागवत ने कहा कि पूजनीय बालासाहेब देवरस एवं स्वर्गीय भाऊराव का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने का सबसे सार्थक माध्यम उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाना है। स्मृति भवन एवं महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी नई पीढ़ी को उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सरसंघचालक ने कहा कि किसी महापुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल उनके जीवन-चरित्र को पढ़ने या उनका स्मरण करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके जीवन से मिलने वाले संदेश को अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब समाज के सामने संकट आया, तब पुस्तक प्रकाशन के लिए एकत्रित धन को पीड़ितों की सहायता में लगाया गया। इससे यह संदेश मिलता है कि मानव सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

नगरीय प्रशासन विभाग के बाहर नारेबाजी

हाथों में झाड़ लेकर सड़क पर उतरे सफाई कर्मचारी 25 हजार रुपए वेतन और स्थाई नौकरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

- मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नाम सौंपा ज्ञापन

हाथों में झाड़ लेकर कर्मचारी शिवाजी नगर स्थित नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यालय के बाहर पहुंचे और नारेबाजी की। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में प्रदेशभर से यूनियन पदाधिकारी, नगर निगम के दरोगा, सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मुख्य मांग वेतन बढ़ाने और नौकरी स्थायी करने की है। उनका कहना है इतने कम वेतन में परिवार चलाना मुश्किल है। कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाकर 25 हजार प्रतिमाह करने और वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग की।



15-20 साल से काम फिर भी स्थाई नहीं

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगन झांझोट ने कहा कि कई सफाई कर्मचारी 15 से 20 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्थायी नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर भी कर्मचारियों को छुट्टी नहीं मिलती और न ही अतिरिक्त भुगतान या कोई विशेष सुविधा मिलती है। काम के दौरान किसी कर्मचारी की मौत होने पर उसके बेटे या बेटी को अनुकंपा पर नौकरी मिलने का प्रावधान भी नहीं होने की बात उन्होंने कही।

स्थानीय खेल समाचार

रागिनी श्रीवास्तव ने एशियाड स्विमिंग में पाया चौथा स्थान



भोपाल। एशियाड स्विमिंग चैंपियनशिप में रागिनी श्रीवास्तव को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। आजीवन सदस्य रागिनी को कायस्थम जनवरी-25 में आयोजित समारोह में सम्मानित कर चुका है।

हिमाचल प्रदेश और हरियाणा को हराया

कश्मीर में भोपाल की हॉकी का जलवा, दोनों टीमें फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के अनुभवी खिलाड़ियों ने शहर के हॉकी खेल की परंपरा को श्रीनगर में एक बार फिर जीवंत कर दिया। जब श्रीनगर के पोलो ग्राउंड पर खेली जा रही पहली मास्टर्स हॉकी प्रतियोगिता में भोपाल की एमटीएफसी टीमें 50+ व 40+ ऐज ग्रुप के फाइनल में पहुंच गईं। मंगलवार 50+ वर्ग के सेमीफाइनल में एमटीएफसी भोपाल ने हिमाचल प्रदेश को 5–1 हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। देर शाम दूधिया रौशनी मे खेले गए 40+ वर्ग के सेमीफाइनल में एमटीएफसी भोपाल ने रोमांचक मुकाबले मे हरियाणा को 4–1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

एशियन गेम्स-26 विजेता विवेक जय व योगेश से मिले मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्रीविश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में एशियन गेम्स-2026 की हॉकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी विवेक सागर, सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले जय मीणा तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले योगेश चौधरी से भेंट की। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि



अपनी प्रतिभा, लगन और अथक परिश्रम से इन खिलाड़ियों ने देश और मप्र का गौरव बढ़ाया है। मंत्री सारंग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों की यह उपलब्धि प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

दाऊ साहेब 'इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

कैंपियन भौंरी, डीपीएस नीलबड़ की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंपियन स्कूल (भौंरी) ने बैंक ऑफिसर्स स्कूल को 10 विकेट से हराया।

बैंक ऑफिसर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.2 ओवर में 54 रन बनाए। अंशु विश्वकर्मा ने 17 रन बनाए। कैंपियन के आदि ने छह और युवराज ने दो विकेट लिए। जवाब में कैंपियन स्कूल (अरेरा कॉलोनी) ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 55 रन बनाकर जीत दर्ज की। सहर्ष 21 और आबान 30 रन पर नाबाद रहे।

दूसरे मैच में डीपीएस नीलबड़ ने सेंट जोसेफ स्कूल अरेरा कॉलोनी को 77 रन से हराया। डीपीएस ने 25 ओवर में छह विकेट पर 171 रन बनाए। युग रघुवंशी ने 56 और रबजीत सिंह ने नाबाद 35 रन बनाए। सेंट जोसेफ की टीम 94 रन पर सिमट गई। डीपीएस के रबजीत और आशील मोहम्मद ने तीन-तीन विकेट लिए।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930